फ्रेंडशिप-डे आज : दोस्ती एक इंद्रधनुष है, जो जीवन के हर पल को सजाती है। दोस्त अपनी मुस्कान से जिंदगी में खुशी के रंग भरते हैं।



# दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

नई दिल्ली, रविवार, 3 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- नवमी | 2082 | कुल पेज 18, मूल्य ₹ 6.00, वर्ष 19, अंक 19 | 12 राज्य | 61 संस्करण



भास्कर का यह विशेष मास्टहेड कोलकाता के 12 साल के **श्लोक मुखर्जी** ने बनाया है। 2022 में उनके बनाए डूडल को गूगल ने अपने होम पेज पर लगाया और उन्हें पुरस्कृत किया था। फ्रेंडशिप-डे के इस मास्टहेड में श्लोक का यही संदेश है कि दोस्ती जीवन में खुशियों के रंग भरती है और जीवनभर साथ निभाती है...

### दोस्ती पर विशेष

दोस्ती पर जय-वीरू जैसे किरदार रचने वाले दिग्गज पटकथा लेखक **सलीम-जावेद** को वर्षों बाद भास्कर में एक साथ पढ़िए...

पढ़ें अगले फ्रंट पेज पर

### SUNDAY प्रीमियम

**रसरंग**

- कवर स्टोरी : भारत-चीन: साझेदारी या शह और मात? (पेज 10 पर)

**मेरा पैसा**

-जानिए... प्रॉपर्टी बेचने पर कैसे बचाएं टैक्स... (पेज 11 पर)

**देशहित** काशी पहुंचे पीएम का देशवासियों से आह्वान

# संकल्प लें, घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे: मोदी

भास्कर न्यूज़ | वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों से आह्वान किया कि हम संकल्प लें कि मेक इन इंडिया प्रोडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया सामान आएगा, वो स्वदेशी ही होगा। ये जिम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे पीएम मोदी ने कहा, आज जब हम आर्थिक प्रगति की बात करते हैं, तो मैं आपका ध्यान मौजूदा वैश्विक हालात पर भी ले जाना चाहता हूं। दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इसलिए भारत को अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है।



अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात किए जाने वाले सामान पर 25% टैरिफ लगाए जाने के मद्देनजर पीएम ने कहा कि हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग, नौजवानों के रोजगार, उनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है। पर, देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व हैं। - शेष पेज 12 पर

## नीतिगत स्तर पर क्या करने की जरूरत

**भास्कर एक्सपर्ट**



**पंकज बंसल,**
प्रमुख एचआर टेक कंपनी पीपुल स्ट्रॉन्ग के संस्थापक

**▪ सरकार क्या करे**
अमेरिका का रवैया बदल रहा है। पड़ोसी देशों से संबंध तनावपूर्ण हैं। इससे निपटने के लिए सरकार को रुख कड़ा करना होगा, क्योंकि नरम रुख पर दुनिया के सामने बार-बार झुकना पड़ेगा।

**▪ कंपनियां क्या करें**
मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नए स्तर पर ले जाना होगा। सरकार को पूंजीगत सहायता देनी चाहिए और उद्यमों को मजदूरों को प्रशिक्षित करना चाहिए। भारत ने आधार, यूपीआई और कर्मयोगी भारत जैसे विश्वस्तरीय डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाए हैं। भले एआई जैसी बड़ी तकनीकों पर अमेरिका-चीन का दबदबा हो, पर भारतीय कंपनियों को इन प्लेटफॉर्म का लाभ उठाना चाहिए और नए उत्पाद व सेवाएं विकसित करनी चाहिए।

**▪ आम लोग क्या करें**
भारत में बने उत्पादों पर भरोसा बढ़ाना होगा। आज हर चीज के लिए स्वदेशी विकल्प न हों, लेकिन ग्राहक मांग करेंगे तो कंपनियां भी प्रेरित होंगी।

**▪ चीन से सबक लें**
असंगठित क्षेत्र को संगठित करना होगा। चीन ने छोटे सेगमेंट को संगठित कर मैन्युफैक्चरिंग में बादशाहत हासिल की। देश में 20 करोड़ लोग हैं जो संगठित सिस्टम में नहीं हैं। हम इन्हें सिस्टम में ला सकें, तो अर्थव्यवस्था में बदलाव ला सकते हैं।

### हमारी अर्थव्यवस्था अश्वमेघ का घोड़ा, इसे दुनिया की कोई नहीं रोक सकता: शिवराज

**पटना**|केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि आज हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, तीसरी बनने वाले हैं। हमारी इकोनॉमी अश्वमेघ का घोड़ा है, दुनिया की कोई ताकत इसे रोक नहीं सकती। शिवराज ने किसान संवाद कार्यक्रम में कहा, बहनें संकल्प लें कि वे भाइयों की कलाई पर केवल देश में बनी राखी ही बांधेंगी।

### अमेरिका में भारतीयों के लिए 8 नए काउंसलर सेंटर

न्यूयॉर्क| अमेरिका में पासपोर्ट, वीसा और अन्य काउंसलर सेवाएं अब और आसान हो गई हैं। भारत ने बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन होजे में नए काउंसलर सेंटर शुरू किए हैं। जल्द लॉस एंजेलिस में एक नया सेंटर शुरू होगा। अब अमेरिका में कुल 17 ऐसे सेंटर हो गए हैं।

**कर्नाटक सेक्स स्कैंडल** जेडीएस के पूर्व सांसद को कोर्ट ने सुनाई सख्त सजा

# दुष्कर्मी प्रज्ज्वल ताउम्र जेल में रहेगा

### अदालत में प्रज्ज्वल बोला- राजनीति में तेजी से आगे बढ़ा, ये सबसे बड़ी गलती

भास्कर न्यूज़ | बेंगलुरु

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को विशेष कोर्ट ने दुष्कर्म के चार में से पहले केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। कानून के मुताबिक, प्रज्ज्वल की बाकी जिंदगी अब जेल में कटेगी। सांसदों/विधायकों के लिए गठित विशेष कोर्ट ने उस पर 10 लाख रु. जुर्माना भी लगाया है। प्रज्ज्वल ने सजा में नरमी बरतने की अपील करते हुए कहा, मैंने जीवन में एकमात्र गलती यही की कि राजनीति में तेजी से बढ़ा। मुझ पर महिलाओं से दुष्कर्म का आरोप है, पर कोई महिला स्वेच्छा से शिकायत करने नहीं आई। लोकसभा चुनाव से 6 दिन पहले अभियोजन पक्ष ने उनसे शिकायत करवाई।

## तुर्की-जापान की स्टडी से भी साबित हुआ जुर्म

▪ एसआईटी के लिए सबसे बड़ी चुनौती ये साबित करना था कि प्रज्ज्वल ने ही पीड़िता का वीडियो बनाया था। क्लिप में पीड़िता दिख रही थी, लेकिन प्रज्ज्वल का चेहरा नहीं था। उसके सिर्फ हाथ और प्राइवेट पार्ट दिख रहा था। इसके लिए पुलिस ने तुर्की व जापान की स्टडी की मदद ली। दोनों में बताया गया है कि कैसे संदिग्ध की पुष्टि की जा सकती है।

▪ गिरफ्तारी पर प्रज्ज्वल सामान्य मेडिकल जांच के लिए राजी था, पर उसने शरीर की तस्वीर से इनकार कर दिया। तब एसआईटी ने कोर्ट से अनुमति ली। उन हिस्सों की तस्वीरें लीं, जो वीडियो में दिखाई दे रहे थे।



▪ प्रज्ज्वल के 10 निशान मैच हुए। वीडियो की आवाज भी मैच हो गई।

▪ पुलिस साबित करने में सफल रही कि वीडियो में दिख रही दीवारें और फर्श फार्महाउस और उसके घर के कमरे की थीं।

▪ पुलिस ने साबित किया कि जिस फोन से वीडियो रिकॉर्ड किया था, वह घटना के समय प्रज्ज्वल के पास था। बाद में ड्राइवर को दिया।

▪ पीड़िता की साड़ी पर मिला डीएनए, प्रज्ज्वल के डीएनए से मैच हुआ। **शेष पेज 12 पर**

**दगाबाज दोस्त** राष्ट्रपति का एक और झूठ

# रूसी तेल नहीं ले रहा भारत: ट्रम्प कोई प्रतिबंध नहीं, खरीद जारी: सूत्र

भास्कर न्यूज़ | वॉशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को लेकर एक और झूठ बोला है। उन्होंने शनिवार को कहा, मैं समझता हूं कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदने जा रहा। मुझे नहीं पता कि सही है या नहीं, लेकिन यह एक अच्छा कदम है। हम देखेंगे कि क्या होता है। दूसरी ओर, भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि रूस से तेल खरीदना जारी है। यह फैसला कीमत, तेल की गुणवत्ता और अन्य कारणों के आधार पर लिया गया है। भारत 85% तेल आयात करता है। ऐसे में रणनीतिक रूप से रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। **(संबंधित खबरें देश-विदेश पर)**

### रूस के तेल की सिर्फ प्राइस कैपिंग, कोई प्रतिबंध नहीं

सूत्रों ने बताया कि रूस कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। वह रोज 95 लाख बैरल तेल निकालता है। भारत रूस से इसलिए तेल खरीद रहा है, क्योंकि इस पर सीधा कोई प्रतिबंध नहीं है। उस पर सिर्फ जी7 और यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने प्राइस कैपिंग की है, ताकि रूस की आमदनी सीमित रहे, लेकिन वैश्विक आपूर्ति बनी रहे। ईयू खुद रूस से 51% लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) खरीद रहा है।

दिल्ली एम्स में चल रहा था इलाज

# पुरी में जलाई गई लड़की की 14 दिन बाद मौत

भास्कर न्यूज़ | भुवनेश्वर

पुरी जिले की एक 15 साल की लड़की की दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसे 19 जुलाई की सुबह तीन अज्ञात लोगों ने भार्गवी नदी के किनारे जला दिया था। लड़की 70% तक जल चुकी थी। पहले उसे भुवनेश्वर एम्स में भर्ती किया गया था, फिर 20 जुलाई को दिल्ली एम्स रेफर किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने शनिवार को इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'तमाम कोशिशों के बावजूद बालंगा इलाके की बेटी की जान नहीं बचाई जा सकी।' घटना की जांच जारी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों की पहचान के लिए जांच तेज कर दी है।

**दिल्ली** कई वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी

# 16 आईएएस समेत 23 अफसरों के तबादले

भास्कर न्यूज़|नई दिल्ली

दिल्ली सरकार में प्रशासनिक सुधार के नाम पर अधिकारियों का तबादला जारी है। रेखा गुप्ता सरकार के अलग-अलग विभागों में जिम्मेदारी संभाल रहे 16 आईएएस समेत कुल 23 वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारियों में फेरबदल किया है। कई वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, तो कई आईएएस अधिकारियों को एक विभाग से दूसरे विभाग में कार्यभार सौंपा गया है। एलजी वीके सक्सेना की सहमति से हुए तबादले में 7 दानिक्स अधिकारी भी शामिल हैं।

जिन आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है इनमें सीएम के सचिव से लेकर डीटीसी, पर्यटन विभाग, राजस्व विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग शामिल हैं। दिल्ली सरकार में प्रिंसिपल सेक्रेटरी विजिलेंस की जिम्मेदारी निभा रहे 1997 बैच के आईएएस संदीप कुमार को अब पर्यावरण और वन विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की प्रिंसिपल सेक्रेटरी और 2000 बैच की आईएएस डॉ. दिलराज कौर को अनुसूचित जाति व जनजाति कल्याण विभाग की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। सीएम रेखा गुप्ता के सचिव विकास आनंद को इनफॉर्मेशन और पब्लिसिटी डिपार्टमेंट की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऊर्जा विभाग के सचिव 2004 बैच के आईएएस शूरवीर सिंह को फाइनेंस विभाग का सचिव बनाया गया है। वे सामान्य प्रशासन विभाग का भी अतिरिक्त कार्यभार देखेंगे। डीटीसी में प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी संभाल रहे 2012 बैच के आईएएस प्रिंस धवन को आईटी डिपार्टमेंट के विशेष सचिव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। दिल्ली में करीब 6 महीने पहले बनी भाजपा सरकार के बाद तीसरी बार इतने बड़े स्तर पर अलग-अलग विभागों में तैनात अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव किया गया है।



इम्पैक्ट फीचर

दैनिक भास्कर
HARYANA KE GAURAV
AWARDS 2025
SEASON 2

# "ज्ञान, नवाचार और सेवा का अद्वितीय संगम: डॉ. नरेंद्र सिंह की प्रेरणादायक यात्रा"

**एक ऐसा व्यक्तित्व जिन्होंने शिक्षा, ऊर्जा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों को जोड़ा और समाज के लिए नवाचार को साधन बनाया।**



- नाम : डॉ. नरेंद्र सिंह
- शिक्षा : M.Tech (IIT Delhi), Ph.D (IIT Delhi), Post Graduate (U.K), FIE
- पद : चेयरमैन, वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज गिरावड, झज्जर

"डॉ. नरेंद्र सिंह की जीवन कहानी अकादमिक प्रतिभा, उद्यमशीलता की दृष्टि और सामाजिक प्रभाव के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का एक दुर्लभ मिश्रण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, डॉ. नरेंद्र सिंह ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के प्रति जुनून के साथ सहजता से एकीकृत किया है, जिससे दोनों क्षेत्रों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उनकी यात्रा केवल व्यावसायिक उपलब्धियों के बारे में नहीं है; यह इस बात की एक सम्मोहक कहानी है कि कैसे एक प्रतिभाशाली दिमाग का उपयोग समुदायों को ऊपर उठाने और जीवन को बदलने के लिए किया जा सकता है।

4 जून, 1961 को जन्मे, डॉ. नरेंद्र सिंह की बौद्धिक जिज्ञासा और ज्ञान की प्यास कम उम्र से ही स्पष्ट थी। आईआईटी में उनके समय ने उन्हें प्रौद्योगिकी और नवाचार में एक कठोर आधार प्रदान किया, जिससे उनकी विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ आकार पाईं। सौर ऊर्जा में उनके अभूतपूर्व काम ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय सहयोग और फेलोशिप के लिए प्रेरित किया, जिससे वे नवीनीकृत ऊर्जा समाधानों के विकास में अग्रणी बन गए।

हालांकि, डॉ. नरेंद्र सिंह की महत्वाकांक्षाएं प्रौद्योगिकी के दायरे से परे थीं। युवा दिमागों को पोषित करने और शिक्षा के परिदृश्य में योगदान करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश किया। उन्होंने कई संस्थानों की स्थापना और नेतृत्व किया, जिसमें कौटिल्य इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग और गुड़गांव में वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (डब्ल्यूसीटीएम) शामिल हैं। इन संस्थानों मे डॉ. नरेंद्र सिंह ने नवाचार, महत्वपूर्ण सोच और समग्र विकास की संस्कृति को बढ़ावा दिया जिससे छात्रों को अपने-अपने क्षेत्रों में भविष्य के नेता बनने के लिए तैयार किया जा सके। आज, वर्ल्ड कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च एंड हॉस्पिटल के अध्यक्ष के रूप में डॉ. नरेंद्र सिंह स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में, अस्पताल ने आसपास के क्षेत्र में दस गांवों को गोद लेकर एक महत्वपूर्ण सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है, जो इन समुदायों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। प्रमुख पहलों में आउट पेशैंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) में मुफ्त परामर्श और एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी नैदानिक सेवाओं के लिए काफी कम दरें शामिल हैं।



डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व को आईआईएम बैंगलोर और आईआईएम कोझीकोड जैसे संस्थानों के साथ उनकी भागीदारी के माध्यम से मान्यता मिली है। डॉ. नरेंद्र सिंह ने भारतीय पैरा एथलेटिक संघ के अध्यक्ष के रूप में देश में पैरा ओलंपिक एथलेटिक आंदोलन और खिलाड़ियों के प्रचार के लिए योगदान किया है। डॉ. नरेंद्र सिह का शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा दोनों के प्रति समर्पण सकारात्मक बदलात लाने की प्रतिबद्धता का उदाहरण हैं। उनका काम उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है जो दूसरों की सेवा के लिए अपने कौशल का उपयोग करना चाहते हैं"डॉ. नरेंद्र सिंह की यात्रा महत्वाकांक्षी शिक्षकों, शोधकर्ताओं और सामाजिक उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उत्कृष्टता के प्रति उनका अटूट समर्पण, मानवता की सेवा के लिए उनके दयालु दृष्टिकोण के साथ मिलकर, उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में एक सच्चा प्रतीक बनाता है। उनकी कहानी इस बात की याद दिलाती है कि सच्ची सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में है बल्कि दूसरों के जीवन 'पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव में भी है।















## कोविड में हरियाणा का रक्षा कवच बना वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज कई मरीजों की बचाई जान



कोरोना काल में राज्य स्वास्थ्य विभाग हरियाणा ने वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज झज्जर को कोविड मरीजों का रेफरल अस्पताल घोषित किया था । यहां झज्जर के अलावा 5 जिलों के कोविड मरीजों का इलाज यहां 750 बेड, पैरामेडिकल स्टाफ और अनुभवी डॉक्टरों की पूरी टीम को देखते हुए किया गया। कई मरीजों की जान यहां बचाने का काम हुआ । मौजूदा समय में जिला स्वास्थ्य विभाग ने वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज को अपना art सेंटर भी बनाया हुआ है। जिला स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की अगुवाई में यहां कुपोषण से जूझ रहे जिले भर के बच्चों का इलाज भी यह किया जा रहा है।




PROMOTING EXCELLENCE
WCMSRH



# वर्ल्ड कॉलेज ऑफ मेडिकल साईंस एण्ड रिसर्च एवं अस्पताल

एन.एच. 334-बी, गिरावड़, सांपला-झज्जर रोड, झज्जर | 8813988098, 494967514

दर्द आगे बढ़ने में मदद करता है। बढ़ना ही लक्ष्य है। इसलिए दर्द भी आनंद है।
-अर्नाल्ड श्वार्जनेगर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर
SUNDAY PREMIUM

नई दिल्ली, 3 अगस्त, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष- नवमी 2082

12 राज्य, 61 संस्करण


**भास्कर एक्सक्लूसिव** दोस्ती पर जय-वीरू जैसे किरदार रचने वाले दिग्गज पटकथा लेखक सलीम-जावेद को वर्षों बाद भास्कर में एक साथ पढ़िए...

## शब्दों से परे है दोस्ती, असल दोस्त वो है जिसके साथ आप घंटों खामोश बैठ सकें



जावेद अख्तर
लेखक और गीतकार

**दोस्ती** बड़ा कमाल का रिश्ता है। बाकी रिश्ते तो आपको दे दिए गए हैं, इनमें कोई पसंद-नापसंद नहीं है। दोस्ती में चॉइस है। आप उन्हें दोस्त बनाते हैं जिन्हें आप पसंद करें और वो आपको पसंद करें। अपनी मर्जी से। अंग्रेजी में एक कहावत है- ए फ्रेंड इन नीड इज ए फ्रेंड इनडीड, यानी जो बुरे वक्त में काम आए वही दोस्त है। ये हम हमेशा दूसरे के लिए सोचते हैं कि ये मेरा दोस्त है कि नहीं है, बुरे वक्त में काम आएगा या नहीं आएगा। ये नहीं सोचते कि क्या हम इसके बुरे वक्त में काम आएंगे?

दोस्ती से ज्यादा खूबसूरत कोई बात नहीं है। पुराने दोस्त होना, आदमी के अच्छे होने की निशानी है। दोस्त इंसान की नेकी की बहुत बड़ी परीक्षा है। शब्द तो कोई भी किसी से अच्छे बोल सकता है। लेकिन एक खामोशी होती है जो एक-दूसरे को बता रही होती है कि हम एक-दूसरे के लिए क्या महसूस करते हैं। इसे आप शब्दों में पिरो नहीं सकते। आपको उस पर यकीन होता है। उसके पास आप बैठते हैं, तो आपको भला लगता है। दोस्त असल में वो है जिसके साथ आप घंटों खामोश बैठ सकते हों। दोनों चुप बैठे हैं, बात नहीं कर रहे हैं लेकिन पास में ही बैठे हैं। ऐसी होती है दोस्ती।

मेरे लिए तो दोस्त इसलिए अहम हो गए कि मेरे पास परिवार नहीं था। 15-16 की उमर में मेरा अगर कोई सहारा था तो वो दोस्त थे। मेरे पास न रहने को जगह थी, न खर्च करने को पैसा था। ना पहनने को कपड़ा था, न खाने को रोटी थी। दोस्तों ने मुझे जीने का सहारा दिया, वो मैं कैसे भूल सकता हूं। मेरे ऊपर दोस्तों के बहुत करम, बहुत एहसान हैं। वो मैं मरते दम तक याद रखूंगा। आज जब मैं मुड़कर देखता हूं तो लगता है कि मेरे दोस्त कई तरह के थे। (शेष पेज 15 पर)

▪ जैसा उन्होंने अरविंद मण्डलोई को बताया

### एक दोस्त का एक दोस्त के लिए अद्भुत तोहफा

मुश्ताक सिंह का दिया कड़ा भोपाल से मुम्बई आते हुए मैंने हाथ में पहना था जो मेरे हाथ में मरते दम तक रहेगा। ये हमारी दोस्ती मोहब्बत की निशानी है। कई बरसों तक उनसे मुलाकात नहीं हुई। फिर लंदन में एक सज्जन मिले, जिन्होंने अपनी शायरी की किताब मुझे दी, जिसकी भूमिका मुश्ताक सिंह ने लिखी थी। मैं समझ गया कि ये मेरे मुश्ताक सिंह हैं। जब हम मिले तो उन्होंने अद्भुत तोहफा दिया। वो थी मेरी ऑटोग्राफ बुक, जिसमें मेरे द्वारा बचपन से 16-17 साल की उम्र के बीच लिए गए जवाहरलाल नेहरू, जोश मलीहाबादी, वहीदा रहमान जैसे नामचीन लोगों के ऑटोग्राफ थे। वो बुक मैं भोपाल में छोड़ आया था और भूल गया था। मुश्ताक सिंह ने 50 बरस तक मेरी अमानत को संभाल कर रखा। यह अद्भुत तोहफा था।

## सच्ची दोस्ती की पहचान तब होती है जब दोस्त का दर्द अपना दर्द महसूस होने लगे



सलीम खान
पटकथा लेखक, निर्माता

**मेरे ख्याल से** दोस्ती महज एक रिश्ता नहीं, बल्कि गहरा भावनात्मक बंधन है। सच्ची दोस्ती की पहचान तब होती है जब दोस्त का दर्द आपको अपना दर्द महसूस होने लगे। यह सिर्फ शब्दों का खेल नहीं है कि 'आपकी तकलीफ, मेरी तकलीफ', बल्कि यह ऐसी गहरी अनुभूति है, जहां दोस्त की परेशानी अंदर तक छू जाए। अगर आप दोस्त के दुख को महसूस नहीं कर पा रहे हैं, तो शायद वो दोस्ती उतनी गहरी नहीं है, जितनी होनी चाहिए।

मेरे एक दोस्त ने कड़ी मेहनत से पैसा जोड़ा और मकान बनाया। वो फिल्म डिस्ट्रिब्यूशन का भी काम करते थे। दोस्ती में बड़ा यकीन करते थे। इंडस्ट्री के ही चंद और लोगों पर उन्हें बड़ा यकीन था कि किसी मुसीबत में उनके साथ खड़े रहेंगे। हालांकि मुझे बहुत भरोसा कम था। फिर उन्हें काफी नुकसान हो गया। नौबत आई कि उन्हें घर तक गिरवी रखना पड़ा। उस जमाने में वह रकम 90 लाख रु. थी। एक तय तारीख तक अगर पैसा नहीं चुकाया जाता, तो आशियाना खोना पड़ता। उन्होंने अपने इंडस्ट्री के दोस्तों से मदद मांगी। उन्होंने 10-15 ऐसे दोस्तों के नाम गिनाए, जिनसे उन्हें उम्मीद थी। कुछ ने 10 तो कुछ ने 15 लाख रु. देने का वादा किया, लेकिन मैं व्यक्तिगत अनुभव से जानता था कि लोग पीछे हट जाते हैं। मैंने बिना किसी को बताए अपनी कमाई के एक हिस्से से पैसे जमा करने शुरू कर दिए। 90 लाख रु. जुटा लिए। मैंने अपने मैनेजर के जरिए 90 लाख रु. का चेक उन्हें भिजवाया। चेक देखकर वो हैरान रह गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि यह सब कैसे हुआ। मैं खुश हुआ कि उनका मकान बच गया। यही दोस्ती है! क्या दोस्त के दुख में आप शरीक हैं? या सिर्फ उसकी खुशी में शामिल हैं?

(शेष पेज 15 पर)

▪ जैसा उन्होंने अमित कर्ण को बताया

### मनोज कुमार और मैं... संघर्ष के दौर से दोस्त

**करियर** के शुरुआती दिनों में दोस्ती मनोज कुमार के साथ काफी गहरी थी। हम साथ ही आए थे, एक-आध दिन का फर्क था बॉम्बे में। यह 1959 का दौर था, जब हम दोनों ही रणजीत स्टूडियो में मुकाम बनाने की कोशिश कर रहे थे। स्टूडियो में एक ही बेंच पर रोज मिलना, खाना खाना और छोटे-मोटे खर्चों को उठाना रिश्ते की बुनियाद बना। यह दोस्ती मनोज कुमार के अंतिम समय तक कायम रही। एक बार मनोज कुमार ने फोन कर मुझे बताया था कि उन्हें कितना गर्व महसूस होता है जब कोई फाइनेंसर कहता है कि आप वो किसी को बिना लिखा-पढ़ी के पैसे दे सकते हैं, तो वो सिर्फ सलीम साहब हैं। यह हमारे रिश्ते में गहरे विश्वास और ईमानदारी का प्रतीक था।


क्विज - 91
दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
आज अखबार में सोने के कितने सिक्के छपे हैं?
A:6 B:4 C:2
क्विज 89 का सही जवाब A है। विजेताओं के नाम अंदर देखें।
जीतो सोना चांदी में भाग लें
रोजाना 100 विजेता जीतेंगे — 10 ग्राम चांदी का सिक्का
हर हफ्ते 10 विजेता जीतेंगे — 01 ग्राम सोने का सिक्का
जवाब देने के लिए QR कोड स्कैन करें।


**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** विधानसभा का कार्यकाल 113 दिन बाकी

## बिहार: चुनाव से तीन महीने पहले ही इतना गर्म माहौल... ऐसा पहली बार

पटना से मधुरेश/नई दिल्ली से मुकेश कौशिक/सुजीत ठाकुर

बिहार विधानसभा का कार्यकाल 112 दिन बाद यानी 22 नवंबर तक है। इससे पहले विधानसभा चुनाव संपन्न होने हैं। हालांकि निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के चलते राज्य के इतिहास में पहली बार सियासी माहौल तीन महीने पहले ही इतना गर्म हो चुका है। आमने-सामने की लड़ाई के चलते सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन एक-दूसरे पर हमलावर हैं। फिलहाल मतदाता सूची से 65.63 लाख नाम हटाए जाने के आरोपों ने सबसे बड़ा मुद्दा खड़ा कर दिया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद आरोप लगा चुके हैं कि यह गरीबों को वोट देने से रोकने और आगे चलकर उनका राशन से लेकर आरक्षण तक छीनने की साजिश है। विपक्षी गठबंधन निर्वाचन आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाकर सड़क से संसद और कोर्ट तक लड़ रहा है। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल कहते हैं कि विपक्ष ने अभी से हार मान ली है। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का कहना है कि विपक्ष बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या को वोटर बनाए रखना चाहता है। 'जंगलराज बनाम सुशासन' के दावों के बीच, दोनों तरफ से दौरे, रैलियां, बैठकों और जमीनी पकड़ मजबूत करने की कोशिशों ने अभी से रफ्तार पकड़ ली है। हालांकि समर्थकों और वोटर्स को चार्ज करने का सबसे बड़ा फैक्टर अब भी जाति ही है। इसलिए भाजपा और राजद जैसी प्रमुख पार्टियां जातीय सम्मेलन कर रही हैं। डेढ़-दो महीनों में ऐसे 30 से अधिक सम्मेलन हो चुके हैं। बिहार की जातीय गणना और केंद्र सरकार द्वारा घोषित जातीय जनगणना के बाद यह पहला चुनाव है।

-शेष पेज 12 पर

### तेजी ऐसी: दोनों तरफ से मुद्दे तय, दौरों ने भी जोर पकड़ा

**महागठबंधन: सामाजिक न्याय, जाति जनगणना और युवा नेतृत्व की पिच**

- राजद के नेतृत्व में कांग्रेस, लेफ्ट फ्रंट और वीआईपी बदहाल कानून-व्यवस्था, नीतीश की सेहत, आरक्षण, सामाजिक न्याय पर फोकस रखे है। जातीय जनगणना के फैसले का श्रेय लेने की तैयारी। आरक्षण बचाने की लड़ाई का दावा। आरक्षण की 50% सीमा हटाने की मांग को मुद्दा बनाएंगे।
- तेजस्वी डिप्टी सीएम रहते दी नौकरियों का प्रचार कर रहे हैं। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर प्रहार।
- धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द हटाने की पैरवी को संविधान पर प्रहार बताने की तैयारी।



**राहुल पांच बार आ चुके, तेजस्वी ने संभाला मैदान**

- तेजस्वी यादव की कैंपेनिंग सबसे आक्रामक रहेगी। राहुल गांधी दलित वोटर्स पर केंद्रित रहेंगे, वोटर लिस्ट छंटनी को मुद्दा बनाएंगे। दोनों की साझा रैलियां होंगी।
- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी के अलावा पार्टी के बड़े ओबीसी नेता प्रचार में उतरेंगे। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी प्रचार करेंगे।
- राहुल इस साल 5 कार्यक्रम कर चुके, अगस्त में यात्रा।

**एनडीए: ऑपरेशन सिंदूर, सुशासन, राष्ट्रवाद, धर्म, डबल इंजन का नारा**

- भाजपा, जदयू, लोजपा-आर, हम, रालोमो। सुशासन, राष्ट्रवाद, डबल इंजन सरकार, मोदी-नीतीश की छवि, लालू के भ्रष्टाचार, परिवारवाद, जंगलराज को मुद्दा बनाया जाएगा। केंद्र सरकार के विकास कार्यों को जमीन तक ले जाएंगे।
- भाजपा 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और पहलगाम के जिम्मेदार आतंकियों के खत्मे को बड़े मुद्दे के रूप में पेश करेगी।
- मालेगांव केस में प्रज्ञा ठाकुर सहित सभी की रिहाई के बाद भगवा आतंकवाद के मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और राजद को घेरेगी।

**अब तक पीएम के 5 दौरे; प्रवासियों पर भी फोकस**

- फरवरी से अभी तक पीएम नरेंद्र मोदी के 5 दौरे हुए हैं। इस महीने फिर आएंगे। गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और कृषि मंत्री शिवराज चौहान के भी दौरे।
- नीतीश कुमार के लगातार कार्यक्रम। चिराग ने यात्रा निकाली।
- पहली बार गली-मोहल्ला स्तर के लिए सोशल मीडिया कंटेंट। भाजपा नेता अन्य राज्यों में बिहारी कामगारों से मिलकर वीडियो बनाएंगे और उनके गांव भेजेंगे।

### पीढ़ी परिवर्तन, नए चेहरे आएंगे, पर अधिकतर परिवार से

- बिहार की राजनीति में पिछले 35-40 वर्षों से प्रभावशाली रहे लालू प्रसाद और नीतीश कुमार जैसे नेता संभवतः अंतिम बार सक्रिय तौर पर मैदान में होंगे। वहीं, कई नए चेहरों की लांचिंग की तैयारी है। हालांकि इनमें अधिकांशतः राजनीतिक परिवारों से ही हैं।
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की एंट्री की चर्चा है। दूसरी ओर, लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप, जिन्हें परिवार और पार्टी से अलग किया गया है, उनकी गतिविधियों पर भी निगाह रहेगी। वहीं, ऐन चुनाव के वक्त दल-बदल भी असर दिखाएगा।
- नए चेहरों में प्रशांत किशोर सबसे चर्चित नाम हैं। अब तक दूसरी पार्टियों के लिए काम करते रहे पीके पहली बार अपनी पार्टी 'जनसुराज' के साथ मैदान में हैं। शिवदीप लांडे ने आईपीएस की नौकरी छोड़कर पार्टी बनाई। पुष्पम प्रिया चौधरी फिर मैदान में होंगी।

राजनाथ बोले- सबूत है तो बम फोड़ें... पढ़ें: पेज 15

## जम्मू-कश्मीर: कुलगाम में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

भास्कर न्यूज़ | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। इससे पहले, शुक्रवार को सेना को कुलगाम के अखाल इलाके के जंगल में आतंकवादियों के होने की सूचना मिली थी। इस पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। तभी मुठभेड़ शुरू हो गई।

शुक्रवार शाम को दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी हुई, लेकिन रात के समय ऑपरेशन रोक दिया गया। इस दौरान घेराबंदी मजबूत करते हुए अतिरिक्त सुरक्षाबल मौके पर भेजे गए। शनिवार सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई। इसमें तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन से संबंध की पुष्टि की जा रही है। समाचार भेजे जाने तक ऑपरेशन जारी था।

**संडे बिग इन्फो** एआई की दस्तक से देश में 1 करोड़ से ज्यादा नौकरियों की सूरत बदलेगी... डेटा एंट्री नहीं, अब प्रॉम्प्ट इंजीनियर हॉट जॉब!

## एआई: कब खतरा, कब मौका?

भास्कर रिसर्च टीम | नई दिल्ली . भारत दुनिया के सबसे बड़े वर्कफोर्स ट्रांसफॉर्मेशन की ओर बढ़ रहा है। एआई के चलते 2030 तक करीब दो करोड़ नौकरियां जोखिम में होंगी। एक करोड़ जॉब्स का स्वरूप बदलेगा। टीसीएस जैसी कंपनियों में छंटनी बदलाव का संकेत हैं। समाधान सिर्फ स्किल है। अपस्किलिंग के बाद एआई खतरा नहीं, मौके बढ़ाएगा।

पीडब्ल्यूसी, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, नैस्कॉम, टीम लीज और सर्विस नॉऊ की रिपोर्ट्स का सार



### संकट: पुराने पैटर्न की जॉब खत्म हो रहीं, दशक में रफ्तार सबसे तेज हुई

जेनरेटिव एआई के चलते टेक कंपनियों में छंटनी तेज हो गई। यह दशक की सबसे तेज रफ्तार है।




- एआई ने आईटी इंडस्ट्री को बदल दिया है। जुलाई, 2025 तक 169 कंपनियां 80 हजार टेक कर्मियों को हटा चुकी थीं। 2024 में 1.5 लाख लोग हटाए गए थे।

**2025 से 2030 के दौरान**

### असर: डेटा एंट्री जैसे काम खत्म होंगे, एआई से जुड़े जॉब बढ़ेंगे




- 39% मौजूदा स्किल्स 2030 तक या तो अप्रासंगिक हो जाएंगी या ट्रांसफॉर्म होंगी।
- टेक्नोलॉजी के रोल बड़े स्तर पर बदल रहे हैं। नॉन टेक्निकल ग्रेजुएट्स को भी दिक्कत है।
- गिग वर्क बढ़ेगा। 2030 तक भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2.35 करोड़ तक होगी।

### कारण: तकनीक बदली तो कौशल पुराना पड़ा, 17% में ही जरूरी स्किल

एआई-ऑटोमेशन से स्किल मिसमैच बढ़ा। जरूरत के हिसाब से अपस्किलिंग की रफ्तार नहीं बढ़ रही।

**64%** आईटी कंपनियों ने जनरेटिव AI टूल्स सिस्टम में शामिल किए हैं

**38%** कर्मी ही इनके प्रयोग को लेकर आत्मविश्वास महसूस करते हैं

**17%** वर्कफोर्स में ही एआई के लिए जरूरी स्किल हैं

92% भारतीय कंपनियां एआई को अपनी प्राथमिकता के तौर पर लेकर चल रही हैं

### नई राह: डिग्री से ज्यादा स्किल के मायने, 30% कंपनी इसे ही देख रहीं

**30** लाख टेक्निकल नौकरी 5 साल में आएंगी, इनमें तकनीक के साथ कस्टमर एक्सपीरियंस वाले रोल शामिल हैं।

**30%** भारतीय कंपनियां डिग्री की जगह स्किल को आधार बना रहीं, इसलिए अपस्किलिंग ही उपाय है।

**फायदा:** एआई अपना रही इंडस्ट्री में प्रति कर्मी रेवेन्यू 3 गुना तेजी से बढ़ रहा है, वेतन भी 2 गुना तेजी से बढ़ रहा

**इतने जॉब्स का स्वरूप बदलेगा** (लाख में)

| मैन्युफैक्चरिंग | रिटेल | एजुकेशन |
|---|---|---|
| 80 | 76 | 25 |

- एआई से जॉब्स री-डिजाइन होंगी ▪ 5 साल में दुनिया में 17 करोड़ नौकरियां बनेंगी ▪ 9.2 करोड़ खत्म होंगी
- **यानी 7.8 करोड़ नौकरियों का शुद्ध इजाफा होगा।**

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** कुम्हारों की सबसे बड़ी बस्ती कुम्हारटोली से...

## कोलकाता: बारिश ने रोका काम, दुर्गा मूर्तियों के 70% ऑर्डर अधूरे, 2024 में अब तक 80% काम हो चुका था

बबीता माली | कोलकाता

शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से हैं। कोलकाता में इस बार 3100 से ज्यादा दुर्गा पंडाल सज रहे हैं, जो पिछले साल से करीब 5% अधिक हैं। लेकिन, इस बार मां दुर्गा की मूर्तियां बनाने में मानसून रोड़ा अटका रहा है। दरअसल, दो साल से कोलकाता में जुलाई-अगस्त सूखा बीत रहा था। इस बार मानसून सामान्य से 22% ज्यादा बरस चुका है। इस वजह से कुम्हार कारीगरों की देश की सबसे बड़ी कार्यशाला कुम्हारटोली में मां दुर्गा की मूर्तियां आकार नहीं ले पा रही हैं। कुम्हारटोली मृतशिल्पी संस्कृति समिति के सचिव बाबू पाल बताते हैं कि 6 एकड़ में फैली कार्यशाला में करीब 500 मूर्तिकारों और 3600 मजदूरों को 5500 से ज्यादा मूर्तियां तैयार करनी हैं, लेकिन बारिश के चलते एक हफ्ते से काम लगभग थमा हुआ है। 75% ऑर्डर नवरात्र शुरू होने के डेढ़ महीने पहले पूरे करने होते हैं, तभी आखिरी वक्त में मिलने वाले ऑर्डर आराम से पूरा कर पाते हैं। बड़े पंडालों की मूर्तियां एक से डेढ़ महीने पहले बन जाती हैं। पिछली बार इस वक्त 80% काम हो चुका था, लेकिन अभी 70% ऑर्डर अधूरे पड़े हैं। इसकी बड़ी वजह बारिश है, जो अभी भी जारी है।

**आग से सुखा रहे प्रतिमाओं के ढांचे**



- बंगाल की दुर्गापूजा से करीब 80 हजार करोड़ की अर्थव्यवस्था और एक करोड़ लोग जुड़े हुए हैं। अकेले कुम्हारटोली का सालाना टर्नओवर 80-100 करोड़ रुपए है।
- मौसम वैज्ञानिक डॉ. हबीबुर रहमान के मुताबिक बंगाल में सीजन में निम्न दाब के क्षेत्र 2-3 बनते थे, इस बार 6 बने। इस वजह से बहुत बारिश हुई।
- बाबू पाल के मुताबिक ढांचों पर अभी गंगा की मिट्टी का लेप चढ़ा है। उसे आग से सुखा रहे हैं। जब तक बारिश नहीं रुकती, तब तक काम मुश्किल है।

धूप नहीं निकल रही, इससे प्रतिमाएं सूख नहीं पा रहीं। पंखे और आग जलाकर प्रतिमाओं को सुखाने की कोशिश की जा रही है। फोटो: मृत्युंजय विश्वास

## केरल: टैलेंट बाहर न जाए इसलिए फ्रीडम हब खोले

टी.के. हरीश | तिरुवनंतपुरम

केरल में 20 से 34 साल के युवाओं की संख्या तेजी से घट रही है। 1991 में राज्य की कुल आबादी में इनकी संख्या 50% थी, पर सरकारी रिकॉर्ड में अब 35.3% बची है। इसकी बड़ी वजह है- युवा टैलेंट का विदेशों में बसना। इसी वजह से केरल युवाओं से खाली हो रहा है। इन्हें रोकने के लिए केरल सरकार ने सभी 13 जिलों में 'फ्रीडम स्क्वायर' नाम से टैलेंट हब बनाने शुरू कर दिए हैं। यहां उन होनहारों को रखा जाएगा, जो तकनीक के मामले में सीमाओं से परे सोचते हैं और खुलकर काम करना चाहते हैं। केरल स्टार्टअप मिशन की प्रवक्ता अशिथा वी.के. ने बताया कि टैलेंट बाहर जाने से रोकने के लिए देश में यह पहला प्रयोग है। इसमें पूरे कैंपस को बैरियर फ्री बनाया जा रहा है, यानी हमारा टैलेंट हर तरह से सोचने के लिए आजाद होगा। इसके लिए कोई आयु सीमा नहीं है। जो जिस भी उम्र में अपनी बुद्धि से देश को आगे ले जाने की सोच रखता हो, वो यहां काम कर सकेगा। इन्हें एपल के कॉर्पोरेट कल्चर में भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार किया जाएगा। साथ ही, हायर सैलरी भी होगी। पहला फ्रीडम स्क्वायर तिरुवनंतपुरम के पल्लीपुरम के पास 3 एकड़ में बन रहा है।

**ऐसे काम करेंगे देश के पहले टैलेंट हब...**

- जिलों से ऐसे लोगों का चयन होगा, जो एक अलग तकनीकी सोच रखते हैं। चयन के लिए मिशन मोड में काम शुरू।
- सरकारी स्कूल, कॉलेजों में इसके लिए कैंप चलेंगे और युवाओं को तकनीकी टास्क दिए जाएंगे।
- चयनित युवाओं का खर्च सरकार उठाएगी। हब में थिंकर लैब्स, मेकर स्पेस और प्रायोगिक प्लेटफार्म होंगे।


दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
चांदी का कूपन 85
कूपन काटकर फॉर्मेट में चिपकाएं

विधानसभा • मानसून सत्र कल से, स्कूलों की मनमानी पर नकेल की तैयारी

## निजी स्कूलों में फीस वृद्धि को नियंत्रित करने विधेयक लाएगी दिल्ली सरकार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से किए जाने वाली फीस बढ़ोतरी के खिलाफ विधेयक लाएगी। सरकार ने निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से किए जाने वाली फीस बढ़ोतरी के खिलाफ 29 अप्रैल को अध्यादेश जारी किया था। यह विधेयक पब्लिक स्कूल मालिकों के द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने पर कठोर दंड का प्रावधान करता है।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने शनिवार को कहा, दिल्ली सरकार 4 अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र में निजी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए शिक्षा विधेयक पेश करेगी। इसके तहत नियमों का पहली बार उल्लंघन करने पर स्कूलों पर 1 लाख से 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। बार-बार उल्लंघन करने पर 2 लाख से 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि स्कूल निर्धारित समय सीमा के भीतर रकम वापस नहीं करता है तो जुर्माना 20 दिनों के बाद दोगुना, 40 दिनों के बाद तिगुना और हर 20 दिन की देरी के साथ बढ़ता रहेगा। बार-बार उल्लंघन करने पर स्कूल प्रबंधन में आधिकारिक पदों पर रहने पर प्रतिबंध लग सकता है और भविष्य में शुल्क संशोधन का प्रस्ताव देने का अधिकार भी छिन सकता है।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने अन्य नीतिगत कदमों पर प्रकाश डालते हुए घोषणा की कि दिल्ली विधानसभा अब पेपरलेस ई-विधानसभा के तौर पर काम करेगी। उन्होंने कहा, हमने विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा के रूप में भी विकसित किया है, क्योंकि अब यह पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि सरकार के व्यापक डिजिटल एजेंडे के तहत दिल्ली सचिवालय को भी पेपरलेस बनाने के प्रयास चल रहे हैं।

### आप का दावा- पैरेंट्स की जेब ढीली होंगी

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने प्रेस वार्ता कर दावा किया कि भाजपा सरकार द्वारा लाए जा रहे स्कूल फीस कंट्रोल बिल में किए गए प्रावधान से पैरेंट्स की जेब ढीली होंगी और निजी स्कूलों व शिक्षा माफिया की दिवाली मनेगी। उन्होंने कहा कि नए कानून में स्कूलों के ऑडिट का प्रावधान खत्म कर दिया है और फीस वृद्धि की शिकायत के लिए कम से कम 15 फीसद पैरेंट्स का होना अनिवार्य कर दिया गया है। 10 सदस्यीय फीस निर्धारण कमेटी में 5 सदस्य स्कूल के होंगे और पैरेंट्स के 5 सदस्य भी स्कूल ही लॉटरी से चुनेगा, जो फीस बढ़ाने में उसकी मदद करेगा। ऐसे में अगर किसी स्कूल में 3 हजार बच्चे हैं तो 450 पैरेंट्स की जरूरत होगी। अब 450 पैरेंट्स के हस्ताक्षर होंगे तभी फीस वृद्धि की शिकायत हो सकेगी। इतने पैरेंट्स कौन ढूंढेगा?

### 4 माह हो गए, ऑडिट कब सार्वजनिक होगाः भारद्वाज

भारद्वाज ने कहा कि फरवरी में भाजपा की सरकार बनी और 1 अप्रैल को जब स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हुआ तो लगभग सभी स्कूलों ने फीस बढ़ा दी। कुछ स्कूलों ने तो 80-82 फीसद तक फीस बढ़ा दी। पूरी दिल्ली ने देखा कि डीपीएस द्वारका के बाहर पैरेंट्स ने कई दिनों तक धरना दिया और स्कूल के खिलाफ नारेबाजी की। इसी दौरान एक मंत्री द्वारा एक बड़ी विशेष बात कही गई थी कि अरविंद केजरीवाल की सरकार एक साल में सिर्फ 90 स्कूलों के ऑडिट कराती है, जो गलत है। भाजपा सरकार ने सभी प्राइवेट स्कूलों की ऑडिट कराई है। मंत्री ने कहा कि सरकार स्कूलों के ऑडिट को सार्वजनिक करेगी, पर इस बात को करीब 4 महीने हो गए। हम भाजपा सरकार से जानना चाहते हैं कि इस ऑडिट को कब सार्वजनिक किया जाएगा।

### डीयूः सभी कॉलेज सुबह 8 से रात 8 तक खुलेंगे

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) प्रशासन ने अपने सभी कॉलेजों/संस्थानों को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुले रखने का आदेश जारी किया है। यह आदेश सभी कार्य दिवसों पर लागू होगा और कक्षाओं और प्रयोगशाला सुविधाओं को भी इस समय तक खुला रखने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों को अधिक समय तक कक्षाओं और प्रयोगशालाओं का उपयोग करने की सुविधा देना है।

### शिक्षक ट्रांसफर मामलों को लेकर ऑडिट होगा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शिक्षा विभाग में शिक्षकों के ट्रांसफर मामले में लगातार हो रही धांधली के मद्देनजर पिछले 3 साल का ऑडिट कराने का निर्णय लिया गया है। दरअसल 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट में एमसीडी शिक्षकों के लिए ट्रांसफर करने के लिए एक ऑनलाइन पॉलिसी बनाई गई थी। इसके तहत ऑनलाइन पोर्टल पर ट्रांसफर के लिए आवेदन मांगे गए थे, लेकिन ट्रांसफर लिस्ट मैन्युअल बनाई गई।

सीएम ने सुल्तानपुरी डीडीए फ्लैट्स का दौरा किया

## 50 हजार फ्लैट्स से होगी गरीबों के पुनर्वास की शुरुआतः सीएम

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार सुबह सुल्तानपुरी स्थित डीडीए फ्लैट्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन फ्लैट्स के रखरखाव, मौजूदा स्थिति और पुनर्वास की संभावनाओं को जांचा। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार झुग्गीवासियों को गारिमामय जीवन और मकान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना के तहत पहले चरण में 50 हजार फ्लैट्स के जरिए गरीबों के पुनर्वास की शुरुआत होगी। दिल्ली सरकार 10 लाख मकानों की जरूरत के हिसाब से विस्तृत रणनीति पर काम कर रही है।

सीएम गुप्ता के साथ सांसद योगेंद्र चंदोलिया, कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित सभी संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सीएम ने बताया कि गरीब झुग्गी वालों के लिए वर्ष 2016 में इन फ्लैटों का निर्माण पूरा हो गया था। इन फ्लैटों पर करोड़ों रुपए खर्च हुए, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता और नीयत की कमी के कारण ये मकान आज तक उनके हकदारों को नहीं मिल पाए। यही हाल दिल्ली के बाहरी इलाकों में बने 50 हजार फ्लैट्स का है। उनकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उन्हें दोबारा उपयोग के लायक बनाने के लिए करोड़ों रुपए फिर से खर्च करने होंगे। दिल्ली सरकार इसे गरीबों के अधिकार का विषय मानते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है, ताकि हर झुग्गीवासी को सम्मानजनक, सुरक्षित और सुविधायुक्त आवास मिल सके। इन हजारों मकानों को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार ने करीब 732 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध करा दी है।

### जी+4 मंजिल के स्वरूप में बनाए गए 1060 मकान

सीएम ने कहा, जी+4 मंजिल के स्वरूप में कुल 1060 मकान बनाए गए हैं। योजना का कुल क्षेत्रफल 27,720 वर्गमीटर है, जबकि प्रत्येक आवास का कार्पेट एरिया 25 वर्गमीटर है। इन आवासों में 1 लिविंग रूम, 1 बेडरूम, 1 किचन, 1 बाथरूम, 1 शौचालय और 1 बालकनी है। परियोजना की स्वीकृत लागत 52.81 करोड़ रही, जबकि संशोधित लागत 67.84 करोड़ तक पहुंच गई। प्रति यूनिट लागत स्वीकृत राशि के अनुसार 4.98 लाख व संशोधित राशि के अनुसार 6.40 लाख है। इस परियोजना की टेंडर लागत 51.72 करोड़ तय की गई थी, जबकि कुल व्यय 63.83 करोड़ तक पहुंच गया।

### आईपीयूः नर्सिंग प्रोग्राम की काउंसलिंग कल

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

आईपी यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के बीएससी-ऑनर्स, नर्सिंग प्रोग्राम में दाखिले के लिए आयोजित की जा रही पहली काउंसलिंग के लिए 4 अगस्त तक विकल्प चयन कर सकते हैं। नीट यूजी 2025 उत्तीर्ण जिन उम्मीदवारों ने इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया है, वे सोमवार तक काउंसलिंग के प्रथम चरण के लिए विकल्प चयन कर सकते हैं। प्रथम चरण की काउंसलिंग का नतीजा 5 अगस्त को आएगा। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी से संबद्ध 8 संस्थानों में उपलब्ध है। कुल सीटें 340 हैं।

आईआईटी-दिल्लीः 56वां दीक्षांत समारोह

## 2764 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री, 530 शोधार्थियों को मिली पीएचडी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



आईआईटी-दिल्ली का 56वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। दीक्षांत समारोह में 2764 विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मिसाइल वुमेन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर वैज्ञानिक डॉ. टेसी थॉमस शामिल हुईं।

सबसे अधिक 530 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी गई। इनमें 209 महिलाएं हैं। समारोह में 20 देशों के 35 छात्रों को भी अंडर ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पीएचडी की डिग्री दी गई। साथ ही अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) में 1055, पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) में 1179 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी गई। वहीं, यूजी में 736 छात्राएं शामिल हैं। सभी छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों को मुख्य अतिथि डॉ. टेसी थॉमस ने डिग्री प्रदान की। इसके अलावा 7 पूर्व छात्रों को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान डॉ. थॉमस ने कहा, भारत के भविष्य के इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों के सामने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### रिश्तेदार को जेल में डालने की धमकी देकर 8 लाख ठगे

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

शालीमार बाग इलाके में रिश्तेदार को जेल में डालने की धमकी देकर ठगों ने बुजुर्ग से 8 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस के मुताबिक, 73 वर्षीय सीपी सचदेवा के पास एक अंजान नंबर से फोन आया था। फोन रिश्तेदार रवीश का था। उसने बताया कि उसे मेडिकल इमरजेंसी है। तभी एक और कॉल आया। कॉलर ने कहा कि अगर पैसे जमा नहीं करोगे तो रवीश को दुबई से बाहर या फिर जेल में बंद कर सकते हैं। कॉलर का विश्वास करके उन्होंने 8 लाख रुपए उनके कहे बैंक खातों में जमा करवा दिए।

## डीपीसीसी को यमुना नदी के पानी की गुणवत्ता में सुधार नजर आया

### अमोनियाकल नाइट्रोजन और पीएच स्तर में भी कई स्थानों पर गिरावट आई

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की जुलाई की रिपोर्ट में यमुना के पानी की गुणवत्ता में जून के मुकाबले सुधार दिखा है। डीपीसीसी के अनुसार, जुलाई 2025 में यमुना के 8 प्रमुख स्थानों पल्ला, वजीराबाद, आईएसबीटी ब्रिज, आईटीओ ब्रिज, निजामुद्दीन ब्रिज, ओखला बैराज और अन्य से लिए गए नमूनों में आईटीओ ब्रिज पर बीओडी जून में 70 एमजी/l था जो जुलाई में घटकर 20 एमजी /l हो गया। ओखला बैराज पर बीओडी 46एमजी/l से घटकर 8 एमजी/l हो गया। सीओडी स्तर में भी बड़ा सुधार दिखा, जो आईटीओ ब्रिज पर 186 एमजी/l से घटकर 54 एमजी /l और ओखला बैराज पर 100 एमजी/l से घटकर 30 एमजी/l हो गया।

डिजॉल्वड ऑक्सीजन (डीओ) स्तर, जो जून में कई जगहों पर लगभग शून्य था, पल्ला और वजीराबाद में काफी बेहतर हुआ, जिससे पानी में ऑक्सीजन की बढ़ोतरी के संकेत मिले। अमोनियाकल नाइट्रोजन और पीएच स्तर में भी कई स्थानों पर गिरावट आई, जो कम प्रदूषण को दर्शाता है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि बीओडी, सीओडी, डीओ जैसे पैरामीटर में सुधार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह शुरुआती संकेत हैं कि हमारे कदम असर दिखा रहे हैं। यमुना को पूरी तरह साफ करना हमारा लक्ष्य है।


HARYANA UROLOGICAL ASSOCIATION HUA

# हरियाणा यूरोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा जन जागरूकता अभियान

HARYANA UROLOGICAL ASSOCIATION HUA

## महत्वपूर्ण सूचना

## प्रोस्टेट की समस्या क्या है?

प्रोस्टेट एक ग्रंथि है जो पुरुषों में मूत्राशय के नीचे होती है। उम्र बढ़ने पर यह बड़ी हो सकती है, जिससे पेशाब में रुकावट, बार–बार पेशाब आना या रात में उठकर पेशाब जाना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

यूरोलॉजिस्ट और यूरो सर्जन एनएमसी (पूर्व में एमसीआई) से मान्यता प्राप्त सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं।

**इसके लिए एम.सी.एच. यूरोलॉजी या डी.एन.बी. यूरोलॉजी की डिग्री अनिवार्य है।**

### यूरोलॉजिस्ट किस अंग प्रणाली की बीमारी का इलाज/ऑपरेशन करते हैं



पुरुष, महिला और बच्चों में

1. गुर्दे
2. मूत्रवाहिनी (यूरेटर्स)
3. मूत्राशय (यूरिनरी ब्लैडर)
4. मूत्रमार्ग (यूरेथ्रा)
5. एड्रिनल ग्लैंड

पुरुष जननांग प्रणाली में

6. प्रोस्टेट
7. वृषण (टैस्टीज)
8. लिंग

### कब डॉक्टर से मिलें?

- पेशाब करने में परेशानी हो
- पेशाब में जलन या रक्त दिखे
- बार–बार पेशाब लगे (खासकर रात में)
- पेल्विक एरिया या कमर में लगातार दर्द हो

### बढ़े हुए प्रोस्टेट के रोगियों के लिए कुछ सुझाव

- मसालेदार भोजन का सेवन न करें
- अत्यधिक चाय व कॉफी का सेवन न करें
- शराब से बचें
- शरीर की आवश्यकता के अनुसार पानी का सेवन (न बहुत अधिक, न बहुत कम)
- नियमित शारीरिक गतिविधि जैसे व्यायाम और योग
- लंबे समय तक पेशाब रोककर न रखें
- उम्र बढ़ने पर यह बढ़ सकते हैं
- पानी का सेवन करें

प्रोस्टेट की समस्याओं को न करें नजरअंदाज सही समय पर परामर्श लें और स्वस्थ रहें

यूरोलॉजी समस्याओं के लिए सही स्थान, सही विशेषज्ञ चयन करें - स्वास्थ्य का सही रास्ता।




# हरिके पत्तन हैडवर्क्स के 3 गेट खुले, पाक छोड़ा गया पानी



तरनतारन । हरिके पत्तन हेडवर्क्स पर पानी का बहाव लगातार बढ़ रहा है। यहां 2 अगस्त को करीब 25 हजार क्यूसिक पानी आया। इस कारण तीन गेट आधे खोलकर पाकिस्तान की ओर 1800 क्यूसिक पानी छोड़ा गया। - फोटो सुनील कुमार

### ब्यास, सतलुज उफान पर, हरिके झील में पानी बढ़ा

# पौंग-भाखड़ा बांध में पानी का फ्लो बढ़ा हिमाचल से सटे पंजाब के जिलों में अलर्ट

**भास्कर न्यूज़** | पंजाब, हिमाचल के विभिन्न जिलों से

हिमाचल में हो रही भारी वर्षा से पंजाब से सटे बड़े बांधों पर दबाव बढ़ रहा है। बीबीएमबी ने पौंग-डैम से कभी भी पानी छोड़ने का अलर्ट पंजाब से सटे जिलों होशियारपुर व कांगड़ा को जारी किया है। प्रबंधन ने डीसी कांगड़ा, डीसी होशियारपुर, एसडीएम मुकेरियां, एसडीएम दसूहा को सतर्क रहने और लोगों को नदी किनारे नहीं जाने की एडवाइजरी दी है। उधर ब्यास दरिया और सतलुज में पानी बढ़ने से हरिके पत्तन हैड वर्क्स पर 2 अगस्त को झील में करीब 25 हजार क्यूसिक पानी पहुंचा है। वहीं पाकिस्तान की 1800 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। राजस्थान फीडर नहर में 13 हजार क्यूसिक और फिरोजपुर फीडर नहर में 9400 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। इसका असर से झील के वे हिस्से, जहां पहले पानी नहीं पहुंचा था, अब वहां भी जलभराव शुरू हो गया है। बूटी के पानी में बहने से झील में चारों ओर पानी ही पानी दिखने लगा है। टापू डूबने लगे हैं और झील का फैलाव बढ़ रहा है। अगर बरसात और तेज होती है, तो पानी को संभालने की पूरी तैयारी है।"

**हरिके झील में स्टोर किया जा रहा पानी...** फिलहाल हरिके हैडवर्क्स के दो से तीन गेट आधे खोले जा रहे हैं। एरिगेशन विभाग के रविंदर सिंह का कहना है कि जब पीछे से 80 हजार क्यूसिक पानी आता है, तब सभी 32 गेट खोलने पड़ते हैं। इस समय जो पानी आ रहा है, उसे हरिके झील में रोका जा रहा है और जरूरत के हिसाब से कुछ पानी छोड़ा भी जा रहा है।

**बांधों का जलस्तर**

| नाम | मौजूदा स्तर | अधिकतम | आमद | निकासी |
|---|---|---|---|---|
| भाखड़ा | 1625.98 | 1680 | 62771 | 22813 |
| पौंग | 1363.89 | 1390 | 1,27,275 | 15050.89 |
| | फीट में | | क्यूसिक में | |

## फाजिल्का में दो नहरें टूटीं, अबोहर में 4 मकान गिरे

शनिवार को 8 जिलों में तेज और दरम्यानी बारिश रिकॉर्ड की गई। फरीदकोट में सबसे 46 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं रोपड़ के नंगल में 26 एमएम, नवांशहर में 20 एमएम और कपूरथला में 3 एमएम बारिश हुई। पठानकोट, लुधियाना, जालंधर और संगरूर में बूंदाबांदी हुई, जबकि पटियाला में दिनभर बादल छाए रहे। उधर फाजिल्का में दो छोटी नहरों में 40-40 फीट तक दरार पड़ने से आसपास कई एकड़ खेतों में पानी भर गया। अबोहर में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद शनिवार को चार मकानों की छतें गिर गईं। इनमें से एक मकान की छत के नीचे आया दिव्यांग व्यक्ति जखमी हो गया। 15 अन्य मकानों में दरारें भी आ गई हैं। गुरदासपुर का बरसाती गद्दी नाला ओवरफ्लो हो गया। खेतों में गन्ना, धान व चारे की फसल जलमग्न हो गई। पंडोह डैम से छोड़े पानी के कारण कपूरथला के ढिलवां में कई एकड़ खेतों में पानी भर गया।

## आपदा में मरहम के बजाय केस दर्ज कर गए कांग्रेस के मंत्री : जयराम



**मंडी**|मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धर्मशाला के विधायक और पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा और किन्नौर के भाजपा नेता और वन निगम के पूर्व अध्यक्ष सूरत नेगी के साथ थुनाग में आयोजित एक कार्यक्रम में आपदा प्रभावितों को राहत राशि के रूप में लगभग पचास लाख रुपए के चेक बांटे। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने 21 लाख रुपए अपने जन्मदिन के मौके पर वहीं किन्नौर के लोगों और किन्नौर भाजपा द्वारा लगभग 25 लाख रुपए की राहत राशि उपलब्ध करवाई गई।

## घर से बुलाकर गोली मारने के मामले में साजिशकर्ता गिरफ्तार

**भास्कर न्यूज़** | फरीदाबाद

राजीव कालोनी में घर से बुलाकर युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सेक्टर-58 थाने में पीड़ित पवन ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उनके भतीजे संदीप की मोनू व तुषार के साथ कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में 27 जुलाई को मोनू अपने साथी ओमकार के साथ उनके घर के बाहर आया और भतीजे संदीप को आवाज देकर बुलाया। जब संदीप उनके पास गया तो मोनू ने संदीप को गोली मार दी। पवन के अनुसार जब उनका भतीजा पंकज आरोपियों को पकड़ने के लिए भाग तो उन्होंने पंकज पर भी फायर कर वहां से भाग गए। संदीप को पसली में एक गोली लगी थी। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद सीआईए सेक्टर 56 ने सिकरोना गांव निवासी आरोपी धर्मेंद्र उर्फ अजय हाल राजीव कॉलोनी निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

# वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में 36 गोल्ड मेडल का लक्ष्य



**भास्कर न्यूज़** | फरीदाबाद

सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में शनिवार से तीन दिवसीय खेल महाकुंभ शुरू हुआ। यह चार अगस्त तक चलेगा। इसका शुभारंभ हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बतौर किया। इस दौरान उन्होंने कहा वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में देश के लिए हरियाणा का 36 गोल्ड मेडल जीतने का लक्ष्य है। जिसे हरियाणा के युवा हासिल करके दिखाएंगे।

उन्होंने कहा हरियाणा की खेल नीति देश की सर्वश्रेष्ठ नीतियों में से एक है। उन्होंने कहा वर्ष 2014 के बाद देश सहित राज्य में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गोयल ने युवाओं से खेलों का सम्मान करने और नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी अन्य लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया यदि वे मन लगाकर मेहनत करें, तो सरकार उनकी हरसंभव सहायता करेगी और उन्हें हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा यह खेल महाकुंभ प्रदेश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। जिला खेल अधिकारी आशा रानी ने कहाकि इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ में फरीदाबाद जिले को ताइक्वांडो और शूटिंग प्रतिस्पर्धा की मेजबानी का अवसर मिला है। यहां हरियाणा के सभी 22 जिलों से लगभग 800 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# महिला ने युवक की छाती में चाकू मारकर की हत्या

### डेढ साल से लिव इन में साथ रह रही थी महिला

**भास्कर न्यूज़** | गुरुग्राम

गुरुग्राम के डीएलएफ फेस-3 थाना क्षेत्र में एक महिला ने लिव-इन पार्टनर युवक की छाती में चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस संबंध में जांच के बाद केस दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। मृतक मूल रूप से गुरुग्राम जिला के गांव बालियावास का रहने वाला था और वह पहले से शादी-शुदा था। उसकी दो बेटियां भी हैं और उसकी पत्नी बीमार रहती है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। महिला ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसे हरीश (लिव इन पार्टनर) का बार-बार घर आना पसंद नहीं थी। इसी बात को लेकर शनिवार सुबह भी झगड़ा हो गया था, तभी महिला ने युवक को चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

डीएलएफ फेस-3 थाना पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि एक युवक नाराराणा अस्पताल में लाया गया है, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक की मौत के कारणों का पता लगाया और घटनास्थल पर पहुंची। एसीपी समेत पुलिस की अन्य टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फिंगर प्रिंट व अन्य जांच टीमों ने जांच की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के भतीजे की शिकायत के आधार पर हत्या का केस दर्ज किया गया। वहीं पुलिस ने पूछताछ के बाद महिला लिव इन पार्टनर यसमीत कौर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपी महिला ने पुलिस पूछताछ में बताया कि हरीश (मृतक) शादीशुदा था और उसकी दो लड़कियां है। उसकी बीबी बीमार रहती थी, जिसके चलते मृतक हरीश का आरोपी महिला यसमीत कौर से संबंध थे। आरोपी महिला यसमीत कौर व मृतक हरीश लिव-इन-रिलेशन में डीएलएफ फेज-3 में किराए के मकान में रह रहे थे। यसमीत कौर को मृतक हरीश का उसके घर जाना पसंद नहीं था।

## चारा लेने गई महिला को डीएमई पर अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**नूंह** | पशुओं के लिए चारा लेने गई एक महिला को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। गंभीर घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला को टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने के लिए पुलिस एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। हादसा उजीना कट के पास हुआ। मूल रूप से असम की रहने वाली हसीना (32) गांव नौसेरा में अपनी बहन के पास आई हुई थी।

# गलती से पाकिस्तान पहुंचा फाजिल्का का किसान एक महीने की सजा और 50 हजार जुर्माना लगाया

### पाक में फ्री में केस लड़ रहे वकील ने 15 सेकंड का वीडियो भेजा

**संजीव झांब** | फाजिल्का

फाजिल्का सेक्टर के जलालाबाद से 6 किलोमीटर की दूरी पर बसे सरहदी गांव खैरेके उताड़ का किसान अमृतपाल 21 जून को गलती से पाकिस्तान पहुंच गया। पाकिस्तान की पुलिस ने बॉर्डर क्रॉसिंग का मामला दर्ज कर केस कोर्ट को सुपुर्द कर दिया। अब पाकिस्तान की कोर्ट ने युवा किसान अमृतपाल को एक महीने के कारावास और 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। यदि दोषी ने जुर्माना अदा नहीं किया तो उसकी सजा 15 दिन और बढ़ जाएगी। किसान अमृतपाल के पिता जगराज सिंह ने बताया कि



अमृतपाल

अमृतपाल का केस पाकिस्तान के वकील सुहेल अंसारी निशुल्क लड़ रहे हैं। उन्होंने बेटे को रिहा करवाकर वापस भारत भेजने का आश्वासन दिया है। वकील ने अमृतपाल से जेल में मुलाकात कर जानकारी हासिल की है। वकील ने अमृतपाल का 15 सेकंड का एक वीडियो परिवार को भेजा है। इसमें अमृतपाल कह रहा है कि वह भले ही इस समय पाकिस्तान की जेल में है बिलकुल ठीक है।

### चूहों की बेहोशी वाली दवा छिड़कने के बाद सिर चकराया

*21 जून को जब मैंने खेत में चूहों की बेहोशी वाली दवा खेत में बिखेरने के बाद चाय पी तो इसके बाद हालत खराब हो गई। सर चकराने लगा। पता नहीं चला मैं पाक कैसे पहुंच गया। पाकिस्तान रेंजर्स की एक मेन पोस्ट पर ले जाया गया जहां मुझे होशोहवास में न होने के कारण कंगनपुर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया। एक दिन वहां रखने के बाद मेडिकल हुआ। इसमें पुष्टि हुई वास्तव में चूहों वाली दवा का असर हुआ है। इस कारण गलती से पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गया।* - **जैसा अमृतपाल ने वकील को बताया**

## शराब खरीद मामले में चार निलंबित, विभागीय जांच होगी

**सोलन**| चंडीगढ़ में शराब की खरीद के मामले में पुलिस कर्मचारियों की विभागीय जांच होगी। मामले में शनिवार को सोलन के एसपी ने 4 कर्मचारियों को सस्पेंड किया है। जानकारी के मुताबिक कर्मियों ने सीएम के काफिले को चंडीगढ़ छोड़ने के बाद आते समय गाड़ी शोरूम के बाहर रोकी। इस गाड़ी में एक सब इंस्पेक्टर, तीन कांस्टेबल थे। यह कर्मचारी एक शोरूम से शराब की पेटी की खरीद के बाद सरकारी वाहन में रखते दिखे। इस पर सोलन के एसपी गौरव सिंह ने कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया, साथ विभागीय जांच बिठा दी। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।









सुविधा • ईएसआईसी के सेमिनार में क्षेत्रीय निदेशक ने दी जानकारी

# 10 नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज खुलेंगे, बच्चों का आरक्षण कोटा बढ़ेगा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

ईएसआईसी वर्ष 2025-26 में देश में 10 नए मेडिकल कालेज खोलेगा। इसके अलावा सरकार कामगारों के बच्चों के लिए आरक्षण कोटा भी बढ़ाने पर विचार कर रही है। सभी नए कॉलेजों में कम से कम 200 बेड के अस्पताल भी होंगे। इससे बीमाकृत व्यक्तियों और उनके आश्रितों को बेहतर इलाज की सुविधाएं मिल सकेंगी।

ये 10 नए मेडिकल कालेज खुलने के साथ ही ईएसआईसी के कुल 21 मेडिकल कालेज हो जाएंगे। अभी कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 11 मेडिकल कालेज चिकित्सा शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इनमें बीमाकृत व्यक्तियों के बच्चों के लिए 466 एमबीबीएस, 28 बीडीएस, 60 बीएससी (नर्सिंग) व 104 पैरामेडिकल की सीटें आरक्षित हैं। यह जानकारी ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक सुगन लाल मीना ने उद्यमियों के लिए आयोजित सेमिनार में दी। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ओर से चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

## ईएसआईसी 75 साल से श्रमिकों की सेवा कर रही



फरीदाबाद. ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक सुगन लाल मीना सेमिनार में उद्यमियों को जानकारी देते हुए।

क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली ऐसी संस्था है जो 75 साल से बीमाकृत श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। ईएसआईसी की ओर से बीमाकृत व्यक्तियों व उनके आश्रितों को चिकित्सा लाभ के तहत औषधालय व अस्पतालों के माध्यम से प्राथमिक, द्वितीय तथा सुपर स्पेशिएलिटी स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। हरियाणा में 94 औषधालयों, 6 अस्पतालों, एक मेडिकल कालेज और 64 पैनल अस्पतालों के माध्यम से बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। चिकित्सा लाभ न केवल बीमाकृत व्यक्ति बल्कि उसके आश्रितों को भी निशुल्क दिया जा रहा है। इसके अलावा विविध कैश हितलाभ हैं जिसमें बीमाकृत व्यक्ति को उनकी बीमारी के दौरान मज़दूरी की हुई हानि की प्रतिपूर्ति भी की जाती है। इसमें उनकी औसत मज़दूरी का 70 फीसदी भुगतान किया जाता है। बीमाकृत व्यक्ति को काम के दौरान आई अपंगता पर भी पेंशन का प्रावधान है। काम के दौरान बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रितों के लिए भी कर्मचारी राज्य बीमा निगम आश्रित जन हितलाभ (पेंशन) देता है। बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु होने पर अन्त्येष्टि के तहत 15 हजार का भुगतान किया जाता है। बीमाकृत महिला को माता बनने पर छह माह का वेतन कर्मचारी राज्य बीमा निगम भुगतान करता है।

### जहां 10 कामगार काम करते उस प्रतिष्ठान को रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी

इस दौरान क्षेत्रीय निदेशक ने स्कीम टू प्रमोट रजिस्ट्रेशन ऑफ एम्पलॉयर्स एंड इंप्लाइज के बारे में बताया कि जहां 10 या उससे अधिक कामगार कार्यरत हैं, उन प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है कि वे ईएसआईसी में पंजीकरण कराएं। ऐसा न करने पर दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कई प्रतिष्ठान मालिक ईएसआईसी में पंजीकरण कराने के लिए वर्षों से पात्र व बाध्य हैं, लेकिन पंजीकरण नहीं कराते हैं। इससे उनके कर्मचारी ईएसआईसी के विविध सामाजिक सुरक्षा हितलाभ से वंचित हैं। पकड़े जाने पर ऐसे संस्थानों को वर्षों के अंशदान, ब्याज और हर्जाने का भुगतान करना पड़ता है।

## ऑटो में बैठाकर सवारी से मारपीट व लूटपाट करने वाले चार गिरफ्तार

फरीदाबाद | ऑटो में बैठाकर सवारी से मारपीट व लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन्हें कोर्ट में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। यूपी के बंदायू जिले के खरखौल गांव हाल संगम विहार, दिल्ली निवासी साहब सिंह ने सराय ख्वाजा थाने में दी शिकायत में आरोप लगाया कि जब वह 27 जुलाई की रात एनएचपीसी चौक पर संगम विहार जाने के लिए खड़े थे तभी एक ऑटो आया। उसमें 3-4 लड़के पहले से ही बैठे थे। कुछ दूर चलने के बाद उन्होंने उनके साथ मारपीट की। उनसे मोबाइल फोन और कैश छीन लिया। इसके बाद उनके फोन पे का पासवर्ड पूछकर उनके फोन से पैसे निकाल लिए। इसके बाद उन्हें गुरुग्राम रोड पर झाड़ियों में उतार दिया।

# किसानों के हित में मोदी सरकार की नीतियां ला रही हैं ऐतिहासिक परिवर्तन : गुर्जर

जिले के लगभग 18 हजार किसानों को मिली प्रधानमंत्री किसान निधि की 20वीं किस्त

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के तहत 20,500 करोड़ की राशि देश के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को वितरित की। इस अवसर पर सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हाल में "प्रधानमंत्री किसान उत्सव" का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।



फरीदाबाद। सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हाल में प्रधानमंत्री किसान उत्सव को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण के साथ हुआ। केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने कहा, इस योजना के तहत किसानों को प्रत्येक वर्ष 6,000 रुपए की राशि प्रदान की जाती है। अब तक 19 किस्तों के माध्यम से 3.69 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों को दी जा चुकी है।

स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में आयोजित होगा हर घर तिरंगा अभियान

# तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनियां भी होंगी

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत व भावनात्मक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान मनाया जा रहा है। यह अभियान 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह के अनुसार पहले चरण में 8 अगस्त तक स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि में प्रदर्शनियों का आयोजन होगा। स्कूल, कालेज व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ ही सैनिकों और पुलिसकर्मियों को 'आभार पत्र' लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजी जाएंगी। सार्वजनिक स्थानों व बाजारों में तिरंगे रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागे युक्त 'तिरंगा बुनाई और धागे' की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। दूसरे चरण में 9 से 12 अगस्त के बीच 'तिरंगा महोत्सव' के रूप में बड़ा आयोजन किया जाएगा। इसमें वृहद 'तिरंगा मेला' और 'भव्य तिरंगा म्यूजिकल कन्सर्ट' का आयोजन होगा। प्रदेश स्तरीय 'तिरंगा महोत्सव' का आयोजन किसी प्रमुख स्थल पर व्यापक जनभागीदारी के साथ होगा। तिरंगा महोत्सव आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर तिरंगा मेले का भी आयोजन होगा।

# कार सवार पर युवकों ने किया हमला, दो बच्चे समेत तीन गंभीर रूप से घायल

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

सेक्टर-20ए स्थित सीएनजी पंप पर आए दर्जनभर युवकों ने मारपीट की। इससे कार सवार व्यक्ति व दो बच्चे घायल हो गए। सभी को बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेक्टर-17 थाने की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पांच दिन बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार संत नगर निवासी पीड़ित नदीम ने अपनी शिकायत में कहाकि कि 27 जुलाई को दोपहर वह कार से रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। उनके साथ 15 वर्षीय बेटा सूफियान और नौ वर्षीय भतीजा अमान भी थे। इस दौरान कार में सीएनजी कम होने से वह सेक्टर-20ए स्थित पंप पर चले गए और लाइन में लग सीएनजी भराने का इंतजार करने लगे। इसी दौरान साजिद, आविद, जाविद, जिशान, रिहान, सिकंदर, आकाश, दीपक सहित करीब दस-12 युवक कार में सीएनजी भराने आए और पहले से लाइन में लगे वाहन चालकों की परवाह किए बगैर अपनी कार को आगे लगा दिया। उन्होंने इसका विरोध किया तो सभी गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद कार से लाठी-डंडा, हॉकी स्टिक निकालकर मारपीट करने लगे। इससे उनके अलावा उनके 15 वर्षीय बेटे सूफियान और नौ वर्षीय भतीजे अमान को काफी चोट आई। आरोपियों ने सूफियान का हाथ तोड़ दिया। अमान के पांव व शरीर के अन्य भागों में चोट लगी है।

## निवेश के नाम पर 49.48 लाख की ठगी में दो आरोपी एमपी से गिरफ्तार

फरीदाबाद | शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 49.48 लाख की ठगी में पुलिस ने दो आरोपियों को एमपी से गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से सिद्धार्थ सिंह को जेल भेज दिया गया। जबकि सुखदेव को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। साइबर थाना सेंट्रल में आईपी कालोनी निवासी ने दी शिकायत में कहा कि 10 दिसंबर 2024 को उनके पास व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने उनके पास शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करने के लिए एक इन्विटेशन कोड भेजा। साथ ही ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कराने के बारे में कहा।

कार्यक्रम में उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन बोले,

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम है

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

हरियाणा के युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना युवाओं के लिए रोजगार, उद्यमिता और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा यह योजना देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। राजीव रंजन



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधान सचिव राजीव रंजन।

शनिवार को फरीदाबाद के फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सभागार में हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता विभाग द्वारा ईपीएफओ, श्रम विभाग, उद्योग विभाग के सहयोग से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा यह योजना एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक प्रभावी रहेगी। योजना को दो प्रमुख भागों में बांटा गया है। इसमें भाग-ए के तहत पहली बार नौकरी करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करेंगे। पंजीकृत नए कर्मचारियों को 15,000 रुपए तक की एक महीने का ईपीएफ वेतन दो किस्तों में दिया जाएगा। पहली किस्त 6 माह और दूसरी किस्त 12 माह की सेवा के बाद होंगी।

## बिजली व पानी की समस्या को लेकर होडल-नूंह मार्ग जाम

पलवल | सौंध गांव में सप्ताहभर से बिजली-पानी की समस्या गंभीर है। इससे गुस्साए लोगों ने शनिवार को होडल-नूंह मार्ग जाम कर दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। जाम की सूचना मिलते ही होडल थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने एक न सुनी। इसके बाद बिजली निगम के एसडीओ मौके पर पहुंच गए। जाम लगा रहीं महिलाएं कमलेश, सरोज, हमचंदी, बिमलेश, राधा व मोहनी आदि का कहना था कि सप्ताहभर से ट्रांसफार्मर फुंका होने से बिजली गुल है। बिजली न आने से गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने कई बार बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से इस समस्या के बारे में बताया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इससे महिलाओं में गुस्सा बढ़ गया। वे एकत्र होकर होडल लघु सचिवालय पहुंचीं और जाम लगा दिया।



## पशु पकड़ो अभियान जारी, दूसरे दिन 16 पशु पकड़े

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर में स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से खुले में घूमने वाले पशुओं को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दूसरे दिन शनिवार निगम की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों से कुल 16 पशुओं को पकड़ा, जिनमें 11 बैल और 5 गायें शामिल थीं। इन्हें निगम की गौशालाओं में सुरक्षित रूप से पहुंचा दिया गया है। यह कार्रवाई मुख्य रूप से सोहना रोड पर बादशाहपुर से लेकर भोंडसी तक के क्षेत्र में की गई। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## एडवोकेट पूर्व चौहान का गुरुग्राम एसो. ने किया स्वागत

गुरुग्राम | गुरुग्राम बार एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट पूर्व चौहान को डिसिप्लिन एंड विजिलेंस कमेटी बार काउंसिल पंजाब, हरियाणा एंड चंडीगढ़ का सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर गुरुग्राम एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत स्वागत किया। इस अवसर पर अजय चौधरी बार काउंसिल मेंबर पंजाब एंड हरियाणा, प्रदीप चौहान एडवोकेट, सुबोध शर्मा एडवोकेट, अंकित यादव खायरा एडवोकेट, मनोज सैनी एडवोकेट व अन्य सीनियर एडवोकेट मौजूद रहे और पूर्व चौहान को बधाई दी। पूर्व चौहान एडवोकेट ने सभी साथी वकीलों का आभार जताया और कहा कि वे अपनी जिम्मेवारी पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पूर्व चौहान ने कहा कि गुरुग्राम के वकीलों की बार संबंधित समस्याओं को दूर करवाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा भूपेंद्र यादव ने मातृ वन की रखी आधारशिला

# सेक्टर 54 के समीप अरावली पर्वतमाला के 750 एकड़ क्षेत्र में मातृ वन बनाएंगे

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर 54 के समीप अरावली पर्वतमाला में 750 एकड़ क्षेत्र में मातृ वन विकसित किया जाएगा। शनिवार को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ पौधरोपण करते हुए मातृ वन की आधारशिला रखी। एक पेड़ मां के नाम अभियान की श्रृंखला में मातृ वन विकसित करने के उपलक्ष्य में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दुनिया भर में गुरुग्राम का नाम प्रगति के लिए लिया जाता है लेकिन अब प्रगति के साथ प्रकृति से भी जुड़ाव होना चाहिए। आज इस दृढ़ संकल्प की भी आवश्यकता है कि हम न केवल पेड़ लगाएंगे बल्कि उनकी पांच-छः वर्षों तक देखभाल भी करेंगे। मातृ वन में नक्षत्र वाटिका, राशि वाटिका, कैक्टस गार्डन व बटरफ्लाई पार्क भी विकसित होंगे।

### भारत में कोयले से तैयार होनी वाली बिजली में 50 फीसदी की कमी



मातृ वन विकसित करने के उपलक्ष्य में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि भारत वर्ष 2047 तक अपने ऊर्जा उत्पादन में न्यूक्लियर एनर्जी में 100 गीगा बाइट के उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लेगा। तीन महीने पहले की एक रिपोर्ट में भारत में कोयले से तैयार होनी वाली बिजली 50 फीसदी से कम हो गई है जबकि नॉन फासिल एनर्जी की सीमा 50 फीसद से अधिक हो गई है।

### उद्योगों के साथ-साथ पर्यटन भी होगा गुरुग्राम की पहचान

केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम की पहचान से जुड़े औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने को भी समय की आवश्यकता बताया। इसके लिए गुरुग्राम में जंगल सफारी, एचएसआईआईडीसी द्वारा 125 एकड़ में न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क की तर्ज पर आनंद वन विकसित करने, 500 से 600 एकड़ में डिज्नीलैंड बनाने, सिंगापुर की तर्ज पर डिज्नीलैंड या सेक्टर 29 में बड़ा एक्वेरियम बनाने, एक बड़ा कंवेंशन सेंटर बनाने, डेस्टिनेशन वेडिंग्स के लिए एक वैडिंग जोन विकसित करने व बायोडाइवर्सिटी पार्क को ओर अधिक विकसित किया जाएगा। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि गुरुग्राम में 750 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा मातृ वन आने वाले समय में सम्पूर्ण दिल्ली-एनसीआर के लिए 'ग्रीन हार्ट' की भूमिका निभाएगा। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बनेगा, बल्कि हरियाली का नया अध्याय भी रचेगा। हरियाणा के वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला हरियाणा से होकर गुजरती है। लेकिन इस पर्वत श्रृंखला में काबुली कीकर बहुतायत संख्या में होने के कारण पर्यावरण को उतना लाभ नही मिल पाता। ऐसे में वन विभाग हरियाणा द्वारा 750 एकड़ में बनने वाले इस मातृ वन में स्थानीय प्रजाति के पौधों जैसे बड़, पीपल, नीम, गुल्लर आदि के रोपण को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सांझा प्रयास है।

# सोशल साइट पर टिप्पणी से आहत हुएः मामन खान

विधायक के भाई की शिकायत पर केस हुआ दर्ज

भास्कर न्यूज | नूंह

हरियाणा में सबसे अधिक मतों से विधानसभा चुनाव जीतने वाले कांग्रेस के एक विधायक और उनके परिजन सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर लोगों की टिप्पणियों से आहत हैं। आरोप है कि कुछ यूजर्स इन्हें साजिशन निशाना बनाकर झूठा और अभद्र प्रचार कर रहे हैं। एमएलए के भाई की शिकायत पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस नामजद यूजर्स के सोशल नेटवर्किंग अकाउंट की जांच कर रही है।

अपने विवादित बयानों के कारण अक्सर चर्चा में रहने वाले मामन खान इंजीनियर अब सोशल नेटवर्किंग साइट यूजर्स के ऊपर भड़के हुए हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने बूचड़खानों के खिलाफ नूंह अनाजमंडी में आयोजित पंचायत में सोशल नेटवर्किंग साइट यूजर्स को 'दलाल', 'दो कौड़ी का' और 'टिटूर' (मेवाती बोली का शब्द जिसका अर्थ छोटा पतंगा या कीड़ा होता है) कहर संबोधित किया था। इसके बाद से विधायक सोशल नेटवर्किंग साइट यूजर्स के निशाने पर आ गए। यूजर्स ने उनके फेसबुक पेज पर भड़ास निकालते हुए कई अभद्र टिप्पणियां कर डाली।

गांव भादस निवासी मुस्ताक ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर कुछ लोग उनके भाई एमएलए मामन खान इंजीनियर और परिवार के लोगों को बदनाम कर रहे हैं। उनके फेसबुक पेज पर अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं यहां तक उनके ऊपर बेहद निम्न स्तर के आरोप लगाए जा रहे हैं। ये लोग मेवात में हिंदू- मुस्लिम भावनाओं को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि इन यूजर्स ने एमएलए का निजी मोबाइल नंबर शेयर करते हुए बेहद अशोभनीय भाषा में अभद्र टिप्पणी की। एमएलए के भाई की शिकायत पर नगीना थाना पुलिस ने असलम देडवाल, ताहिर हुसैन, मौसम गांव रानिका, जकरिया गांव साकरस, अबरार व अनवर अब्बास निवासी सटकपुरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

## तीन चरणों में होगा हर घर तिरंगा अभियानः डीसी अजय कुमार

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में लगातार चौथे वर्ष 'हर घर तिरंगा' अभियान मनाया जा रहा है। 'हर घर तिरंगा' अभियान 15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण 8 अगस्त तक, दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। डीसी अजय कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय और महानिदेशक सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से हर घर तिरंगा अभियान गाइडलाइंस जारी की गई हैं। पहले चरण में 8 अगस्त तक स्कूलों की दीवारों और बोर्ड को तिरंगे से प्रेरित कला से सजाया जाएगा।

# महिला से दुष्कर्म के बाद पति की हत्या मामले का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

निशानदेही के बाद शव को निकाल कराया पोस्टमार्टम, पुलिस जांच जारी

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

गुरुग्राम के उद्योग विहार थाना क्षेत्र में 37 वर्षीय कंपनी कर्मचारी की हत्या कर उसके शव को दफनाकर सबूत मिटाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। करीब छह महीने पहले आरोपी ने मृतक की पत्नी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में महिला को उसके पति के अपहरण की धमकी देकर चुप कराया था। गत 27 जुलाई को पीड़ित महिला का पति कंपनी से वापस नहीं लौटा तो अगले दिन उसे आरोपी पर संदेह हुआ और महिला ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने गत शुक्रवार को आरोपी को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ की तो महिला के पति की हत्या कर उसके शव को मोहम्मदपुर झाड़सा में दफनाने का खुलासा किया। आरोपी ने अपने तीन साथियों को साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में शव को खोदकर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

गत 28 जुलाई को एक महिला ने उद्योग विहार थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी कि उसका पति 27 जुलाई से लापता है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसके बाद महिला ने गत 31 जुलाई को पुलिस को एक और शिकायत देकर बताया कि रविन्द्र नाम का व्यक्ति जो उनके पड़ोस में ही (डूंडाहेड़ा) में किराए पर रहता है, ने गत मार्च 2025 में उसके पति के कम्पनी में जाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया और इसकी वीडियो बना ली। शिकायत के अनुसार रविन्द्र ने महिला को धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो इसकी वीडियो वायरल कर देगा और इसके पति को उठवा देगा। महिला ने संदेह जताया कि उसके पति विक्रम को रविन्द्र ने ही कंपनी से उठवाया है। पुलिस ने दूसरा केस दर्ज कर गत एक अगस्त को गुरुग्राम से आरोपी रविन्द्र निवासी गांव हस्तिनापुर, जिला मेरठ (उत्तर प्रदेश) गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया तो कोर्ट ने पुलिस की मांग पर पांच दिन के रिमांड पर सौंप दिया। रिमांड के दौरान आरोपी रविंद्र ने बताया कि विक्रम को उसने गत 26 जुलाई को कंपनी से आते समय अपने तीन साथियों के साथ मिलकर गाड़ी में अपहरण कर लिया और उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद मोहम्मदपुर झाड़सा में शव को जमीन में दफना दिया। इस मामले में पुलिस ने रविंद्र के दो अन्य साथियों को भी शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम | फर्रुखनगर थाना क्षेत्र में करीब एक साल पहले 15 वर्षीय लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गत 8 अगस्त 2024 को विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था।

इस मामले में फर्रुखनगर थाना पुलिस ने अपहरण की लड़की को बरामद कर उसके बयान दर्ज किए। इस संबंध में आरोपी आरोपी गजेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया। इसके बाद आरोपी राजस्थान व गुजरात में फरारी काट रहा था। फर्रुखनगर पुलिस ने गत शुक्रवार को गुरुग्राम से आरोपी गजेंद्र सिंह निवासी गांव करदू, जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान) को अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में बताया कि आरोपी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को रेलवे स्टेशन गुरुग्राम से बहला फुसलाकर ले गया था।

# हेड कांस्टेबल पर बदमाशों ने फायरिंग की, केस दर्ज

मामले में अवैध हथियार पकड़ने गया था हेड कांस्टेबल

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

डीएलएफ फेज-1 थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार की रात हथियारबंद दो बदमाशों ने सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। हालांकि हवा में फायर करने से हेड कांस्टेबल को गोली नहीं लगी। बताया जा रहा है कि मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर हेड कांस्टेबल ब्रिस्टल चौक के पास अवैध हथियार पकड़ने के लिए गया था। हेड कांस्टेबल की शिकायत पर डीएलएफ फेज-1 थाने में केस दर्ज किया है।

सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच में तैनात हेड कांस्टेबल दलजीत को बीते शुक्रवार की रात एक मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि ब्रिस्टल चौक के पास शाही चिकन कॉर्नर पर दो बदमाश बाइक पर आने वाले हैं। इन बाइक सवार बदमाशों के पास अवैध हथियार होंगे। सिविल वर्दी में हेड कांस्टेबल दलजीत ब्रिस्टल चौक के पास शाही चिकन कॉर्नर पर पहुंचकर बाइक सवारों का इंतजार करने लगा। इसी दौरान 11.10 बजे बाइक पर एक युवक आया तो मुखबिर ने हेड कांस्टेबल दलजीत को इशारा करके बदमाश के बारे में बताया। जब हेड कांस्टेबल दलजीत ने बाइक सवार युवक से पूछताछ शुरू की तो उसका दूसरा साथी भी पहुंच गया और पिस्टल निकालकर कांस्टेबल को धमकी देने लगा। जब हेड कांस्टेबल ने खुद को गुरुग्राम पुलिस की सीआईए ब्रांच का कर्मी बताया कि बदमाशों ने एक हवाई फायर किया और मौके से भाग गए। हेड कांस्टेबल दलजीत ने इस वारदात के बारे में पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया और डीएलएफ फेज-1 थाने में शिकायत दी।

## मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड के नाम पर 95 हजार रुपए ठगे

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

जालसाजों ने महिला के मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड कराकर उससे 95 हजार रुपये की ठगी की है। पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर साइबर अपराध थाना मानेसर में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। भोड़ाकलां निवासी पपीता कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने फ्लिपकार्ट पर सामान का ऑर्डर किया था, जोकि समय पर डिलीवर नहीं हुआ। ऐसे में पपीता कुमारी ने फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया और अपने मोबाइल से कॉल की। कॉल पर बात करने वाले ने रिफंड रिक्वेस्ट एपीके डाउनलोड करवाई। इसके बाद पपीता कुमारी के बैंक खाते से 95 हजार रुपए की लेनदेन किया गया। जब पीड़ित महिला ने उसी नंबर पर कॉल किया तो जालसाज ने फोन नहीं उठाया।

Fortis HOSPITAL
Manesar

# विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाऐं आपकी पहुँच में, कैशलेस और आसान




## @फोर्टिस हॉस्पिटल, मानेसर

**मानेसर का सबसे बड़ा मल्टी–स्पेशियलिटी हॉस्पिटल**
**अब CGHS और GIPSA** के साथ ही सभी प्रमुख टी पी ए, स्वास्थ्य बीमा कंपनियाँ, पी एस यू और सरकारी पैनल में शामिल।

### टी पी ए / बीमा प्रदाता

- द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- केयर इंश्योरेंस
- लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी
- जूनो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- गो डिजिट इंश्योरेंस
- गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस
- फ्यूचर जनराली इंडिया इंश्योरेंस
- यूनिवर्सल सॉम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- रिलायंस जनरल इंश्योरेंस
- इफ्को टोकियो जीआईसी लिमिटेड
- नावि जनरल इंश्योरेंस
- मैग्मा इंश्योरेंस
- मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- ज्यूरिख कोटक जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
- वोलो टी पी ए प्रा. लि.
- एफ एच पी एल टी पी ए
- विडाल हेल्थकेयर सर्विसेज टी पी ए प्रा. लि.
- पैरामाउंट हेल्थ सर्विसेज एंड इंश्योरेंस टी पी ए प्रा. लि.
- मेडि असिस्ट टी पी ए
- एरिक्सन इंश्योरेंस टी पी ए प्रा. लि.
- लिंक के टी पी ए
- सेफवे टी पी ए

### पी एस यू और सरकारी पैनल

- सीजीएचएस – सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम
- सीएपीएफ – केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल
- बीपीसीएल – भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- एपीसीपीएल – अरावली पावर कंपनी प्रा. लि., झज्जर
- ईफको – इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड
- पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
- एनएचएआई – नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया
- आरआईटीईएस – रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकनॉमिक सर्विस
- ओआईएल – ऑयल इंडिया लिमिटेड
- आरईसीएल – रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- पीएफसी – पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- आरवीएनएल – रेल विकास निगम लिमिटेड
- डीएफसीसीआईएल – डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
- एनबीसीसी – नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन
- एनएचएसआरसीएल – नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- टीसीआईएल – टेलीकम्युनिकेशन कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड
- आईआईएफसीएल – इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
- एनबीआरसी – नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर
- आईएफसीआई – इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया
- टीएचएसटीआई – ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट
- आईसीएसएसआर – इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च
- एसएआई – स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया
- एनसीडीसी – नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
- एनएसआईसी – नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन
- राजस्थान सरकार

अधिक जानकारी के लिए
✆ 0124–4331 331

प्लॉट नं. पी 2, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर,
गुरुग्राम - 122052

MyFortis ऐप डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

फोर्टिस नेटवर्क – दिल्ली–एनसीआर: गुरुग्राम | **मानेसर** | नोएडा | ग्रेटर नोएडा | फरीदाबाद | ओखला | शालीमार बाग | वसंत कुंज | ला फेम | डिफेंस कॉलोनी | सी–डीओसी

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरू करवाने के लिए
9292 91 9292
पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

भास्कर एक्सक्लूसिव | पैसे लेने का नियम नहीं, फिर भी एक महिला के निजी खाते में ट्रांसफर कराए गए रुपए

# डीएसपीएमयू में डिसर्टेशन प्रोजेक्ट के नाम पर 3-3 हजार की वसूली

राकेश | रांची

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) के पीजी जूलॉजी विभाग के स्टूडेंट्स से डिसर्टेशन प्रोजेक्ट के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। यूनिवर्सिटी में डिसर्टेशन के नाम पर कोई फीस निर्धारित नहीं है। इसके बावजूद हर स्टूडेंट्स से तीन-तीन हजार रुपए लिए गए। वह भी निजी खाते में लिए गए। छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से इसकी लिखित शिकायत की है। उन्होंने पैसे ट्रांसफर करने के साक्ष्य के रूप में यूपीआई भुगतान का स्क्रीन शॉट भी पेश किया है।

पीजी जूलॉजी (सत्र 2023-25) के पाठ्यक्रम में एक अनिवार्य पेपर डिसर्टेशन प्रोजेक्ट है, जो रिसर्च से संबंधित है। इस प्रोजेक्ट के लिए छात्रों को गाइड (मार्गदर्शक) का सहयोग लेना होता है। छात्रों का आरोप है कि इसी मार्गदर्शन के नाम पर उनसे पैसे मांगे गए। यूनिवर्सिटी के कई शिक्षकों ने भी इस वसूली को पूरी तरह से गलत बताया है और इस पर तत्काल रोक लगाने के साथ-साथ दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की अनियमितताएं यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं। यह मामला तब और भी गंभीर हो जाता है जब पैसे ऐसी व्यक्ति के खाते में लिए गए हों, जो फैकल्टी भी नहीं है।

**छात्रों का आरोप- जिस स्वाति के खाते में पैसे मंगाए, वह फैकल्टी नहीं**

छात्रों ने शिकायत में कहा है कि वसूली गई राशि स्वाति प्रिया नाम की एक महिला के अकाउंट में ट्रांसफर कराई गई है। स्वाति प्रिया न तो जूलॉजी विभाग की फैकल्टी हैं और न ही मूल्यांकन समिति की सदस्य हैं। इसके बावजूद, उन्हें डिसर्टेशन प्रोजेक्ट के लिए अनधिकृत रूप से शामिल कर लिया गया है। स्टूडेंट्स पूनम, स्वाति, नेहा, आयुषी आदि का कहना है कि स्वातिप्रिया ने डिसर्टेशन में भी गलत जानकारी दी। इसकी जानकारी गाइड डॉ. एस घोष को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कुलपति से लिखित शिकायत की है।

**सीधी बात** | डॉ. एस घोष, गाइड

**स्वाति के आने-जाने के खर्च के लिए पैसे लिए**




**▪ विवि की अनुमति के बिना बाहरी को डिसर्टेशन कार्य में रखा गया है?**
-स्वातिप्रिया डिसर्टेशन की एक्सपर्ट है। वे यहां के छात्रों को मार्गदर्शन दे रही हैं। विवि से अनुमति नहीं ली है।

**▪ छात्रों से डिसर्टेशन के नाम पर 3000 रुपए तक क्यों लिए जा रहे हैं?**
-स्वाति प्रिया ओडिशा से यहां छात्रों को मार्गदर्शन देने आती हैं, इनके आने-जाने का खर्च के लिए छात्रों से रुपए लिए हैं।

**▪ विवि में मार्गदर्शन के नाम पर शुल्क लिए जाने का नियम तो नहीं है?**
-छात्रों के रिसर्च के लिए मैं खर्च स्वयं उठाता हूं। पिछले साल ही 14 छात्रों पर ह्यूमन स्टूल की जांच के लिए 98 हजार रुपए खर्च किए थे।

**बाहरी स्वातिप्रिया का यह है तर्क...** स्वाति प्रिया ने आरोप को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि जरूरी खर्च के तहत पीजी छात्रों ने एकाउंट में रुपए दिए थे। किसी ने एक हजार रुपए भी दिए हैं।

# झारखंडः शिक्षामंत्री रामदास सोरेन बाथरूम में गिरे, हालत गंभीर

## एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाए गए, अपोलो अस्पताल में भर्ती

पॉलिटिकल रिपोर्टर | जमशेदपुर

झारखंड के स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन मंत्री रामदास सोरेन शनिवार तड़के घोड़ाबांधा स्थित आवास में बाथरूम में फिसलकर गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया। वहां अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपोलो अस्पताल ने उनकी हालत गंभीर बताई है।

परिजनों के मुताबिक वे रोजाना सुबह मॉर्निंग वॉक करते थे। इसके लिए शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे उठे। बाथरूम गए, जहां यह घटना हो गई। परिवार के लोग उन्हें लेकर तत्काल टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद स्थिति को गंभीर बताया। फिर उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाने का फैसला लिया गया। सुबह 9:30 बजे सोनारी एयरपोर्ट से एयर एंबुलेंस से उन्हें दिल्ली ले जाया गया।

वहां अपोलो अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। उनके साथ उनके बेटे सोमेश सोरेन, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा के बेटे डॉ. अभिषेक मुंडा और डॉक्टरों की टीम भी दिल्ली गई है। झामुमो नेताओं ने बताया कि उनकी हालत नाजुक लेकिन स्थिर बनी हुई है।



▪ 4:30 बजे सुबह अपने आवास के बाथरूम में गिरे। ▪ 8:30 बजे टाटा मोटर्स अस्पताल से रेफर किया गया। ▪ 9:30 बजे एयर एंबुलेंस से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

### मुंडा बोले-डॉक्टर से बात हुई, जल्दी ठीक होंगे

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने बताया कि रामदास सोरेन के इलाज को लेकर दिल्ली के अपोलो अस्पताल के डायरेक्टर से बात हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि रामदास जल्दी स्वस्थ होंगे। वहीं झामुमो प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा कि वे दिल्ली में उनके साथ है। रामदास की स्थिति स्थिर हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। वहीं भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

**गुरुजी डॉक्टरों की खास निगरानी में**

सांसद शिबू सोरेन की हालत में शनिवार को भी उतार-चढ़ाव बना रहा। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को स्थिति थोड़ी बिगड़ गई थी, लेकिन शनिवार को हालत में सुधार देखा गया है। डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री भी शुक्रवार शाम दिल्ली पहुंचे थे।

**भवनाथपुर विधायक भी मेडिका अस्पताल में भर्ती**

भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव भी रांची के भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल (मेडिका) में भर्ती हैं। उनका इलाज कर रहे अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ. अमित कुमार ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत पर शुक्रवार देर शाम उन्हें अस्पताल लाया गया था। उनकी डिजिटल सब्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी की गई है। लेकिन इसमें किसी तरह की एबनॉर्मलिटी नहीं मिली है।

## सीवान : जेल में बंद कैदी ने की आत्महत्या

भास्कर न्यूज | सीवान

मंडल कारा में दो दिनों से बंद एक बंदी ने रस्सी से गले में फंदे लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में जेल प्रशासन ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन आग बबूला हो गए और सदर अस्पताल के सामने मुख्य सड़क पर शव रखकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। लगभग 2 घंटे तक मुख्य सड़क को बंद कर प्रदर्शन किया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास, महादेवा थाना प्रभारी निर्भय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर सड़क से शव को हटवाया।

तेज बारिश का कहर : 3 प्रखंडों का संपर्क टूटा

## जमुई में बरमसिया पुल का स्लैब ध्वस्त



**जमुई** | तेज बारिश के कारण गणेशी मंदिर के समीप उलाय नदी पर बना बरमसिया पुल का एक छोर का स्लैब शनिवार की सुबह पूरी तरह ध्वस्त हो गया। पिलर 2-3 के बीच का हिस्सा टूटकर बड़े गड्ढे में तब्दील हो गया। पुल के ध्वस्त होने से झाझा से सोनो और चकाई प्रखंड का संपर्क टूट गया है। 19 जुलाई को भी इस पुल में दो स्थानों पर दरार आई थी। प्रशासन ने आवागमन रोक दिया था और चार फीट की दीवार खड़ी कर दी थी।

▪ वर्ष 2000 में बांका के तत्कालीन सांसद दिग्विजय सिंह ने बरमसिया पुल का निर्माण कराया था। ▪ वर्ष 2022 के जुलाई में पुल का तीसरा पिलर क्षतिग्रस्त हुआ। 2023 में चौथा पिलर क्षतिग्रस्त हुआ।

## कार्रवाई : बक्सर में अवैध मिनी गन फैक्ट्री मिली, हथियार बरामद

भास्कर न्यूज | बक्सर

औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव में शुक्रवार रात एक मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने मौके से तीन पिस्टल, 18 कारतूस, दो मैगजीन, चार बाइक, छह एंड्रॉयड मोबाइल व हथियार निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद की। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो मुंगेर के रहने वाले कारीगर हैं। चार अन्य आरोपी बक्सर के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। एसपी शुभम आर्य ने बताया कि गुप्त सूचना पर दलसागर निवासी दिनेश यादव के घर छापेमारी की गई। बताया गया कि 1 अगस्त से ही वहां हथियार निर्माण शुरू हुआ था। एक दिन में तीन पिस्टल बनाए गए थे। तबतक पुलिस का छापा पड़ गया। मुख्य सरगना मकान मालिक दिनेश पुलिस कार्रवाई के दौरान फरार हो गया।

## ऑपरेशन सिंदूर कूटनीतिक व मानवीय विजय : शांभवी

**पटना** | लोकसभा में हाल ही में हुए महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान 'ऑपरेशन सिन्दूर' जैसे राष्ट्रगौरव से जुड़े विषय पर बोलने का अवसर प्राप्त कर सांसद शाम्भवी ने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया।

कहा कि एक युवा महिला सांसद के रूप में इस विषय पर अपनी बात रखने का सौभाग्य उन्हें मिला, इसके लिए वह चिराग पासवान जी की आभारी हैं। भाषण में शाम्भवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि "ऑपरेशन सिन्दूर आतंकवादियों को नहीं, बल्कि उनके हौसलों को नेस्तनाबूद करने की कार्रवाई थी। यह ऑपरेशन माताओं की ममता, बहनों की अस्मिता और भारत की संप्रभुता की रक्षा का प्रतीक है।" उन्होंने संसद में अपने भाषण के दौरान जोर देते हुए कहा कि "यह ऑपरेशन केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि कूटनीतिक और मानवीय विजय भी है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर खींचा है।"

## नेपाल से भारतीय सीमा में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**ठाकुरगंज** | भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी की 41वीं बटालियन की बॉर्डर इंटरेक्शन टीम ने नेपाल से भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को दबोचा है। दोनो बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान मो. नूर होसेन खोडोकर फेनी निवासी बांग्लादेश और मो. ओमर फारूक अरमान मदरा बांग्लादेश के रूप में हुई है। उनके पास से पांच मोबाइल, दिव्यांगता पहचान पत्र व बांग्लादेश का पहचान पत्र बरामद किया गया है। मो. नूर होसेन पेशे से चालक है।

मेरठ में 7 महीने की प्रेग्नेंट को मार डाला

## पत्नी से बोला- आंखें बंद करो लॉकेट लाया हूं... गला रेत दिया

**मेरठ** | मेरठ में पति ने 7 महीने की प्रेग्नेंट पत्नी की हत्या कर दी। वह घर आया और पत्नी से बोला- अपनी आंखें बंद करो। मैं तुम्हारे गले के लिए लॉकेट लाया हूं। अपने हाथों से तुम्हें लॉकेट पहनाना चाहता हूं। इस पर पत्नी ने आंखें बंद कर लीं। इसके बाद पति ने चाकू से पत्नी का गला रेत दिया। हत्या के बाद पति ने खुद पुलिस को कॉल की। कहा- मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। डेडबॉडी घर पर है। आकर उठा लीजिए। 8 महीने पहले 23 जनवरी, 2025 को दोनों की शादी हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पति कमरा बंद कर लाश के पास बैठा था। लाश पूरी तरह खून से लथपथ थी। पेट, सिर, चेहरे पर चाकू के कई वार थे। मोहल्लेवालों को पुलिस के पहुंचने के बाद हत्या का पता चला। पति ने हत्या क्यों की, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। पुलिस का मानना है कि अफेयर के शक में हत्या की गई है। पुलिस ने पति रविशंकर जाटव (28) को गिरफ्तार कर लिया।


# भास्कर matrimony

BhaskarAd.com
अब Matrimonial ad ऑनलाइन बुक करें
Call: 9772019222

**रिश्ते**
प्यार और रिश्ते वो अहसास हैं जो रोज आपका परिचय आपकी नई खूबियों से करवाते हैं।




**अग्रवाल**
21-30 वर्ष

**अग्रवाल 29/5'8 B.Tech** (IIT) MBA (XLRI) वर्किंग (Google) (50 लाख वार्षिक) पिता (Businessman) हेतु (अग्रवाल गुप्ता जैन) बधु मान्य 09685558498

41-50 वर्ष

**SM4 Govt. Job** aggarwal boy 44/5'8'' unmarried 18 lakh no dowry no bar girl merit consideration only 9034076847

**ब्राह्मण**
31-40 वर्ष

**WANTED BRIDE**
For Handsome Brahmin Boy, Born 1991, 5'8''. MBA from prestigious Stanford University (USA), BTech (CSE) from NIT (Double Gold Medalist). Rich Affluent Nuclear Business Family of IITians and IIMians from Bhopal, MP.
Mob.: 9399820743
dr.sharma1141@gmail.com

**SM4 Gaur Brahmin** Boy 5'5" 26.8.1994 wrkng in Merchant Navy 2nd Officers B.Sc Nautical Sc. B'ful Bride Req. living in Gurgaon. 9910956611

41-50 वर्ष

**सारस्वत ब्राह्मण अविवाहित** लड़का 17-07-1985, 6:46 AM , जाति बंधन नहीं। पोस्ट ग्रेजुएट हेतु पारिवारिक लड़की चाहिए, मैरिज ब्यूरो शमा करे। 9996601556, 9518019674

**खत्री**
21-30 वर्ष

**आंशिक मांगलिक छाबड़ा** लड़का 15.10.1996, 6'-0" एमबीए, प्राइवेट नौकरी। मांगलिक लड़की को प्राथमिकता। कुरुक्षेत्र, 72063-77742।

**BRIDE WANTED**
Suitable Match For Handsome Arora Khatri Boy, 5'11", 17-04-1995, B.A., Chandigarh.
WELL SETTLED BUSINESSMAN
(Resident Since 1962), Small Family
Preference Non Working Girl
TRI CITY PREFERRED
CONTACT 98886-53894

**Hindu Khatri boy** 30-11-1999, 5'-7'', 10th pass, owns business in Chandigarh. Income around 8 lacs. Own Kothi in Chandigarh. Mother expired and father retired from government job, no brother or sister. Contact 9357731478.

**अन्य**
21-30 वर्ष

**रविदासिया वर हेतु मैच,** 5-6", 22.12.1989, आईटीआई- मोटर मैकेनिक दुबई में वर्किंग , सामान्य वधु चाहिये , 9872876297, 7888301150

**SM For vegetarian** beautiful, Barjataya Girl Working as Astt. professor Oct 1996/5', M. Pharmacy & pursuing PHD Contact 7347534791.

51 वर्ष से अधिक

**Mr. SCK, 5'4", 59** years, 56 Kg., Govt. (Officer) job, seeks a likewise suitable match on legal agreement basis. Pl. send WhatsApp message only on @ 87083-50501

**जाट**
21-30 वर्ष

**जाट- 28 वर्ष/ 5'10",** B.tech (IIT) गवर्नमेंट में IAS ऑफिसर हेतु वधु चाहिए। सम्पर्क करें। 9950787434 (Whats'app).

**पंजाबी**
21-30 वर्ष

**Punjabi Johal Boy,** 6", DOB 09.10.1996, Time 4:45 Evening, Yamunnagar, Own Transport Business, Upper Cast Only. 9354934787

31-40 वर्ष

**Doctor Arora khatri** Smart, Athletic, Spiritual personality vegetarian Non manglik Boy 16.11.1992, 5'11" Haryana civil services (BDPO) seeking educated, slim, tall beautiful vegetarian Girl. 7014463447

41-50 वर्ष

**Punjabi Khatri Boy 5'8** 29-Aug-1982 5:45 pm at Jodhpur Veg NoDrink B.Tech Dhirubhai Ambani University Working Senior Officer Top MNC MUMBAI Income 35Lac+ Legally Divorcee (2013 short period) No issue Seeks educated girl from middle class family Contact (Father) 9314055270 Family Residence Jodhpur Rajasthan

**सिख**
21-30 वर्ष

**Match for well** educated non drinker,non vegetarian,non trimmer Khatri Sikh boy, 5'-11", Aug. 1996, B.Tech. Working in MNC in Chandigarh,Salary 20 LPA. Family well settled in Yamunanagar. Marriage Bureau plz excuse.8708197573

31-40 वर्ष

**Sikh Boy, 19-05-1993,** Education 12th, Height : 5'-9'', Working Job Sales in Panchkula, Contact 9915434125

**वर-वधु**
21-30 वर्ष

**वर/वधू चाहिए**
सम्पूर्ण हरियाणा NCR CHD. व अन्य प्रदेशों विवाह योग्य HIGH-PROFILE ढेरों मनपसंद वर-कन्याएं, जाट, ब्राह्मण, अग्रवाल, पंजाबी, राजपुत, रोड, जट- सिक्ख, SC-BC अन्य सर्वजातीय समुदायों से IAS, IPS, IRS, HCS, Judge, DSP, CA, SDO, PO, Insp, Adv., LECT, MBBS, BDS, BAMS, MD, ETO, MNC, Egineers, NRI, XEN नई भर्ती तहसीलदार, उच्च बिजनेसमेन, उच्चराजनैतिक घरानों के उत्कृष्ट वैवाहिक रिश्तों हेतु बायोडाटा फोन से फ्री लिखवाए। व्हाटसऐप ई-मेल करें या मिलें रजि. नं.35, फ्री सेवा।
shastri.matrimonial@gmail.com
शास्त्री जी घरौडा (करनाल)
096718-02532
094660-70514

**एनआरआई**
41-50 वर्ष

**Suitable Match for** Australian Citizen 5'8'', oct 1981 Born , Never Married , Registered Builder at Melbourne Rajput and Khatri Born 1993 - 1997, 5'3'' to 5'6'' Please send bio data with Photo on WhatsApp No. +614499-08092 mail id photomevi@outlook.com




**अंतरजातीय**
21-30 वर्ष

**अग्रवाल, जाति बंधन नहीं** -23-वर्षीय कुंवारी कन्या, पढ़ी लिखी, घरेलु गरीब परिवार, मंदिर द्वारा शादी, जरूरतमंद संपर्क - 9259025416, 9259032215

**ब्राह्मण,जाति बंधन नहीं -** 29-वर्षीय, पढ़ी लिखी, घरेलु गरीब परिवार कन्या, मंदिर द्वारा शादी, जरूरतमंद ही संपर्क - 8868991239, 9259032215

31-40 वर्ष

**अग्रवाल दो बहने,32-वर्ष** और 34-वर्ष/ मध्यमवर्गीय परिवार, दहेज नहीं दे पाएंगे, इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें, सर्वजाति मान्य 7668561708, 9259032215

**ब्राह्मण-38-वर्षीय गरीब** परिवार, दहेज नहीं, मंदिर द्वारा शादी, घर परिवार देख कर पूरी जिम्मेदारी साथ, कोर्ट द्वारा लिखित में, 9259359104

**क्षत्रिय**
21-30 वर्ष

**GROOM Wanted**
Wanted a well settled (Class I or equivalent) Hindu groom for a Punjabi Kshatriya beautiful & homely daughter of Defence Service Officer based in Delhi NCR & working as an Architect. Ht.5'5"/ Born 1997.
(Marriage Bureaus Excuse)
Contact
8527155515
BhaskarAd.com

**ब्राह्मण**
21-30 वर्ष

**ब्राह्मण-28/5'4",पढ़ी-लिखी,** मिलनसार परिवार, सुंदर, घरेलू कन्या हेतु वर चाहिए !जाति बंधन नहीं!( ब्यूरो क्षमा)8435795448, 7470672726

31-40 वर्ष

**ब्राह्मण- अविवाहित बहने** 28/31 वर्षीय, B.A पास, पिताजी निजी व्यवसाय, मध्यमवर्गीय परिवार योग्य वर स्वीकार्य, टाइमपास वाले दूर। 7425009552, 7232826280.

**ब्राह्मण वर चाहिये**
जांगिड़ विधवा, नि:संतान
34 वर्षीय 10वीं पास
अविवाहित
27 वर्षीय 10वीं पास
कन्याओं हेतु योग्य वर स्वीकार्य सर्वब्राहम्ण मान्य।
9828051467
गौड़ ब्राहम्ण- 32 वर्षीय
12वीं पास, कन्या हेतु योग्य वर स्वीकार्य, बच्चे वाले/ तलाकशुदा मान्य।
9828051467

**जायसवाल**
21-30 वर्ष

**Jaiswal Girl 5'-3',** M.com. 12-09-1999, 12:03 PM, Chandigarh, working Private Job, Preferences only in Tricity, Contact 9417377804

**जाट**
31-40 वर्ष

**जाट वर चाहिए**
विधवा/नि:संतान
33 वर्ष 8वीं पास 5'2"
एवं अविवाहित
28 वर्ष 12वीं पास 5'3"
सुन्दर/सुशील
गृह कार्य में दक्ष कन्याओं हेतु योग्य जाट वर स्वीकार्य
--शीघ्र विवाह--
9928842959

**मांगलिक**
31-40 वर्ष

**Arora Manglik girl** 5/9/1991 5'4'' B.Tech Only Arora family contact Don't contact marriage bureau only interested job Boy- 7837733682, 7973373899



**भास्कर matrimony**
से मेरी बेटी को मिला उसका जीवनसाथी
दैनिक भास्कर मेटरीमोनी में विज्ञापन बुकिंग का सबसे सरल माध्यम
BhaskarAd.com
बनाए विज्ञापन बुकिंग आसान
• घर बैठे ऐड बुकिंग
• आसान ऑनलाइन पेमेंट
9772019222
अब आप क्लासीफाइड, वैवाहिकी, शोक संदेश और जाहिर सूचना के विज्ञापन भी सीधे बुक कर सकते हैं

**प्रजापति**
21-30 वर्ष

**Suitable match** required for 1995 born, Prajapati girl,height 5'-2". Working as Assistant Professor(Government Job) in Punjab. Preference to UP Native. Contact 9646130063

**यादव**
31-40 वर्ष

**यादव वर चाहिये**
विधवा-नि:संतान
33 वर्ष 7वीं पास 5'2"
एवं अविवाहित
28 वर्ष 10वीं पास 5'3"
सुन्दर/सुशील
गृह कार्य में दक्ष कन्याओं हेतु यादव वर स्वीकार्य
--शीघ्र विवाह--
9529583358

**पंजाबी**
21-30 वर्ष

**वर चाहिए- 30-वर्षीय/** 5''5''/ B.A/सिख परिवार की, कन्या हेतु वर चाहिए, सिख एवं पंजाबी परिवार मान्य - 9630025399, 9407537890

**अन्य**
51 वर्ष से अधिक

**कविता यादव 63/ 5.5''/** MSC. govt नर्स से रिटायर्ड 45000 मासिक पेंशन घरजमाई विवाहित, अविवाहित, बिजनेसमैन हेतु वर चाहिए : 8889549903, 8079969717

**52 उम्र 5/4'' गवर्नमेंट जॉब,** मासिक,आय 95000/- स्वयं,का मकान, विधुर ,तलाकशुदा ,अविवाहित घर जमाई सभी मान्य !अर्जेंट है! संपर्क- 7049223550

**(शांति) 61/5.4''/BSC.** Nursing Ret. Govt. Hospital Nurse 58,000 विवाहित, अविवाहित, विधुर, तलाकशुदा, रिटायर्ड, घरजमाई कारोबारी। संपर्क- 9981990494

**62/5.4''/M.com, Ret.** Income Tax Officer 67000 विवाहित, अविवाहित, विकर, रिटायर्ड तलाकशुदा, घरजमाई, कारोबारी संपर्क.- 9981879778, 9981034267

**मुस्लिम**
21-30 वर्ष

**Sunni Muslim, 24 yr, Ht** -5'4" MBA, schooling-DPS, appointed in export industry, Elite Family of exporters/ importers. Seeking suitable match. Mob- 95882-76103

**मैरिज ब्यूरो**
Marriage Bureau

**MBBS, B.Tech, MBA** कुंवारे लड़के/ लड़कियां, विधवा, तालकशुदा, मांगलिक के रिस्तों का भरपुर खजाना, शर्मा जी रिस्ते वाले, भिवानी, 9991150783

**चालिया शादी प्वाईंट,** स्पेशलिस्ट चमार / बनियों के हाई प्रोफाइल रिश्तों के लिए 2 फोटो, बायोडाटा Whatsapp करें। 80590-77330 कुरुक्षेत्र

# दीन दयाल जन आवास योजना

## APPLICATIONS INVITED UNDER HARYANA-RERA APPROVED RESIDENTAL PLOTS

(RERA Regn. No. : HRERA-PKL-RWR-1899-2020)

DEEN DAYAL DDJAY JAN AWAS YOJNA

# SECTOR 22, REWARI, HARYANA

APPROVED RERA APPROVED

**100% Amount is Refundable in Case of Non Allocation**

## 33% महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित






Actual Site Image

# Plots Start From ₹ 72 Lakhs*

**TODAY IS THE LAST DATE OF REGISTRATION**

**ALLOCATION ONLY FOR 5 UNITS LEFT @ 5th OF AUGUST 2025**

| Area (sqyd) | Area (sq.mtr.) | Rate Per Sqyd | Amount | Registration Amount | Booking Amount | Within 30 days | Within 60 days or on Registry (Whichever Falls Earlier) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 132.04 (3 Plots) | 110.45 | 65000 | **₹ 85,82,600** | ₹ 31,000 | ₹ 8,58,260 | ₹ 25,74,780 | ₹ 51,49,560 |
| 110.96 | 92.77 | 65000 | **₹ 72,12,400** | ₹ 31,000 | ₹ 7,21,240 | ₹ 21,63,720 | ₹ 43,27,440 |
| 142.80 | 119.26 | 65000 | **₹ 92,82,000** | ₹ 31,000 | ₹ 9,28,200 | ₹ 27,84,600 | ₹ 55,69,200 |

*GST as applicable t & C Apply

## HIGHLIGHTS & LOCATION ADVANTAGES

- SITUATED ON A 120-METER WIDE NH-71 (ENTRY THROUGH SERVICE ROAD)
- PROPOSED RRTS METRO STATION ABOUT 3 KM AWAY
- PROPOSED NEW BUS STAND AROUND 4 KM AWAY
- REWARI RAILWAY STATION ABOUT 6 KM AWAY
- APPROXIMATELY 3 KM FROM NH-8 (DELHI-JAIPUR HIGHWAY)
- NH-11 (REWARI-JAISALMER) APPROXIMATELY 500 METERS AWAY
- CIVIL HOSPITAL APPROXIMATELY 5 KM AWAY
- 6 KM DELHI PUBLIC SCHOOL (DPS), REWARI

## LOAN AVAILABLE FROM

SBI HDFC BANK pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

"Scan QR Code for Online Registration"

FOR ONLINE REGISTRATION

www.ddjayplotsrewari.com

☎ 88 60 10 40 30

**Disclaimer:** Promoter urges every applicant to inspect project site and shall not merely rely upon any architectural impression, plan, sales brochure, advertisement, representations, statements of whatsoever nature and therefore requests to make personal judgment prior to submitting an application for allotment.Unless otherwise stated, all the images, visuals,materials and information contained herein are purely creative/artistic and may not be actual representation of the product and/or any amenities. Further, the actual design many vary in fit and finished form. The Company reserve the right to change alter add or delete any of the specification mentioned herein without prior permission or notice. Rate mentioned above does not include GST and other statutory **This is not any Government Scheme or Anything Like it, This is purely a Private Marketing Scheme,**

**रोड इंजीनियरिंग पर सवाल** • सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ने देखे 8 ब्लैक स्पॉट, पूछा- यहां कितनी मौतें, कैसे और कब हुईं?

# सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ने पूछा-रोड इंजीनियरिंग ठीक तो मौतें क्यों हो रहीं हैं, निर्देश...चौराहे-तिराहे रीडिजाइन करें

विशेष संवाददाता | भोपाल

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे शुक्रवार को राजधानी की सड़कों पर उतरे। उन्होंने 8 प्रमुख ब्लैक स्पॉट का मुआयना किया। हर लोकेशन पर अधिकारियों से लगातार सवाल करते रहे- यहां कितनी मौतें हुईं? दिन में या रात में? क्या रोड मार्किंग है? ब्रेकर बनाए? फिर भी एक्सीडेंट क्यों हो रहे हैं? दुर्घटनाओं पर उन्होंने सवाल पूछे तो पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि हम साइनेज लगा रहे हैं। रोड इंजीनियरिंग में जो भी दिक्कत हैं, उन्हें ठीक कर दिया गया है। इस पर सप्रे ने फिर सवाल किया- जब सब कुछ ठीक कर रहे हैं तो फिर हादसों में मौतें क्यों हो रही हैं? सड़क हादसे में एक भी मौत नहीं होनी चाहिए। दोपहिया में आगे और पीछे दोनों को हेलमेट पहनाएं। इस दौरान उन्होंने बागसेवनिया तिराहा री-डिजाइन करने, 1250 चौराहे से रोटरी हटाने और ज्यादातर ब्लैक स्पॉट पर लेफ्ट टर्न क्लियर करने के निर्देश दिए।

## लेफ्ट टर्न क्लियर करें, दोपहिया में आगे-पीछे दोनों सवारों को हेलमेट पहनाएं

**▪ भेल : मेरी गाड़ी ही ऊपर-नीचे हो रही , आम दिनों में क्या स्थिति होगी ?**
निरीक्षण पर पहुंचे जस्टिस सप्रे बोले- आज मेरी गाड़ी ही ऊपर-नीचे हो रही थी, आम दिनों में क्या हालत होती होगी? अफसरों ने बताया- सड़क भेल की है। सप्रे ने कहा- तत्काल सुधार कराएं। चौराहे पर साइनेज, रोड मार्किंग जैसे जरूरी काम प्राथमिकता से कराएं।

**▪ तरण पुष्कर तिराहा : इंजीनियरिंग में क्या सुधार किया?**
उन्हें बताया गया यहां दो हादसों में दो मौतें हुईं। सप्रे ने पूछा- रोड इंजीनियरिंग में क्या सुधार किया? इंजीनियर बोले- संजीवनी की ओर लेफ्ट टर्न के लिए ज़मीन चाहिए। पोल हटाने का काम चल रहा है। सप्रे ने निर्देश दिए- रोड मार्किंग कराएं, रात के लिए साइनेज लगाना अनिवार्य है।



अटल पथ पर निरीक्षण के दौरान जस्टिस सप्रे और अधिकारी।

**▪ 1250 चौराहा...इतनी बड़ी रोटरी क्यों बना रखी है री-डिजाइन कराएं**
यहां पता चला-तीन साल में दो हादसे, दोनों रात में। कारण- ओवरस्पीड और बिना सीट बेल्ट गाड़ी चलाना। जस्टिस सप्रे ने पूछा- इतनी बड़ी रोटरी क्यों? बोले- मूर्ति हटाएं, चौराहा री-डिजाइन करें। सिग्नल इस तरह लगाएं कि दूर से साफ नजर आएं, ताकि हादसे रोके जा सकें।अलग स्थान पर लगाया जाए। सिग्नल भी ठीक कराएं ताकि दूर से दिखाई दें।

**▪ कोर्ट चौराहा : पर्यावास भवन के पास ब्लैक स्पॉट खत्म**
यहां तीन साल में 7 एक्सीडेंट, दो मौतें हुईं। बाद में रोड सेफ्टी के लिए डिवाइडर, जेब्रा क्रॉसिंग, लेफ्ट टर्न और सिग्नल सुधारे गए। पर्यावास तिराहे की क्रॉसिंग बंद की गई। जस्टिस सप्रे को बताया गया कि इन सुधारों के बाद यहां अब हादसे नहीं हो रहे हैं।

**छह महीने बाद फिर करूंगा निरीक्षण** दौरे के वक्त निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण, एडीएम अंकुर मेश्राम, एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक बीएस कौल, एसडीएम रविशंकर राय, एसीपी अजय वाजपेयी आदि थे। जस्टिस सप्रे ने कहा- छह महीने में सड़कें ठीक करें। फिर निरीक्षण करूंगा।

### भास्कर नॉलेज
**मप्र हादसों में नं.2**

2020 से हर साल राजधानी में सड़क हादसे बढ़े हैं। इनमें होने वाली मौतों और घायलों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। एनसीआरबी के डाटा के मुताबिक तमिलनाडु के बाद मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा सड़क हादसे होते हैं।

**भोपाल में हुए हादसे**

| | दुर्घटना | मौतें | घायल |
|---|---|---|---|
| 2020 | 1842 | 132 | 1394 |
| 2021 | 2186 | 145 | 1758 |
| 2022 | 2788 | 205 | 2151 |
| 2023 | 2906 | 196 | 2186 |
| 2024 | 2900 | 235 | 2223 |

स्रोत : ट्रैफिक पुलिस

# हाथियों को भगाने के लिए पत्थर मार रहे लोग, ये खतरनाक

भास्कर न्यूज़ | पेण्ड्रा/मरवाही

मरवाही वन परिक्षेत्र में एक बार फिर चार हाथियों के दल की आमद से दहशत का माहौल बन गया है। मध्य प्रदेश के अनूपपुर वनमंडल से आए इन हाथियों ने कुम्हारी और नवाटोला गांवों में फसलों और घरों को नुकसान पहुंचाया है। इसके बावजूद ग्रामीणों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ लोग हाथियों के बेहद नजदीक जाकर उन्हें पत्थर मार रहे हैं और छेड़ने की कोशिश कर रहे हैं। एक वायरल वीडियो में कस्तूरबा गांधी हॉस्टल के सामने ग्रामीणों का एक समूह दंतैल हाथी को दोनों ओर से घेर कर पत्थर मारते हुए दिखाई दे रहा है। लोग हाथी को उकसाकर उसे खदेड़ने का प्रयास कर रहे हैं। जैसे ही हाथी उनकी ओर दौड़ता है, वे भाग खड़े होते हैं। ऐसा कर ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डाल रहे है। बीते साल हाथियों ने हॉस्टल और वन विभाग की दीवार तोड़ दी थी, लेकिन इस बार वे अब तक घरों को नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं। हालांकि, खेतों में तबाही मचाई है।

### अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग करेंगे

मरवाही वनमंडल की डीएफओ ग्रीष्मी चांद ने कहा, हाथियों को छेड़ना खतरनाक है। ग्रामीणों से लगातार अपील कर रहे हैं कि वे हाथियों से दूरी बनाए रखें। उन्होंने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी लोगों को रोकने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है। जल्द ही कलेक्टर और एसपी से मिलकर अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग करेंगे।

### 3 हाथियों का उत्पात

हाथियों का यह दल गुजर नाला पार कर मरवाही नगर पंचायत क्षेत्र के नर्सरी के पास तक पहुंच गया है। इनमें से एक दांत वाला हाथी अपने दल से बिछड़ गया है और नगर क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। स्थानीय लोग उसे देखकर उसे छेड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे हाथी आक्रामक हो सकता है। शुक्रवार को तीन हाथियों ने मरवाही बीट के कुम्हारी और नवाटोला गांवों में चार घरों और पांच किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

**पेमेंट भूले** • मौखिक आदेश से 2022 में दिवाली पर मंगाए गए 5000 पैकेट का भुगतान अब तक नहीं

# पिछली सरकार ने मंगवाए सवा करोड़ के गिफ्ट, देनदारी महिला समूह पर चढ़ गई

श्रीशंकर शुक्ला | रायपुर

प्रदेश में पिछली सरकार की लापरवाही का खामियाजा उजाला ग्राम संगठन की दीदियां भुगत रही हैं। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 2022 में दिवाली पर छेरीखेड़ी स्थित मल्टी यूटिलिटी सेंटर को गिफ्ट हैंपर का मौखिक ऑर्डर दिया था। इसे पूरा करने के लिए उजाला ग्राम समूह ने बैंक और समूह के क्लस्टर से कर्ज लिया। कुछ सामान बाजार से उधार लेकर दिवाली तक गिफ्ट हैंपर के 5 हजार पैकेट तैयार कर मुख्यमंत्री आवास को भेज दिए।

मुख्यमंत्री निवास से गिफ्ट दिल्ली सहित अलग-अलग राज्यों में नेताओं और अफसरों को बांट दिए गए। लेकिन इन दीदियों का भुगतान करना भूल गए। भुगतान के लिए महिला समूह ने कई बार मंत्रालय में एमडी ऑफिस के चक्कर लगाए, लेकिन अब तक उनका पैसा नहीं मिला। दीदियों के समूह को क्लस्टर ने करप्ट घोषित कर अब कर्ज देना बंद कर दिया है। बैंक का कर्ज दीदियां धीरे-धीरे चुका रही हैं। समूह में मोहनी डहरिया अध्यक्ष, परमेश्वरी पाल सचिव, श्वेता जांगड़े कोषाध्यक्ष, विजय लक्ष्मी, दामिनी विश्वकर्मा आदि।

## तीन अलग-अलग हैंपर किए गए थे तैयार, इसके लिए समूह ने लोन लिया

दीदियों ने बताया कि अक्टूबर 2022 में दीपावली के पहले मिशन संचालक एसएलआरएम के कार्यालय से मौखिक आदेश आया। आदेश में कहा गया कि मुख्यमंत्री निवास पर 5 हजार गिफ्ट हैंपर भेजना है। ये करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए के थे। इसमें 5 हजार, 3 हजार और 2 हजार की टोकरी का हैंपर तैयार करने के लिए कहा गया था। तत्काल इतने बड़े ऑर्डर के लिए दीदियों के पास पैसा नहीं था, लेकिन मामला सीएम हाउस से जुड़ा था तो दीदियां मना नहीं कर सकीं। दीदियों ने इन्हें तैयार करने के लिए क्लस्टर से 35 लाख और बैंक के करीब 10 लाख का लोन लिया। दुकानों से उधार में सामाग्री खरीदी और कुछ पैसा समूह ने लगाया। महिला समूह की सदस्य ने बताया कि समूह की दीदियों ने मिलकर बैंक ऑफ बड़ौदा से लोन लिया था। बैंक का लोन समूह के सेविंग अकाउंट से जुड़ा है। समूह के खाते में पैसा रहता है, तो बैंक हर माह 8 हजार रुपए खुद ब खुद काट लेती है। यदि खाते में पैसा नहीं रहता तो बैंक के लोग खुद आकर तकादा कर लेते हैं। पेमेंट लेट होने पर एक्स्ट्रा चार्ज भी काटते हैं।



### गिफ्ट हैंपर में क्या थी सामग्री

गिफ्ट हैंपर में नारियल तेल, मिलेट लड्डू, मुनगा पाउडर, हर्बल चाय, कुकीज, साबुन, शहद, आचार, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, अपराजिता का फूल, गोबर के दिए आदि।

### सरकार बदल गई

सप्लाई के बाद महिला समूह ने 6 माह तक पेमेंट का इंतजार किया। इसके बाद शिकायत लेकर विकास भवन के एमडी कार्यालय पहुंचीं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। विधानसभा चुनाव हुए, सरकार बदल गई। 3 एमडी भी बदल गए, लेकिन भुगतान अटका ही रह गया।

*उजाला समूह की दीदियों ने यदि गिफ्ट हैंपर की सप्लाई की थी, तो उनको भुगतान किया जाना चाहिए था। मामला पुराना हो गया है, मुझे ठीक से याद नहीं है।*
**-अवनीश शरण,** तत्कालीन मिशन संचालक, एसएलआरएम

*पुराना मामला है मुझे इसकी जानकारी नहीं है। ऑ फिस में पता करवाती हूं कि इसका कोई आदेश जारी हुआ था क्या। इसके बाद ही मैं कुछ बोल पाऊंगी।*
**- जयश्री जैन,** मिशन संचालक एसआरएलएम

# धर्मांतरण व मानव तस्करी मामले में 2 नन को एनआईए कोर्ट से जमानत

**शर्तें: देश छोड़ने पर रोक, पासपोर्ट जब्त, हाजिरी में आना होगा**

भास्कर न्यूज़ | बिलासपुर/दुर्ग

धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोप में दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार की गईं केरल की दो ननों व एक अन्य को बिलासपुर की एनआईए स्पेशल कोर्ट से जमानत मिल गई है। शनिवार को प्रिंसिपल एंड डिस्ट्रिक्ट जज सिराजुद्दीन कुरैशी की कोर्ट ने तीनों को 50-50 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत दी। अदालत ने जमानत शर्तों में कहा है कि आरोपी देश नहीं छोड़ सकते, उनका पासपोर्ट जमा रहेगा और जब भी पुलिस या जांच एजेंसी बुलाए, तो उन्हें हाजिरी देनी होगी।

गौरतलब है कि 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन में बजरंग दल की शिकायत पर आरपीएफ ने नन प्रीति मेरी और सिस्टर वंदना फ्रांसिस, पास्टर सुखमन मंडावी को गिरफ्तार किया था। आरोप था कि तीनों नारायणपुर की लड़कियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण के लिए ले जा रहे थे। वहीं, । रिहाई के बाद दोनों ननों को लेने भाजपा केरल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर स्वयं जेल पहुंचे और उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाकर दुर्ग स्थित ज्योति चर्च ले गए।



### कांग्रेस विधायक बोले- ठोस सबूत नहीं

*कोर्ट ने साफ कहा है कि आरोप साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं था। ये गिरफ्तारी जबरदस्ती की गई थी। अब हम अगला कदम एफआईआर को रद्द करवाने के लिए उठाएंगे। जिन्होंने अंदर भेजा, वही अब बाहर लाने आ रहे हैं। भाजपा का यह सिर्फ दिखावा है।*
**- रोजी एम जॉन,** कांग्रेस विधायक केरल

*ननों को जमानत मिल गई है। इस पूरे मामले में भाजपा और आरएसएस का असली चेहरा सामने आ चुका है। एक तरफ ये क्रिसमस में लोगों को लड्डू और केक बांटते हैं। दूसरी तरफ ननों को जो समाज सेवा का काम कर रहीं हैं, दूसरों की भलाई का काम कर रही हैं, उन्हें जेल में डाल दिया जाता है*
**- जेबी माथेर,** सांसद, राज्यसभा

# स्कूल छोड़ने गई किशोरी व 9 साल की बच्ची लापता

भास्कर न्यूज़ | बिलासपुर

बिल्हा में एक किशोरी अपने छोटे भाई और रिश्तेदार की बेटी को स्कूल छोड़ने गई थी, लेकिन वह और छोटी बच्ची दोनों लापता हो गईं। वहीं छोटा भाई स्कूल में सुरक्षित मिला। दिनभर तलाश करने के बाद परिजन ने देर शाम बिल्हा थाने में दोनों बच्चियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अनहोनी की आशंका से परिवार परेशान है। वहीं पुलिस दोनों नाबालिग बच्चियों की तलाश में जुटी है। माता-पिता रोज की तरह काम पर गए थे। वहीं 11 वर्षीय किशोरी अपने 6 साल के भाई और रिश्तेदार की 9 साल बेटी को स्कूल छोड़ने गई थी। दोपहर 12 बजे जब मां काम से लौटकर घर पहुंची, तो बच्चे घर पर नहीं थे। पूछताछ करने पर पता चला कि बड़ी बेटी दोनों बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थी लेकिन लौटकर नहीं आई। घबराई मां ने पिता को सूचना दी। पिता रिश्तेदारों के साथ बच्चों की तलाश में निकले और स्कूल पहुंचे। वहां बेटा तो मिल गया, लेकिन दोनों बच्चियों का कोई पता नहीं चला। परिजन ने पूरे दिन आसपास के इलाके, रिश्तेदारों और बच्चियों के दोस्तों के घरों में तलाश की।

**गेम में हारी जिंदगी...** 7वीं के छात्र ने मां का खाता कर रखा था लिंक

# ऑनलाइन गेम में 3 हजार रुपए हारा 13 साल का मासूम, जन्मदिन के अगले दिन सुसाइड

भास्कर न्यूज़ | इंदौर

कांपते हाथों से स्ट्रेचर पर रखे 13 साल के बेटे के शव के सिर पर हाथ फेरते हुए पिता के मुंह से यही शब्द निकल रहे थे कि पैसे इतने जरूरी नहीं थे, जितना बेटा। एक दिन पहले ही जन्मदिन मनाया था, क्या पता था, अब बेटा साथ नहीं रहेगा। यह हृदय विदारक दृश्य शुक्रवार को एमवाय हॉस्पिटल की मर्च्यूरी का था।



अनुराग नगर निवासी 13 साल के अकलंक जैन ने ऑनलाइन गेमिंग में रुपए हारने की वजह से आत्महत्या कर ली। टीआई सीबी सिंह ने बताया, अकलंक गुरुवार रात मोबाइल फोन में फ्री फायर गेम खेल रहा था। इसमें वह करीब 3 हजार रुपए हार गया। उसकी मां को पता चला तो उन्होंने समझाया। कहा कि बेटा, इस तरह के गेम क्यों खेलते हो? तुम्हें अभी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। इतना बोलने के बाद मां घर के काम में लग गईं। अकलंक को डर था कि रुपए हारने की बात घर के अन्य लोगों को पता चलेगी तो डांट पड़ेगी। रात करीब 8:30 बजे वह अपने कमरे में गया और फांसी लगा ली। जानकारी मिलने पर उसे निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता अंकेश जैन ऑटो पार्ट्स व्यापारी हैं। छोटी ग्वालटोली और देवास नाका पर दुकान हैं। अकलंक उनका इकलौता बेटा था।

### बिना सिम का मोबाइल वाइफाई से कनेक्ट था

अकलंक एमरल्ड हाइट्स स्कूल में 7वीं में पढ़ता था। उसके पास मोबाइल फोन था, लेकिन इसमें सिम नहीं था। यह वाई-फाई से कनेक्ट था। उसने गेमिंग आईडी से अपनी मां का डेबिट कार्ड लिंक कर रखा था। गेम खेलने के दौरान उसके मोबाइल से 800, 400, 400, 240, 400 की किस्तों में करीब 3 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया था।

**खबर से सबक**
**निगरानी जरूरी**

फोन पर बच्चों को आजादी दीजिए, लेकिन निगरानी के साथ। तकनीक से पहले भावनात्मक जुड़ाव जरूरी है। खर्च की आदत भी समझाइए, वरना डिजिटल दुनिया में फंसना तय है। बच्चा क्या खेल रहा है, यह जानने से पहले समझिए कि वह किस उलझन में है।

# दूसरी शादी से मना किया तो बेटे को मार डाला, उम्रकैद

भास्कर न्यूज़ | घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने अपने पुत्र गोपाल मांझी की हत्या करने वाले आरोपी पिता रतिराम मांझी को आजीवन कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही मृतक के परिजनों को एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ से दिलाने की अनुशंसा की।अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार घटना 19-20 जुलाई 2019 की दरम्यानी रात की है। थाना धरमजयगढ़ अंतर्गत चौकी रैरूमा खुर्द में गोंदा बाई मांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब एक बजे रतिराम अपने पुत्र गोपाल से कह रहा था कि वह दूसरा विवाह करेगा। पिता द्वारा दूसरी शादी करने की बात कहने पर उसके बेटे गोपाल ने विरोध किया। इसी बात पर दोनों में विवाद हुआ। दोनों झगड़ते हुए गांव के हुड़ार झोरखा की ओर चले गए। कुछ देर बाद पिता रतिराम घर लौट आया। उसने अपनी बहू गोंदा बाई को बताया कि गोपाल को बहुत मार दिया है। इसके बाद वह भाग गया। गोंदा बाई अपने चाचा ससुर अनिल मांझी के साथ घटनास्थल पहुंची। वहां गोपाल बेहोश पड़ा था। उसके चेहरे पर चोट के कई निशान थे। वह खून से लथपथ था। गोपाल को एम्बुलेंस से पत्थलगांव अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाला गिरफ्तार

**जशपुरनगर** | सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक लाख रुपए की मांग की थी। रुपए नहीं देने पर उसने युवती का फेसबुक हैक कर वीडियो स्टोरी में वायरल कर दी थी। 18 जुलाई 2022 को युवती ने कुनकुरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# सरकारी भवन राम भरोसे; इसलिए मंदिर की चौखट पर ही शिक्षा | की प्राण प्रतिष्ठा



मंदिर के बाहर शेड के नीचे पढ़ते मकड़ावन के विद्यार्थी।

**गोविंद पाटीदार . मंदसौर** | मुख्यालय से करीब 70 किमी दूरी मकड़ावन प्राथमिक स्कूल बेबसी की दास्तां खुद कह रहा है। प्राचार्य ने नोटिस बोर्ड लगाकर लिख दिया है- ये भवन जर्जर है, इससे दूर रहें। अब बच्चों को गांव के राधा-कृष्ण मंदिर की चौखट पर पढ़ाया जा रहा है। स्कूल के 73 विद्यार्थियों को पिछले एक महीने से तीन शिक्षक मंदिर की चौखट पर पढ़ा रहे हैं। उनका कहना है तीनों कमरे खतरनाक हो चुके हैं। मरम्मत के लिए 1.5 लाख रुपए स्वीकृत भी हुए थे लेकिन यह राशि पर्याप्त नहीं थी तो लैप्स हो गई।




स्कूल के बोर्ड पर लिखा नोटिस- भवन से दूर रहें।

**संडे एंकर** कई जिलों के डीईओ ने जारी किया था आदेश, हाई कोर्ट ने याचिका मंजूर की

# आदेश निरस्त, सीबीएसई स्कूल अब निजी प्रकाशकों की किताबें भी पूरक के तौर पर कर सकेंगे इस्तेमाल

भास्कर न्यूज़ | बिलासपुर

हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के निजी स्कूलों में सिर्फ एनसीईआरटी की किताबों को अनिवार्य करने का आदेश निरस्त कर दिया है। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच ने कहा है कि सीबीएसई से संबद्ध निजी स्कूलों में पहली से 8वींक तक निजी प्रकाशकों की किताबें पूरक सामग्री के तौर पर इस्तेमाल की जा सकेंगी। हालांकि हाई कोर्ट ने सीबीएसई के अगस्त 2024 में जारी आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश के तहत 8वीं तक निजी प्रकाशकों की किताबों को सिर्फ पूरक के तौर पर इस्तेमाल करने की छूट दी गई थी। जबकि 9वीं से 12वीं तक एनसीईआरटी की किताबों को अनिवार्य किया गया था।

## सीबीएसई की गाइडलाइन: 9वीं से 12वीं तक एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य

सीबीएसई ने स्कूलों में निजी प्रकाशकों की किताबों के इस्तेमाल करने को लेकर 12 अगस्त 2024 को अधिसूचना जारी की थी। इसमें स्कूलों के लिए किताबों के चयन और उनके उपयोग को लेकर विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किए गए थे। गाइडलाइन के तहत कक्षा 1 से 8 तक एनसीईआरटी-एससीईआरटी की किताबों को अपनाने की सख्त सलाह दी गई है, जबकि कक्षा 9 से 12 तक एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य कर दी गई थीं। स्कूलों को 8वीं तक एनसीईआरटी या एससीईआरटी की किताबें अपनाने की सलाह दी गई, हालांकि, यदि जरूरत होने पर स्कूलों को पूरक अध्ययन सामग्री का उपयोग करने की छूट दी गई। वहीं, कक्षा 9 से 12वीं तक एनसीईआरटी किताबों का इस्तेमाल अनिवार्य किया गया। जिन विषयों में किताबें उपलब्ध नहीं हों, वहां सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध पाठ्यपुस्तकों का उपयोग करना अनिवार्य किया गया। हालांकि इन कक्षाओं में स्कूल अपनी आवश्यकता अनुसार पूरक और डिजिटल सामग्री का भी उपयोग कर सकते हैं।



### यह शर्तें अनिवार्य की हैं

- किसी भी पूरक या डिजिटल सामग्री या निजी प्रकाशन की पुस्तकों का उपयोग करते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी।
- समाज के किसी वर्ग, समुदाय, लिंग या धर्म विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री का उपयोग करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।
- स्कूलों को अपनी वेबसाइट पर सभी कक्षाओं की पुस्तकों की सूची अपलोड करनी होगी।

# महिला को काउंसिलिंग के दौरान टीआई-स्टाफ ने पीटा

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

दहेज प्रताड़ना के मामले में काउंसिलिंग के दौरान पीड़ित महिला व उसकी बुजुर्ग मां की तत्कालीन महिला थाना प्रभारी, स्टाफ व उसके पति ने थाने के भीतर जमकर पिटाई कर दी। उनके साथ गाली-गलौज की गई और चरित्र पर आरोप लगाया गया। महिला थाना में पीड़िता की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की गई। महिला ने इसकी वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अधिकारियों ने भी सुनवाई नहीं की। तब महिला ने कोर्ट में परिवाद दायर किया। कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन महिला थाना प्रभारी टीआई वेदवती दरियो, सिपाही शारदा वर्मा, फगेश्वरी कंवर और महिला के पति सय्यद आसिफ अली पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

श्री अरबिंदो अस्पताल में दो दिनी कॉन्फ्रेंस

# प्रसव के दौरान मातृ व शिशु मृत्यु रोकने पर रहेगा फोकस

**इंदौर** | देश में गर्भावस्था और प्रसव के दौरान समय पर सही इलाज नहीं मिलने से आज भी बड़ी संख्या में शिशुओं की मृत्यु हो जाती है। इसे रोकना चुनौती है। इसी को ध्यान में रखकर श्री अरबिंदो अस्पताल के इकॉर्ड-इंडिया सेंटर में दो दिनी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू हुई है। यह आयोजन आयुष्या-सेंटर फॉर फेटल मेडिसिन द्वारा फेटल मेडिसिन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, स्टिलबर्थ सोसायटी ऑफ इंडिया, रॉयल कॉलेज ऑफ ऑब्स्टेट्रिशियंस एंड गायनेकोलॉजिस्ट्स (यूके) और श्री अरबिंदो यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया जा रहा। उद्घाटन श्री अरबिंदो यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति डॉ. मंजूश्री भंडारी और सेम्स के फाउंडर चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी करेंगे। मुख्य आयोजक डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के कई विशेषज्ञ शामिल होंगे। फादर ऑफ फेटल मेडिसिन कहे जाने वाले प्रो. काइप्रस कोलाइडस भी ऑनलाइन जुड़ेंगे।

### परिजन से संवाद करेंगे

कार्यक्रम में स्त्री रोग, नवजात शिशु चिकित्सा, भ्रूण विज्ञान और शरीर रचना से जुड़े विशेषज्ञ, डॉक्टर व प्रशिक्षित दाईं भी शामिल होंगे। पहले दिन शिशु निगरानी प्रणाली, लेबर रूम में संवाद कौशल जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे दिन 9 वैज्ञानिक सत्र होंगे जिनमें मातृ-शिशु मृत्युदर कम करने की रणनीति पर चर्चा होगी। डॉ. अनिता कौल और डॉ. तमकीन खान ने बताया कांफ्रेंस में शोक संतप्त परिजन से संवाद किया जाएगा।



# आकार ले रहा जोधपुर का नया एयरपोर्ट

**राजेश त्रिवेदी. जोधपुर** | राजस्थान के दूसरे सबसे बड़े शहर जोधपुर को इस साल अत्याधुनिक एयरपोर्ट की सौगात मिलने वाली है। दिवाली तक इसका निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। इसका टर्मिनल अब आकार लेने लगा है।

**नया सिविल एयरपोर्ट**

35 एकड़ पर 3 एप्रिन, 12 हैंगर

360 करोड़ रुपए लागत आएगी

**फायदाः** इंटर व इंट्रा स्टेट की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। भविष्य में अंतरराष्ट्रीय उड़ान भी संभव, रात में भी फ्लाइट उड़ान भर सकेंगे।

निर्माणाधीन एयरपोर्ट टर्मिनल की यह तस्वीर एयरपोर्ट अथॉरिटी की विशेष इजाजत से ली। बूम लिफ्ट से 110 फीट ऊपर जाकर यह फोटो क्लिक की गई। फोटो : विकास बोड़ा

### पंचायतों से जुड़ा वन स्टेट वन इलेक्शन का रास्ता साफ

# नई 130 पंचायत समितियों, 3 हजार ग्राम पंचायतों को मंजूरी इसी सप्ताह

**हर्ष खटाना** | जयपुर

प्रदेश में 130 पंचायत समिति और तीन हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के गठन पर 5 अगस्त को मंत्रिमंडल उप समिति की बैठक बुलाई गई। विभाग के अनुसार कानूनी अड़चनों को दूर करते हुए अब नई ग्राम पंचायतों के अनुमोदन पर निर्णय लिया जाएगा। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों का मानना है कि अनुमोदन प्रोसेस के बाद 15 से 20 अगस्त के बीच नोटिफिकेशन जारी होने का काम शुरू हो जाएगा। नई पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों के गठन के बाद बाद प्रदेश में ग्राम पंचायतों की संख्या करीब 15 हजार हो जाएगी, जबकि पंचायत समितियों की संख्या 495 के आसपास होगी।

गौरतलब है कि वर्तमान में 365 पंचायत समितियां और 11 हजार 193 ग्राम पंचायतें है। इन्हीं से टूटकर ये नई पंचायत समितियां और ग्राम पंचायतें बनने जा रही हैं। प्रदेश में जनवरी से नई पंचायतों के सीमांकन और नव गठन का प्रोसेस चल रहा है। इस काम के पूरा होने के साथ ही वन स्टेट वन इलेक्शन के काम को गति मिलेगी। इसी कड़ी में पंचायत चुनाव की राह खुल जाएगी। 17 दिसंबर 2024 में ही राज्य सरकार ने पंच-सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाया था। इस कड़ी में सरपंचों को प्रशासक का काम देखने का दायित्व भी दिया गया था।

## सरकार पर 75 करोड़ प्रति माह का अतिरिक्त भार बढ़ेगा

पंचायतीराज राज में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन तथा सीमांकन के साथ ग्रामीणों के कामकाज को सुगम बनाने के लिए ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसके लिए पुनर्गठन और नवसृजन की प्रक्रिया चल रही है। एक अनुमान के अनुसार नई ग्राम पंचायतों के गठन के बाद सरकार पर हर माह 75 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार बढ़ेगा। राज्यभर में करीब 3 हजार ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। एक ग्राम पंचायत कार्यालय के संचालन में हर माह औसत ढाई लाख रुपए का खर्चा आता है। इसमें कर्मचारियों के वेतन, जनप्रतिनिधियों का मानदेय, बिजली बिल, साफ सफाई और अन्य खर्चे शामिल हैं। ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया जून माह में पूरी होनी थी। अब पुनर्गठन होने के बाद नई ग्राम पंचायतों की संख्या के आधार पर पंचायतीराज विभाग नए पद सृजित करने और वित्तीय आवश्यकता का प्रस्ताव तैयार करेगा। नवीन ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक, एएनएम ,कृर्षि पर्यवेक्षक, हैंडपंप, मिस्त्री, सहित अन्य विभागों कै पंचायत स्तरीय अधिकारी के पद सर्जित किए जाएंगे।

## 1 करोड़ से ज्यादा आबादी को राहत की उम्मीद बढ़ी

नई ग्राम पंचायतों के गठन का फायदा सर्वाधिक सीमा से सटे जिलों को मिलेगा। सवा करोड़ से अधिक आबादी के लोगों को नई ग्राम पंचायतों का फायदा मिलेगा। पंचायत चुनाव में बीकानेर, बाड़मेर, बालोतरा, चूरू, जैसलमेर, जोधपुर और फलोदी में करीब 800 वोट हासिल करने वाले सरपंच व गांव की सरकार का हिस्सा बन जाएंगे। उधर सामान्य 34 जिलों में 2550 औसत आबादी प्रति ग्राम पंचायत है। ऐसे में इन जगहों पर भी 1250 में सरपंच या गांवों की सरकार बनेगी। गौरतलब है कि इससे पहले इन जगहों पर 3000 से 5500 की आबादी पर प्रति ग्राम पंचायत का फॉर्मूला लागू था, जो इस बार घटते-घटते मरुस्थलीय और बारां के कुछ क्षेत्र में 1650 और सामान्य जिलों में औसत 2550 की आबादी का रहा है। कलेक्टरों ने आबादी की गणना का आधार 2011 के जनगणना को माना है, जबकि पिछली बार भी ये ही आधार था।

**भास्कर एक्सपर्ट**

**अशोक जैन, पूर्व उप सचिव, स्टेट इलेक्शन**

## 22 हजार से ज्यादा पद बढ़ेंगे, नई लीडरशिप तैयार होगी

प्रदेश में 130 पंचायत समिति बनने से करीब सवा दो हजार तक पद बढ़ जाएंगे। इनमें 260 तो प्रधान और उप प्रधान रहेंगे। वहीं दो हजार पंचायत समिति सदस्य बनेंगे। इसी तरह ग्राम पंचायत तीन हजार बढ़ीं तो सरपंच और उप सरपंचों की संख्या छह हजार बढ़ेगी। ग्राम पंचायत सदस्य पांच या इससे अधिक रहे तो ये आंकड़ा 14-15 हजार रहेगा। ऐसे में ये आंकड़ा 20 से 21 हजार रहेगा। बताया जा रहा है कि इससे नई लीडरशिप की राह भी खुलेगी। हालांकि, प्रदेश में 11 से अधिक जिलों में प्रधान और जिला प्रमुख के चुनाव दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 तक हुए थे। ऐसे में वन स्टेट वन इलेक्शन के लिए पांच साल पूरा कराने की कानूनी दिक्कतें भी राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के समक्ष आ सकती है।

## आईआईटी बॉम्बे के छात्र ने हॉस्टल की इमारत से कूदकर दी जान

**भास्कर न्यूज** | मुंबई

आईआईटी बॉम्बे में पढ़ रहे 22 वर्षीय छात्र रोहित सिन्हा ने शनिवार तड़के हॉस्टल की इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, छात्र ने रात लगभग 2:30 बजे 10वीं मंजिल से छलांग लगाई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोहित दिल्ली का रहने वाला था। वह मेटलर्जिकल विज्ञान के चौथे वर्ष का छात्र था। पुलिस ने अकस्मात मृत्यु का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

2005 से 2024 तक आईआईटी में कुल 115 आत्महत्याएं दर्ज की गई हैं। इनमें से 37 मामले 2019 से 2024 के बीच हुए। जनवरी 2024 से अगस्त 2025 तक आईआईटी के 13 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा चार आत्महत्याएं आईआईटी खड़गपुर में हुईं। इसके बाद इस मामले में 10 सदस्यीय समिति गठित की गई थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई जारी है। 28 जुलाई को कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सरकार से चार हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी।

### मालेगांव धमाका • पूर्व भाजपा सांसद बोलीं- झूठ बोलने का दबाव था

# प्रज्ञा ठाकुर का दावा- टॉर्चर कर मोदी का नाम लेने को कहा था

**एजेंसी** | मुंबई

मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी हुईं साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने शनिवार को बड़ा दावा किया। पूर्व भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों ने उन्हें टॉर्चर कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेताओं के नाम लेने का दबाव बनाया था। उन्होंने यह बयान मुंबई की सेशंस कोर्ट में जमानत से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मीडिया से बातचीत में दिया। यह पहली बार है जब उन्होंने ऐसा चौंकाने वाला दावा किया है। सभी सातों आरोपियों को बरी करने वाले एनआईए की विशेष अदालत के 1036 पन्नों के फैसले में इस बात का कहीं कोई जिक्र नहीं है।

प्रज्ञा ने कहा, 'जांच के दौरान मुझसे कहा गया कि मैं मोदी का नाम लूं, क्योंकि उस समय मैं सूरत (गुजरात) में रह रही थी। मुझसे मोहन भागवत, योगी आदित्यनाथ, इंद्रेश, राम माधव और कई अन्य लोगों के नाम लेने को कहा गया। लेकिन मैंने किसी का नाम नहीं लिया, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलना चाहती थी।' उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र एटीएस के तत्कालीन एसीपी परमबीर सिंह, चीफ हेमंत करकरे और अफसर सुखविंदर सिंह ने उन्हें झूठ बोलने के लिए टॉर्चर किया।

## कोर्ट ने नहीं मानी टॉर्चर की बात

हालांकि, विशेष एनआईए कोर्ट के जज एके लाहोटी ने अपने फैसले में प्रज्ञा ठाकुर के टॉर्चर के आरोप खारिज कर दिए। कोर्ट ने कहा कि प्रज्ञा ने इस संबंध में कोई सबूत पेश नहीं किया और न ही गिरफ्तारी के बाद नासिक कोर्ट में कोई शिकायत की। कोर्ट ने 2011 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला भी दिया, जिसमें टॉर्चर के आरोप खारिज किए गए थे।

## गृह क्लेश में पति ने पत्नी की हत्या की

**भावनगर** | भावनगर जिले के तलाजा तालुका के शेलावदार गांव में शनिवार की सुबह एक हत्या की घटना सामने आई, जिसमें पति ने अपनी पत्नी की किसी भारी वस्तु से हत्या कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भावनगर जिले के तलाजा तालुका के शेलावदार गांव निवासी छायाबेन वनराजभाई गोहिल और उनके पति वनराजभाई गोहिल के बीच मकान को लेकर विवाद था, आशंका है कि महिला की हत्या की यह वजह हो सकती है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए तलाजा अस्पताल भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। दाता पुलिस स्टेशन के पीएसआई सीएच मकवाणा ने बताया कि भावनगर जिले के तलाजा तालुका के शेलावदार गांव में पति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या की जानकारी मिलने पर, वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।


**GOVERNMENT OF ASSAM**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER, PWD (BUILDING) ASSAM, CHANDMARI, GUWAHATI-3**

No. CE/TB-III(B)/87/2025/5

**PRESS NOTICE INVITING TENDER**

The Chief Engineer, P.W.D, Assam on behalf of the Governor of Assam invites bids through Engineering, Procurement and Construction (EPC) Mode-I of contract for the following works under P.W.D. (Bldg.), Assam from eligible Firm/Contractor of repute having requisite experience in similar nature of work. Details of bid may be seen at e-procurement portal www.assamtenders.gov.in

The bidders must be enrolled in www.assamtenders.gov.in

| SL. No. | Name of Work | Approx value of work | Completion Period | Bid Security 2% of Bid value for General category, and 1% of Bid value for Reserved category | Cost of Bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of New Circuit House at Tamulpur, Assam | Rs. 8,66,42,807.00 | 20 (Twenty) Months | For General category, Rs. 17,32,856.00 and For Reserved category Rs.8,66,428.00 | Rs. 18,000.00 |

N.B.:-

1. Value of work may vary according to the detail NIT.
2. The Press Notice will form a part of the Bidding Document.

Chief Engineer, P.W.D.
Bldg, Assam Chandmari, Guwahati-3

DIPR/C/DBS/234/3-Aug-25


## धमाके के साथ 2 मकान 30 फीट गहरे गड्ढे में समाए, 7 मकान खाली कराए

**भास्कर न्यूज** | नोखा (बीकानेर)

नोखा में शुक्रवार रात को शहर के रोड़ा रोड स्थित सिनेमा हॉल के पीछे दो मकान 30 फीट गहरे गड्ढे में धंस गए। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के 7 मकानों को खाली करा लिया है। पहले यहां बजरी खनन होता था, क्षेत्र में खोखली जमीन है, जहां रिहाइश हो गई है। घटना शुक्रवार रात 11 बजे हुई। घटना के वक्त एक परिवार बाहर खुले में था, जबकि दूसरे मकान में टेंट हाउस संचालित होता है।

जानकारी के अनुसार सीमा जोशी और कन्हैयालाल के मकान अगल-बगल हैं। सीमा ने बताया कि वह और उनके बच्चे घटना के समय मकान के आगे वाले हिस्से में थे। खाना खाने के बाद बर्तन धोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान तेज धमाका हुआ। डर के मारे वे बाहर की ओर भागे। मकान का पिछला हिस्सा पूरी तरह जमींदोज हो गया। कन्हैयालाल का मकान टेंट व्यापारी श्रवण जोशी को किराए पर दिया गया था।

## पालनपुरः दूध की धारा की तरह बह रहा पाणियारी आश्रम के पास मौजूद झरना



**मेहसाणा** | यह तस्वीर बनासकांठा के पालनपुर से 30 किलोमीटर दूर स्थित पाणियारी झरने की है। दूध की धारा की तरह बहते पानी की यह तस्वीर कैमरे के लॉन्ग एक्सपोजर क्लिक की है। एक तस्वीर क्लिक करने में 15 से 30 सेकंड का समय लगता है। पाणियारी आश्रम के पास स्थित इस झरने तक पहुंचने के लिए 2 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। पहले पड़ाव में सड़क के बीचों-बीच बहते पानी की नदी को पार करना पड़ता है। कच्ची सड़क के दोनों ओर पेड़ों की कतार के साथ एक झरना भी है। भालुओं और तेंदुओं का इलाका होने के कारण यहां सावधानी बरतना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि बनासकांठा कलेक्टर ने 30 सितंबर तक इस झरने पर जाने पर प्रतिबंध लगा रखा है।

**फोटोः प्रमोद शाह, विपुल सिंह झाला**


**प्रकाशन हेतु**

नगर निगम गुरुग्राम के भवनकर रिकार्ड में यूनिट आई0डी0नं0 1CP2BND6, C1870, Sushant Lok Phase-1, 122003, Deed no 1913 दिनांक 10-12-1991 अनुसार उक्त यूनिट की मलकीयत Mrs. Neelam Mahajan के नाम दर्ज है। अब Mrs. Neelam Mahajan की मृत्यू दिनांक 12.05.2025 के उपरान्त Mr. Anupam Mahajan नें Legal Heirs Certificate दिनांक 04.07.2025 द्वारा प्रार्थना की है कि उक्त यूनिट के Mr. Anupam Mahajan कानूनी वारिस है। अतः उक्त यूनिट की मलिकयत प्रार्थी के नाम दर्ज की जावें।

यदि इस मलकीयत / भवन / यूनिट आई0डी0नं0 1CP2BND6, C1870, Sushant Lok Phase-1, 122003, Mr. Anupam Mahajan के नाम दर्ज करने हेतू किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज है तो वह समाचार पत्र में प्रकाषित होने के 30 दिन (तीस दिन) के अन्दर- अन्दर अपना एतराज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दे सकता है। समयावधी समाप्त होने उपरान्त भवन कर रिकार्ड में प्रार्थी का नाम स्थानान्तरण कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम उत्तरदायी नही होगा। सूचित होवें।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी-4,
नगर निगम गुरुग्राम।



**बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra** भारत सरकार का उद्यम — एक परिवार एक बैंक

**गुड़गांव सेक्टर-15 शाखा 1189**
**(पाल, आर्केड बिल्डिंग, झाड़सा रोड, सेक्टर-15, गुरुग्राम-122001)**

**भौतिक कब्जे का नोटिस**

अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेक्टर 15 शाखा, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक **30.01.2025** को उधारकर्ता/गारंटर से अनुरोध करते हुए एक मांग नोटिस जारी किया है। **उधारकर्ताः मेसर्स टेकवुड होम्स, मालिक श्री अमित रावत** के माध्यम से, **पता 1:** द्वितीय तल, 5045/9, नेता जी सुभाष नगर, दरियागंज गंज, दिल्ली, नई दिल्ली-110002। **पता 2:** 9/52, श्याम ब्लॉक कैलाश नगर, गांधी नगर, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली-110031। **गारंटरः श्रीमती स्वाति रावत** पत्नी श्री अमित रावत **पताः** द्वितीय तल, 5045/9, नेता जी सुभाष नगर, दरियागंज, दिल्ली, पिन-110002, 30.01.2025 से **रु. 2,96,23,534/- (दो करोड़ छियानवे लाख तेईस हजार पांच सौ चौंतीस मात्र)** की पूरी राशि, साथ ही भविष्य का ब्याज, खर्च और अन्य शुल्क (**30.01.2025** से वसूली, यदि कोई हो, घटाकर) उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाना होगा।

उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहा है, इसके द्वारा उधारकर्ता / गारंटर और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मध्य दिल्ली, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली द्वारा नियुक्त श्री विपिन सिंह, एडवोकेट (रिसीवर) के माध्यम से दिनांक **02.06.2025** को एमए नंबर 166/2025 (बैंक ऑफ महाराष्ट्र, शाखा गुड़गांव, सेक्टर-15 हरियाणा बनाम मेसर्स टेकवुड होम्स (उधारकर्ता फर्म) एवं श्रीमती स्वाति रावत (गारंटर) में पारित आदेश के अनुसार को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, **1 अगस्त, 2025** को, नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है.

उधारकर्ता/गारंटर को विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन से सावधान किया जाता है और संपत्ति से संबंधित किसी भी लेन-देन पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेक्टर-15 शाखा गुड़गांव, हरियाणा का प्रभार होगा, जिसकी राशि ऊपर उल्लिखित है।

उधारकर्ता/गारंटर का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

**बैंक को गिरवी रखी गई और बैंक द्वारा भौतिक कब्जे में ली गई संपत्ति का विवरण इस प्रकार है:**

**विवरण अचल संपत्ति का**

नेता जी सुभाष मार्ग, दरियागंज में श्री अमित रावत पुत्र कुशल रावत के स्वामित्व वाले आवासीय फ्लैट संख्या 5045/9, संपूर्ण तृतीय तल, क्षेत्रफल 173.90 वर्ग मीटर, का समतुल्य बंधक, पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 26.10.2021, पंजीकरण संख्या-9, 141, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 19014, पृष्ठ 178 से 188 पर, बिना छत के अधिकार के, निम्नानुसार परिबद्ध। पूर्वः 40 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः नेताजी सुभाष मार्ग, उत्तरः भूखंड संख्या 8, दक्षिणः भूखंड संख्या 10

दिनांक 03.08.2025,
स्थानः दरियागंज, दिल्ली

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लिए
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र



**GOVERNMENT OF ASSAM**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (ROADS), PUBLIC WORKS ROADS DEPARTMENT, ASSAM, GUWAHATI-03**

No. CE/DEV/TB/54/2025-26/06

**PRESS NOTICE INVITING TENDER**

The Chief Engineer (Roads), PWRD, Assam, Chandmari, Guwahati-3 invites bid on behalf of Governor of Assam for11 (Eleven) nos. of packages for Improvement of Roads under Mukhya Mantrir Unnoto Pakipath Nirman Achani (MMUPPNA) under RIDF-XXXI of NABARD for the year 2025-26 in Karbi Anglong & West Karbi Anglong District of Assam amounting to **Rs.5128.68 Lakhs** (approx.) including GST & LC etc. from approved & eligible Contractors registered with PWRD, Assam.

Details may be seen from 16-08-2025 at website **www.assamtenders.gov.in.** Amendment /Addendum to the SBD, if any, and further notifications shall appear in this website and also at the office of the undersigned during office hours. The contractor/bidder must be registered with the Electronic Tendering System (ETS) of PWRD, Assam website **www.assamtenders.gov.in.**

Schemes are not yet sanctioned by the competent authority. In the event of non-sanction of the schemes, the bids may be cancelled and no claim what so ever on this account shall be entertained from the bidders.

Chief Engineer (Roads), PWRD,
Assam, Chandmari, Guwahati-3.

DIPR/C/DBS/239/3-AUG-2025



**Nava Nalanda Mahavihara**
(Deemed University)
Ministry of Culture, Government of India
Nalanda-803111, Bihar, INDIA

**Advertisement for the Guest Faculty Advt. Notice No. NNM/Guest Faculty/2025/02**

Applications are invited from eligible Indian nationals for engagement as **Guest Faculty** for the academic session 2025-26 in various desciplines. For detailed qualifications, terms, conditions and application proforma, please visit: www.nnm.ac.in

**Last Date for Submission: 18.08.2025 by 6:00 P.M.**

Registrar
Nava Nalanda Mahavihara, Nalanda



**केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियान्त्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, (सिपेट) : आईपीटी, मुरथल**
**(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)**
**50 वां माईल स्टोन, डीसीआरयूएसटी कैम्पस, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा 31039**

सिपेट CIPET

**AICTE APPROVED** | **ADMISSION OPEN**

B. Tech (Plastics Technology) Lateral Entry (Affiliated with DCRUST)
दृितीय वर्ष (3rd Semester) सत्र 2025-26 की रिक्त सीटो पर सीधे प्रवेश हेतु आवेदन आंमत्रित किए जाते हैं। (As Per HSTES Guidelines (Institute Counseling)

| कोर्स का नाम | प्रवेश योग्यता | महत्वपूर्ण तिथियां (जिन तिथियो में Counseling प्रारंभ होनी है) | |
|---|---|---|---|
| | | Last Date & Time For Submitting/ Receiving Application Form Online/offline | Date Of Counseling |
| B.Tech (Lateral Entry) (प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी) | Passed Minimum THREE years / TWO years (Lateral Entry) Diploma examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) in ANY branch of Engineering and Technology. OR Passed B.Sc. Degree from a recognized University as defined by UGC, with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) and passed 10+2 examination with Mathematics as a subject. OR Passed B.Voc/3-year D.Voc. Stream in the same or allied sector | 04.08.2025 11:59 PM | 05.08.2025 1st counseling Time:- 10:00 AM to 5:00 PM |
| | | 06.08.2025 11:59 PM | 07.08.2025 2nd counseling) Time:- 10:00 AM to 5:00 PM |
| | | Walk-in/Dates of Direct Admission (Open counseling) at Institute Level. First come First basis for filling up of remaining Vacant seats 08.08.2025 to 14.08.2025 Reporting Time 10:00 AM to 05:00 PM | |

1. दाखिले के लिए आरक्षण संबंधी नियम **HSTES** तथा **DCRUST- MURTHAL** के नियमानुसार होगा। जो कि **Institute Level 1st & 2nd Counseling में ही लागू होगा।**
2. छात्र एंव छात्राओं के लिए छात्रवास की सुविधा संस्थान में उपलब्ध है।
3. प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी एवं फार्म के लिए **www.cipet.gov.in** पर संर्पक करे।
4. प्रत्येक counseling के साथ अभ्यार्थी को अवश्यक दस्तावेजो के साथ रूपये 35,810/- जमा करना एवं counseling में शामिल होना अनिवार्य है।
5. इच्छुक अभ्यार्थी **Application** फार्म भरकर **murthal@cipet.gov.in** पर **E-mail** करें।

**अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करे - 9466146015, 8950050008, 7869965470, 9896380485 ई-मेल** murthal@cipet.gov.in

विज्ञापन क्रमांक : 2025-26/15 | निदेशक एवं प्रमुख

जब पड़ोसी मिलकर काम करते हैं, तो साथ बढ़ते हैं। लेकिन जब वे विनाशकारी प्रतिस्पर्धा करते हैं, तो केवल खाई ही गहरी होती है।

**-कोफी अन्नान, पूर्व महासचिव, संयुक्त राष्ट्र**

दैनिक भास्कर | अब आप रसरंग के सभी आर्टिकल DB एप पर हर रविवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें DB एप

हाल के वैश्विक घटनाक्रमों से भारत और चीन के बीच सहयोग की नई जमीन बनने की संभावना बढ़ गई है।
**लेकिन सीमा विवाद और पाकिस्तान को चीनी समर्थन के अलावा दोनों के बीच पसरा अविश्वास इस राह में बड़ी चुनौती है।**

# भारत-चीन : साझेदारी या शह और मात?

**कवर स्टोरी**



**हर्ष वी. पंत**
विदेश मामलों के विशेषज्ञ

हाल के वैश्विक घटनाक्रमों ने भारत और चीन के बीच सहयोग की संभावना को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। अमेरिका ने हाल ही में भारत के कुछ उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जबकि वह चीन पर पहले से ही ट्रेड, टेक्नोलॉजी और भू-राजनीतिक दबाव बना रहा है। इस पृष्ठभूमि में दोनों एशियाई शक्तियों के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग को लेकर नई जमीन बन सकती है। चीन के विदेश मंत्री पहले भी कह चुके हैं कि भारत और चीन को मिलकर काम करना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी इस बात को दोहराया है कि दुनिया बहुध्रुवीय होती जा रही है और भारत-चीन जैसे पड़ोसी देशों को संवाद बनाए रखना चाहिए। यह हकीकत है कि भारत और चीन में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं, विशेषकर व्यापार, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन के मामले में। लेकिन सवाल यह भी है कि सीमा विवाद और ट्रस्ट डेफिसिट जैसी चुनौतियां क्या इसमें अड़ंगा नहीं लगाएंगी? फिर चीन का पाकिस्तान के प्रति चला आ रहा 'प्रेम' भी दोनों के रिश्तों के बीच बड़ी चुनौती है और यह चुनौती बनी रहेगी।

## इन 4 क्षेत्रों में करेंगे सहयोग?

### 1. व्यापार : भारत के लिए जरूरी

भारत और चीन दोनों के बीच व्यापार में सतत बढ़ोतरी होते आई है। साल 2020 के गलवान घाटी विवाद के बाद भी इसमें कमी नहीं आई, क्योंकि यह दोनों के ही हित में है। चूंकि भारत इंटरमिडिएट गुड्स (कच्चे माल) के लिए चीन पर बहुत अधिक निर्भर है, इसलिए वह इस स्थिति में नहीं है कि चीन से जो निर्यात हो रहे हैं, उन्हें दरकिनार कर सके। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर व्यापार में कमी आती है, तो भारत के आर्थिक विकास पर इसका सीधा असर पड़ेगा। यह चीन के भी हित में इसलिए है, क्योंकि कुल करीब 135 अरब डॉलर के व्यापार में से 99 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस उसके पक्ष में है।

### 2. तकनीक : चीन की बड़ी छलांग

इसमें कोई दो राय नहीं है कि इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में चीन ने बहुत बड़ी छलांग लगाई है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भी शामिल है। चीन ने इन तकनीकों में काफी निवेश किया है और इस वजह से वह अमेरिका को टक्कर देता भी दिखाई पड़ रहा है। लेकिन इसमें भारत को चीन से कोई बहुत ज्यादा अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। यह ऐसा क्षेत्र है, जो आने वाले समय में ग्लोबल बैलेंस पावर को डिफाइन करेगा। चीन किसी भी कीमत पर भारत की उस क्षेत्र में मदद नहीं करेगा, जिसमें भारत की तकनीकी दक्षताओं में इजाफा हो।

### 3. ग्रीन एनर्जी : मिलकर काम संभव

इस क्षेत्र में भारत और चीन दोनों ही अपने-अपने तरह से प्रयासरत हैं। इस क्षेत्र में दोनों के साथ मिलकर काम करने की काफी संभावनाएं हैं, क्योंकि दोनों ही बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और ग्रीन फ्यूचर की तरफ बढ़ना चाहती हैं और लगातार बढ़ भी रही हैं। इन दोनों ने अपने-अपने मानदंड व लक्ष्य बनाए हैं और इनको पूरा करने के लिए जरूरी है कि ये एक साथ काम करें। इसी में इनका फायदा है। फिर जलवायु परिवर्तन की समस्या है, जिसका खामियाजा भी दोनों देशों को भुगतना पड़ सकता है। जब तक ये हरित ऊर्जा में साथ मिलकर काम नहीं करेंगे, तब तक इस समस्या का समाधान ढूंढना मुश्किल होगा।

### 4. शिक्षा-संस्कृति: काफी संभावना

यह ऐसी चीज है, जो गलवान विवाद के बाद पूरी तरह कट गई थी। इसमें पुनरुद्धार की संभावना थी और जो धीरे-धीरे हो भी रहा है। यह फिर से लौटेगा, अगर चीन सीमा मसलों को लेकर दोबारा से कोई गलती नहीं करे। चीन के खिलाफ भारत में एक माहौल है। यहां लोगों में उसके प्रति बहुत ज्यादा गर्मजोशी नहीं है। लेकिन शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के जरिए दोनों देश एक-दूसरे को समझने की बेहतर कोशिश कर सकते हैं और करनी भी चाहिए। लेकिन यह भी अपेक्षा नहीं करनी चाहिए कि केवल इससे सामरिक संबंधों में कोई बहुत बड़ा बदलाव आ जाएगा।



चित्रांकन
गौतम चक्रवर्ती

## 1962 : चीन ने क्यों किया था एकतरफा युद्धविराम?

*21 नवंबर 1962 को चीन ने भारत के साथ युद्धविराम घोषित कर दिया, जबकि वह स्पष्ट रूप से बढ़त पर था। यह युद्ध भारत के लिए गहरा सदमा था, खासकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की छवि को इससे चोट पहुंची थी। चीन के लिए यह न सिर्फ भारत, बल्कि पश्चिमी दुनिया के लिए भी अपनी ताकत का प्रदर्शन था।*

### युद्ध क्यों हुआ था?

1962 के युद्ध के कई कारण थे। 1950 में जब तिब्बत बफर के तौर पर हटा तो चीन ने बॉर्डर एरिया पर नियंत्रण करने की कोशिश की। इस समय चीन को भारत तिब्बत के एक समर्थक के तौर पर नजर आया। फिर चीन ने अक्साई चीन को अपने साथ जोड़ने की कोशिश की। इसको लेकर विवाद की शुरुआत हुई और इस तरह यह एक युद्ध में तब्दील हो गया। युद्ध की एक परोक्ष वजह और भी मानी जाती है। उस समय चीन में माओ जेडोंग की 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड' नीति, जिसका उद्देश्य देश को कृषि प्रधान से बाहर निकालकर आधुनिक राष्ट्र बनाना था, के प्रति जनता में असंतोष था। युद्ध का मकसद उनकी घटती लोकप्रियता पर परदा डालना भी था

### कौन बना था भारत का मददगार?

चीन ने भारत के खिलाफ यह युद्ध बहुत सोच-समझकर 'क्यूबन मिसाइल संकट' के समय किया था। यह अक्टूबर 1962 में अमेरिका और सोवियत संघ के बीच एक गंभीर सैन्य और राजनीतिक टकराव था। चीन को ऐसा लगा था कि दोनों बड़ी शक्तियां आपस में भिड़ी हुई हैं। उनके पास इन मुद्दों के लिए समय नहीं होगा। लेकिन मिसाइल संकट जल्दी खत्म हो गया तो उसके बाद भारत ने अमेरिका से सहायता मांगी। इस पर अमेरिका ने अपना एयरक्रॉफ्ट कैरियर भारत भेज दिया। इससे घबराकर चीन ने युद्धविराम घोषित कर दिया। फिर चीन का एक मकसद अक्साई चीन पर कब्जा करना था, जो उसने कर लिया था। इसलिए भी युद्ध को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं बचा था।

## इन 4 क्षेत्रों में है चुनौती

### 1. सीमा विवाद : कोई उम्मीद नहीं

चीन भारत के सामने हमेशा एक सामरिक चुनौती खड़ी करता है और खड़ी करता रहेगा। सीमा विवाद इसका एक हिस्सा है। गलवान में जिस पाइंट पर झड़प हुई थी, वहां से दोनों सेनाएं पीछे हट गई हैं, लेकिन क्षेत्र पूरी तरह से खाली नहीं हुआ है। दोनों ने जिस तरह से सीमाओं पर अपनी-अपनी सेनाओं को मोबेलाइज किया है, उससे लगता नहीं है कि इस प्रक्रिया में कोई तेजी आएगी।

### 2. बीआरआई : घेरने का प्रयास

भारत के सामने एक दूसरी बड़ी चुनौती है चीन द्वारा शुरू किया गया बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई)। इसके जरिए उसने भारत के चारों ओर इंफ्रास्ट्रक्चर का जाल बिछा दिया है। इससे चीन की सैन्य क्षमता हिंद महासागर तक आ गई है। तो चीन केवल आर्थिक व सैन्य ताकत ही नहीं, बीआरआई द्वारा भी भारत को घेरने का प्रयास कर रहा है।

### 3. अविश्वास : एक गहरी खाई

दोनों के बीच अविश्वास की एक गहरी खाई है और उसे पाटने में बहुत समय लगेगा। हाल ही में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) ने भारतीय युवाओं के बीच एक सर्वे किया था। उसमें पाया गया कि चीन पर अविश्वास करने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है और अविश्वास की यह धारा आम लोगों से लेकर सत्ता तक जाती है। चीन को लेकर यह स्थिति बनी रहेगी।

### 4. पाकिस्तान : चीन का मोहरा

चीन जिस तरह से पाकिस्तान के साथ सहयोग करता है, यह भारत के लिए बड़ी चुनौती है। चीन ने कभी भी पाकिस्तान को दूसरे दर्जे का नहीं माना है। उसने हमेशा यही कोशिश की है कि दक्षिण एशिया में वह पाकिस्तान को भारत के समकक्ष रखे। उसकी नीति यही है कि भारत सदैव दक्षिण एशियाई देश के तौर पर बंधा हुआ नजर आए और उसे तोड़कर वैश्विक शक्ति के तौर पर खड़ा न हो पाए।

## रसरंग नॉलेज | चीन बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति, भारत की ताकत युवा आबादी

### 1. आर्थिक शक्ति

- **चीनः** विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। जीडीपी लगभग 19-20 ट्रिलियन डॉलर है, वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग में इसका 30% हिस्सा रखता है।
- **भारतः** चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। जीडीपी 4.1 ट्रिलियन डॉलर, लेकिन 6.5% के साथ सबसे तेज विकास दर। सबसे अधिक युवा आबादी भी यहीं।
- **मायने क्या?:** अर्थव्यवस्था के आकार में चीन आगे, लेकिन विकास दर, जनसांख्यिकीय लाभ और भविष्य की संभावनाओं में भारत बेहतर स्थिति में है।

### 2. सामरिक शक्ति

- **चीनः** 220 अरब डॉलर का रक्षा बजट। सक्रिय सैन्यकर्मियों की संख्या 20 से 22 लाख। सिप्री के अनुसार 600 से अधिक न्यूक्लियर वारहेड्स।
- **भारतः** लगभग 82 अरब डॉलर का रक्षा बजट। सक्रिय सैन्यकर्मियों की संख्या लगभग 14 लाख। सिप्री के अनुसार 180 न्यूक्लियर वारहेड्स।
- **मायने क्या?:** सेना की संख्या, बजट और आधुनिक तकनीकों में चीन को स्पष्ट बढ़त। लेकिन भारत का परमाणु शक्ति सम्पन्न होना बैलेंस का काम करता है।

### 3. भू-रणनीतिक प्रभाव

- **चीनः** हिंद महासागर में व्यापक प्रभाव। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के जरिए पड़ोसी देशों पर प्रभुत्व स्थापित करके भारत को घेरने का प्रयास।
- **भारतः** हिंद महासागर में नौसेना की मौजूदगी बढ़ा रहा है। 2035 तक 175 जहाज तैनात करने का लक्ष्य। क्वाड-ब्रिक्स से संतुलन बनाने में सक्रिय।
- **मायने क्या?:** समुद्री शक्ति और वैश्विक सामरिक नीति में चीन बड़ा खिलाड़ी है, लेकिन भारत की स्ट्रेटेजिक पोजिशन उसे चीन से मुकाबले में बराबरी पर ले आती है।

## हर हफ्ते खेलिए भास्कर फैमिली क्विज

*हर रविवार **रसरंग** में खेलिए भास्कर फैमिली क्विज। इसमें भाग लेने के लिए यहां दिए गए **क्यूआर कोड** को स्कैन करें। वहां आपको मिलेंगे पांच सवाल।*

*या आप* **8770592563** नंबर पर QUIZ टाइप करके वॉट्सअप भी भेज सकते हैं। इस पर मिले लिंक को ओपन करके दीजिए सवालों के जवाब। *पांचों सवालों के सही जवाब देकर आप बन सकते हैं लकी विनर और जीत सकते हैं **2100 रुपए** मूल्य तक के उपहार।*

**अब आप क्विज में आज रात 12 बजे तक शामिल हो सकते हैं।**

### भास्कर फैमिली क्विज-141 के सवाल

**Q-1. इनमें से किस महाकाव्य का नाम पहले जय संहिता था?**
(A) महाभारत (B) उपनिषद
(C) शिवपुराण (D) रामायण

**Q-2. कान फिल्म फेस्टिवल इनमें से किस देश में आयोजित होता है?**
(A) अमेरिका (B) ब्रिटेन
(C) फ्रांस (D) भारत

**Q-3. इनमें से कौन पंजाब केसरी के नाम से विख्यात थे?**
(A) गुरु गोबिंद सिंह जी
(B) लाला राजपत राय
(C) रणजीत सिंह (D) गुरु नानक जी

**Q-4. जंजीरा का किला किस राज्य में स्थित है?**
(A) महाराष्ट्र (B) कर्नाटक
(C) केरल (D) गुजरात

**Q-5. इनमें से कौन-सी गैस शीतल पेय में भरी जाती है?**
(A) ऑक्सीजन (B) नाइट्रोजन
(C) कार्बन डाइऑक्साइड (D) हीलियम

### भास्कर फैमिली क्विज-140 के जवाब

प्रश्न 1 - सही जवाब : (C) केरल, प्रश्न 2: (B) आइजैक न्यूटन, प्रश्न 3: (B) थार, प्रश्न 4: (C) स्कर्वी, 5: (A) सात।

### ... और 10 लकी विनर्स

दीक्षिता सिसौदिया (8740851555)
मीनू जोशी (9414919475)
पीयूष गुर्जर (8290960366)
प्रदीप कुमार पुराणिक (8827175707)
संजू गढ़वाल (8955454045)
संतोष बिश्नोई (9414149260)
संतोष शर्मा (9893483519)
तेजपाल सिंह भाटी (9999556232)
वंदना समय्या (8770958821)
वेदांत विनोदिया (8103358613)।

# शंकराचार्य, दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के अलग वेदांत

**मायथोलॉजी**



**देवदत्त पट्टनायक**

लगभग 1200 वर्ष पहले आदि शंकराचार्य ने जिस प्रकार हिंदू धर्म को अभिव्यक्त किया, वह करीब 150 वर्ष पूर्व स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती द्वारा की गई व्याख्याओं से काफी भिन्न था। इसका कारण यह था कि इन तीनों को अपने-अपने समय में अलग-अलग प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, उनके विचारों में कई समानताएं भी देखने को मिलती हैं।

तीनों महापुरुष जीवनभर ब्रह्मचारी रहे। उन्होंने जीवन के उद्देश्य और स्वरूप पर गहन चिंतन किया और अपने अनुभवों तथा ज्ञान को अपने अनुयायियों तक पहुंचाया। तीनों के गुरुओं की पृष्ठभूमि भी भिन्न थी। शंकराचार्य के गुरु गौड़पाद एक साधु थे, जिन पर महायान बौद्ध धर्म का गहरा प्रभाव था। विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस काली मंदिर के पुजारी थे। वे अन्य धर्मों की शिक्षाओं से भी परिचित थे। दयानंद सरस्वती के गुरु विरजानंद दंडी संस्कृत व्याकरण और वेदों के प्रकांड विद्वान थे।

शंकराचार्य के समय बौद्ध धर्म भारत में अत्यंत लोकप्रिय था, लेकिन वह श्रीलंका का थेरवाद संप्रदाय नहीं था। भारत में तब महायान, वज्रयान और तांत्रिक बौद्ध परंपराएं प्रचलित थीं, जिनमें स्त्री रूप को योगिनियों और तारा देवी के माध्यम से प्रमुखता दी जाती थी। इन संप्रदायों में बुद्ध को हेरुक जैसे रूपों में दर्शाया गया। वहीं, विवेकानंद और दयानंद को अंग्रेजों और ईसाई मिशनरियों के विरोध का सामना करना पड़ा, जो



स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन का बेलूर स्थित मठ और मुख्यालय।

हिंदू धर्म को पिछड़ा और मूर्तिपूजक मानते थे।

शंकराचार्य के समय न तो भारतवासी विदेशों में बसने जाते थे और न ही विदेशी भारत में आकर बसते थे। शंकराचार्य के लिए धर्म-परिवर्तन की अवधारणा भी अज्ञात रही होगी, जो 19वीं सदी में आम हो गई थी। उस समय हिंदू लोग ईसाई धर्म अपनाने लगे, यूरोपीय लोग हिंदू धर्म में रुचि लेने लगे और विदेशों में रहने वाले हिंदुओं को बार-बार अपने धर्म की व्याख्या करनी पड़ी। इसलिए, शंकराचार्य के लेखनों में शुद्धिकरण (पुनः हिंदू बनाए जाने) के किसी अनुष्ठान का उल्लेख नहीं मिलता है। वास्तव में, इस प्रकार का अनुष्ठान सबसे पहले दयानंद सरस्वती ने स्थापित किया, ताकि धर्मांतरण कर चुके लोग फिर से हिंदू बन सकें। वहीं, विवेकानंद ने एक अभूतपूर्व कदम उठाया। वे उस समय विदेश गए, जब ऐसा करना अधिकांश लोगों की कल्पना से परे था। उन्होंने पश्चिमी समाज को वेदांत से परिचित कराया।

शंकराचार्य का योगदान वेद और पुराणों को जोड़ने में भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उस समय ब्राह्मण समाज दो धाराओं में विभाजित था। एक ओर वे थे जो पुराने वैदिक यज्ञों के अनुष्ठान में विश्वास रखते थे और दूसरी ओर वे जो नए मंदिर-आधारित अनुष्ठानों का पालन करते थे। शंकराचार्य ने इन दोनों धाराओं को जोड़ने की नींव रखी। उन्होंने निर्गुण ब्रह्म और सगुण ब्रह्म की अवधारणाओं को जोड़ा। वे शैव, वैष्णव, स्मार्त और सिद्ध परंपराओं से भी भली-भांति परिचित थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे सभी धाराओं को एकीकृत करने का प्रयास कर रहे थे। यही कारण है कि भारत के अधिकांश प्रमुख तीर्थस्थल शंकराचार्य से जुड़े हुए हैं।

19वीं सदी में भी कई प्रकार के वैचारिक तनाव देखे गए। दयानंद सरस्वती वेद संहिताओं में हिंदू धर्म का मूल सार खोजने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने पुराणों और मंदिर-आधारित परंपराओं को नकार दिया था। इसके विपरीत, विवेकानंद ने मंदिर पर आधारित परंपराओं का सम्मान किया और रामकृष्ण मिशन के अंतर्गत काली पूजा को संस्थागत रूप दिया।

शंकराचार्य ने उपनिषदों पर आधारित वेदांत दर्शन अर्थात उत्तर मीमांसा को स्वीकार किया और यज्ञ-कर्म पर आधारित पूर्व मीमांसा को अस्वीकार कर दिया। विवेकानंद भी इसी वैचारिक परंपरा के समर्थक थे। इसके विपरीत, दयानंद ने वैदिक स्तोत्रों के जप और यज्ञ अनुष्ठानों को उपनिषदों की अपेक्षा अधिक महत्व दिया।

शंकराचार्य, शारदा देवी के भक्त थे और उन्होंने उभय भारती नामक एक विदुषी स्त्री से ज्ञान प्राप्त किया था। विवेकानंद मां काली के भक्त थे। शंकराचार्य के समय से समाज में महिलाओं की शिक्षा को मिलने वाला महत्व धीरे-धीरे कम होने लगा था। इस शिक्षण परंपरा का पुनरुत्थान लगभग एक सहस्राब्दी बाद तब हुआ, जब विवेकानंद और दयानंद के अनुयायियों ने महिलाओं के लिए पाठशालाएं स्थापित कीं।

devdutthindi@gmail.com

# भीगी धरती, भीगा दिल और भीगी आंखें, यही जीवन के मुक्तिधाम!

**चिन्तन**



**गुणवंत शाह**
पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ विचारक

इन दिनों मेरे चेतना-आकाश में मेघदूत महोत्सव चल रहा है। झमाझम बारिश के साथ विस्मय की भी वर्षा हो रही है। मेरे घर की बगिया हर पल नई-सी लगती है। मेरा बाग हर क्षण रंग बदलता रहता है। इस बात का आभास केवल तितलियों को होता है। जो पौधा कई दिनों तक दिखाई भी न दे, वह अचानक फूलों से भर जाता है। रातों-रात उसमें रंग-बिरंगी छटा बिखर जाती है। मेरे बहुत करीब मोगरे का एक फूल खिला हुआ है। उसकी खुशबू की पात्रता केवल कुछ संवेदनशील नाकों को ही होती है। असल में, मोगरे का खिलना ही उसका मोक्ष है। कविवर रवींद्रनाथ टैगोर कहते हैं- फूल जब खिलता है और खुलता है, तब वह अपनी महक बिखेरता है। यही उसका मोक्ष है।

ऋतुएं बहती रहती हैं और महीने मानो उड़ते चले जाते हैं। हर पल समय इधर से उधर भागता दिखाई देता है। कालचक्र एक क्षण के लिए भी नहीं रुकता। हम जिस कन्वेयर बेल्ट पर आगे बढ़ते हैं, वह दरअसल समय का ही रूप है।

### रामायण में बारिश

वाल्मीकि रामायण के किष्किंधाकांड का 28 वां सर्ग पूरी तरह से वर्षा ऋतु के वर्णन से भीगा हुआ है। इसका वर्णन सीता वियोग में डूबे राम स्वयं कर रहे हैं। बालि का वध और सुग्रीव का राज्याभिषेक हो चुका है। राम-लक्ष्मण माल्यवंत पर्वत पर निवास कर रहे हैं। कुल 66 श्लोकों में राम, लक्ष्मण से केवल वर्षा ऋतु के बारे में ही बात करते हैं। सुनो, वे क्या कहते हैं: हे, सुमित्रानंदन! नीले रंग के सहारे चमकने वाली यह बिजली मुझे तड़पती सीता जैसी लगती है। मंद-मंद हवा ऐसी लगती है, मानो किसी के आंसुओं से भीगी सांस हो। बादलों की गड़गड़ाहट से मृदंग की ध्वनि सुनाई देती है। वर्षा की धारा मानो स्वर्ग की अप्सराओं की मणियों के टूटने जैसी लगती है। हे! लक्ष्मण, मेरा दुख अब तो और बढ़ गया है। दिन बिताना कठिन हो गया है। इधर वर्षा है कि रुकने का नाम ही नहीं लेती। वर्षा से राम भी व्यथित हो गए, वहीं दूसरी ओर हम हैं कि सूखे के सूखे। यदि उस समय सीता राम के साथ होतीं तो भी श्रीराम पीड़ित ही होते। पर वह पीड़ा वियोग की नहीं, प्रेम की होती।

### सावन में विचलित मन

बारिश हो रही हो और मन विचलित न हो, ऐसे इंसान से सावधान रहने की आवश्यकता है। हमारे समाज में न जाने कितनी ही बेमानी परेशानियां हैं, जिनसे हम सभी घिरे रहते हैं। जो व्यक्ति बारिश के दौरान भीतरी झंझावातों से गुजरे, वास्तव में वही साधु है। जो बारिश में प्रेम की टीस को महसूस करे, वह शायर है। जो बारिश में अकेले ही यादों की बूंदों से भीगे, वो ही सच्चा प्रेमी है। और जो बारिश उसे एक क्षण के लिए भी विचलित न करे, ऐसे निर्मोही को तो देशनिकाला दे देना चाहिए। इससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है।

निजी अवरोध क्या है? आपने जिसे पाने की चाहत की, लेकिन उसे पा न सके और जीवन की धारा में बस बहते ही चले गए, ऐसे किसी व्यक्ति के स्मरण से भीगी आंखें सभी के भाग्य में नहीं होतीं। भीगी धरती, भीगा हृदय और भीगी आंखें, यही जीवन के मुक्तिधाम हैं। शहीद होने के लिए मरना जरूरी है, ऐसा किसने कहा? जीते जी भी भीनी-भीनी शहादत का स्वाद चखा जा सकता है।



### वर्षा में धर्म का सार

झमाझम बारिश हो रही हो, तब मन में एक विचित्र प्रार्थना का भाव पैदा हो रहा है। हे! ईश्वर मुझमें यह भाव आ रहा है कि मैं उससे सुंदर दिखाई दूं। मुझे इस विचार से मुक्त करो। अगर मेरा पतन हो जाता है तो इसका दोष मैं किसी और पर न डालूं। पतन के पलों में यदि मैं आत्मनिर्भर रहूं, तो यह किसी चमत्कार से कम न होगा। अगर मैं सुधर जाता हूं, तब भी मैं स्वावलंबी बना रहूं, यही प्रार्थना है। इन सारी बातों को छोड़ो, अपनी उम्र को भूल जाओ, फिर भीगो। बारिश में तो धर्म का सार समझ में आ जाएगा।

## मीना कुमारी : दो दिन पहले थी सालगिरह, उनसे जुड़े हैं कई किस्से

# गंभीर बीमार थीं, फिर भी दिया था शॉट

मेरे हिस्से के किस्से



रूमी जाफरी
बॉलीवुड फिल्मों के लेखक, निर्देशक



फिल्म 'पाकीज़ा' के एक दृश्य में मीना कुमारी।

दो दिन पहले 1 अगस्त को मशहूर अभिनेत्री महजबीन बानो यानी मीना कुमारी की सालगिरह थी। तभी से मेरे ज़ेहन में उनकी सुनी हुई और पढ़ी हुई बहुत सारी बातें घूम रही हैं। तो मेरे हिस्से के किस्से में आज बात मीना कुमारी जी की। मीना कुमारी जी की बहुत सारी बातें और किस्से आपको पता होंगे, मगर मैं आज आपको वो बताने जा रहा हूं, जो बहुत कम लोगों को पता होगा।

कमाल अमरोही के बेटे ताजदार अमरोही जी ने मुझे बताया कि मीना कुमारी जी महाबलेश्वर से आ रही थीं कि उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। उनके हाथ में चोट लग गई। उनके बाएं हाथ की एक उंगली टूट गई। वो जुड़ तो गई, लेकिन टेढ़ी हो गई। उस ज़माने में मेडिकल साइंस इतना एडवांस नहीं था कि कोई प्लास्टिक सर्जरी या मेडिकल सर्जरी होती या आर्टिफिशियल उंगली लग जाती। इसलिए, अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि इस हादसे के बाद मीना कुमारी ने किसी भी फिल्म में अपना बायां हाथ नहीं दिखाया। बिना हाथ दिखाए अभिनय करना बहुत मुश्किल होता है, मगर वो इतनी जबरदस्त कलाकार थीं कि बाएं हाथ को कभी पल्लू में, कभी कपड़ों में, कभी बालों में इस तरह से मैनेज करती थीं कि दर्शकों का कभी ध्यान नहीं गया कि हमने उनका बायां हाथ नहीं देखा।

दूसरा वाकया 'दुश्मन' फिल्म के डायरेक्टर दुलाल गुहा के असिस्टेंट अजीज सजावल ने बताया था। उन्होंने बताया कि 70 के दशक में मीना जी बहुत बीमार थीं। 'पाकीजा' भी पूरी हो चुकी थी और हमारी 'दुश्मन' भी। 'दुश्मन' फिल्म में वो विधवा बनी हैं। सिर्फ एक ही सीन बचा था, जिसमें खबर आती है कि उनके पति की एक्सीडेंट में मौत हो गई, उसमें उन्हें सुहागन दिखाना था। वही एक सीन बाकी था और उस समय वो एक तरह से मृत्यु शैया पर थीं। दुलाल दा, राजेश खन्ना सब परेशान थे कि अब क्या करें। शूटिंग करना तो नामुमकिन था, क्योंकि वो कमरे से निकल नहीं सकती थीं।

दुलाल दा ने उनसे बात की, उनकी तबीयत पूछी। तबीयत पूछने के बाद कहा कि किसी तरह अगर चूड़ी टूटने का, जिसमें मांग में सिंदूर भरा है, इतना शॉट भी मिल जाए तो अच्छा हो, क्योंकि बाकी फिल्म तो बन चुकी है। लेकिन फिर बोले, चलिए, कोई बात नहीं, हम मैनेज कर लेंगे। नहीं दिखाएंगे सुहागन, विधवा ही दिखाएंगे। तो मीना कुमारी जी बोलीं कि नहीं, तुम कॉम्प्रोमाइज मत करो। बस बात इतनी है कि शूट पर आने की मेरी हिम्मत नहीं है और ना ही डॉक्टर इजाजत दे रहे हैं। उस वक्त वो जुहू के जानकी कुटीर में, जहां पृथ्वी थिएटर है, वहां के एक बंगले में थीं। उन्होंने कहा कि तुम अपना कैमरा लेकर यहीं आ जाओ, यहीं पर मैं सुहागन का मेकअप करके तुम्हें शॉट दे दूंगी। यही किया दुलाल दा ने। कैमरामैन और असिस्टेंट को लेकर दुलाल दा बंगले में पहुंचे। 'दुश्मन' मूवी का एक शॉट है, जहां उनको अपने पति की खबर मिलती है, वो चीखती हैं। वो उन्होंने अपनी जिंदगी का आखिरी शॉट दिया था। ये डेडिकेशन था उनका। जनवरी 72 में 'दुश्मन' रिलीज हुई और हिट भी हुई। फरवरी 72 में रिलीज हुई 'पाकीजा', और 31 मार्च 72 को मीना जी इस दुनिया को छोड़कर चली गईं। मीना कुमारी, जो बहुत अच्छी शायरा भी थीं, के दो शेर याद आ रहे हैं:

*चांद तन्हा, आसमान तन्हा, दिल मिला है कहां कहां तन्हा*
*राह देखा करेगा सदियों तक, छोड़ जाएंगे ये जहां तन्हा*

लोग मीना कुमारी की एक्टिंग ही नहीं, उनकी आवाज के भी दीवाने थे। आज तक लोग कहते हैं कि ऐसी आवाज नहीं आई। इसी बात पर मुझे एक और किस्सा याद आ रहा है जो मुझे बच्चन साहब (अमिताभ बच्चन) ने सुनाया था। उन्होंने बताया, रूमी, मेरी फिल्म 'सात हिंदुस्तानी' पूरी हो गई थी। मैं मीना कुमारी और वहीदा जी का बहुत बड़ा फैन था। मुझे एक दिन पता लगा कि मेरी फिल्म के लेखक, निर्माता और निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास साहब एक थिएटर में मीना कुमारी को ये फिल्म दिखा रहे हैं। मैं सब काम छोड़कर थिएटर के लिए भागा। जब वहां पहुंचा तो इंटरवल के बाद फिल्म शुरू हो चुकी थी। थिएटर का दरवाजा धीरे से खोलकर मैं अंदर गया। मीना कुमारी और अब्बास साहब बैठकर फिल्म देख रहे थे। उनकी पीठ थी, बैक नजर आ रहा था। मैं उनको पीछे से देख रहा था। मेरे दिल की धड़कनें बढ़ी हुई थीं कि ज़िंदगी में पहली बार मीना कुमारी मेरी फिल्म देख रही हैं। फिल्म खत्म होने के बाद उन्होंने अब्बास साहब से कहा, 'बहुत खूबसूरत, बहुत अच्छी फिल्म बनाई है।' और फिर बोलीं, 'अब्बास साहब, वो जो लड़का है लंबा सा, बहुत अच्छा काम किया है, कौन है वो लड़का?'

अब्बास साहब ने कहा, 'अमिताभ बच्चन, आपके पीछे ही खड़ा है।' तो वो मुड़ीं और बोलीं, 'भाई अमिताभ, इधर आइए, सामने आइए आप।' अमित जी मुझसे बोले, रूमी, यकीन जानो जब उन्होंने मेरा नाम लिया, मुझे बुलाया तो उनकी आवाज सुनकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए। फिर मैं उनके सामने गया, उन्होंने मेरी तारीफ की और कहा- 'तुमने बहुत अच्छा काम किया है।' वो लम्हा मैं अपनी जिंदगी में कभी नहीं भूल सकता।

इसी बात पर आज मीना कुमारी की याद में उनकी फिल्म पाकीजा का ये गाना सुनिए, अपना खयाल रखिए, खुश रहिए:

*आज हम अपनी दुआओं का असर देखेंगे....*

• rumyjafrywrites@gmail.com

*लेखक-प्रकाशक के पास सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित पूर्वानुमति के बिना इस लेख के किसी भी हिस्से को ना तो पुनः प्रकाशित किया जा सकता है, ना ही किसी तरह का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा सकता है।*

# मानसूनी अरबी बॉल्स के साथ बारिश को बनाएं खास

रीडर रेसिपी कॉन्टेस्ट



नीतू सिंह
प्रोफेसर, इंदौर

**भेजिए बारिश की नई रेसिपी जीतिए 5,100 रु. का गिफ्ट**

**इस** कॉलम में हम प्रकाशित कर रहे हैं केवल बारिश की खास एवं नई रेसिपीज। आप भी ऐसी रेसिपी भेजकर हर सप्ताह जीत सकते हैं **5,100 रु.** मूल्य का गिफ्ट। इसके लिए **QR कोड** को स्कैन कर लिख भेजिए अपनी रेसिपी। साथ में अपना नाम, प्रोफेशन, फोटो, डिश की तस्वीर जरूर भेजें।



**बा**रिश का मौसम है और ऐसे में कुछ चटपटा खाने की चाह तो हर किसी को होती है। इस बार ट्राय कर सकते हैं मानसूनी अरबी बॉल्स। चावल के आटे और अरबी की स्टफिंग से बनी ये कुरकुरी बॉल्स मानसून के लिए एकदम परफेक्ट ऑप्शन है।

**बनाने की सामग्री:**
अरबी: 150 ग्राम (उबली व मैश की हुई), चावल का आटा: 1 कप, हरी मिर्च: 2-3, अदरक: 1 इंच, लहसुन की कलियां: 5-6, अमचूर पाउडर: 1 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर: 1 चम्मच, हल्दी पाउडर: 1/4 चम्मच, हींग: 1 चम्मच, अजवाइन: 1/2 चम्मच, रिफाइंड तेल: तलने के लिए, नमक: स्वादानुसार।

**बनाने की विधि:**
- सबसे पहले अरबी को धोकर छील लें और कुकर में 3-4 सीटी तक उबाल लीजिए। फिर मैश कर लें।
- अब एक कड़ाही में 2 कप पानी उबाल लीजिए। इसमें नमक व एक चम्मच तेल डालें। उबाल आने पर चावल का आटा डालें और अच्छे से चलाते हुए गांठ रहित गाढ़ा मिश्रण बना लीजिए। 5-7 मिनट में यह पक जाएगा। इसे प्लेट में निकालकर ठंडा कर लीजिए।
- अब कड़ाही में थोड़ा-सा तेल गर्म करें। उसमें अजवाइन, हींग, अदरक, लहसुन और हरी मिर्च का दरदरा पेस्ट डालकर भून लीजिए।
- फिर इसमें मैश की हुई अरबी डालें। अब हल्दी, लाल मिर्च, नमक और अंत में अमचूर पाउडर डालें। 4-5 मिनट तक पकाकर मिश्रण को प्लेट में निकाल लीजिए।
- चावल के आटे को हल्का-सा गूंध लीजिए। इसकी छोटी-छोटी लोइयां बनाएं और हथेली पर फैलाकर उनमें अरबी की स्टफिंग भरें। फिर इन्हें बॉल्स का आकार दीजिए।
- गरम तेल में इन बॉल्स को धीमी आंच पर सुनहरा और कुरकुरा होने तक तल लीजिए। मानसूनी अरबी बॉल्स गरमा-गरम चाय या हरी चटनी के साथ परोसें और इस बारिश को बनाएं और भी खास।

## तारे-सितारे



मनीष शर्मा
ज्योतिषाचार्य

आरंभ अच्छा होगा। विश्व में भारत का वर्चस्व बढ़ेगा। डॉलर की कीमतें कम हो सकती हैं। सोने-चांदी के दामों में भी गिरावट आ सकती है। महंगाई बढ़ सकती है। आम जनता बाजार की स्थिति से त्रस्त रहेगी। रोजगार संबंधी योजनाएं लागू हो सकती हैं।

• jyotish.sansar@gmail.com

**मेष**
अष्टम चंद्र सप्ताह के आरंभ में धन की कमी कर सकता है। सोमवार को भी समस्याएं जारी रहेंगी। मंगल से अनुकूल समय शुरू हो जाएगा। शनिवार को धन लाभ की संभावनाएं हैं। खुशी का समाचार मिलेगा।

**वृषभ**
चंद्र की दृष्टि राशि पर है। आय अच्छी बनी रहेगी। मंगलवार एवं बुधवार कमजोर रह सकते हैं। गुरु एवं शुक्रवार को समय अनुकूल रहेगा। शनिवार सबसे अच्छा दिन रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी।

**मिथुन**
आरंभ में भविष्य को लेकर चिंता रह सकती है। विरोधी भी सक्रिय रहेंगे। सोमवार की शाम से समय अनुकूल हो जाएगा। गुरुवार एवं शुक्रवार को विवाद की आशंका है। शनिवार को सफलताएं प्राप्त होंगी।

**कर्क**
संतान से खुशी का समाचार मिलेगा। आर्थिक पक्ष भी सुदृढ़ रहेगा। बुधवार एवं गुरुवार को परेशानी बढ़ सकती है। शुक्रवार को व्यय की अधिकता होगी। विरोधी भी परेशान करेंगे। शनिवार अच्छा दिन रहेगा।

**सिंह**
सप्ताह के आरंभ में निकट के लोग धोखा दे सकते हैं। मंगलवार की सुबह से भाग्य अनुकूल रहेगा। बुधवार से राशि और मजबूत हो गई है। शनिवार को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। भ्रमण पर जाने का अवसर मिलेगा।

**कन्या**
तृतीय चंद्र से कई बड़े लाभ मिलने के आसार हैं। मंगल एवं बुधवार को छोटे-मोटे विवाद हो सकते हैं। गुरु एवं शुक्रवार विशेष सफलता दिलाने वाले होंगे। यात्रा सुखद होगी। शनिवार को उत्साह नहीं रहेगा।

**तुला**
द्वितीय चंद्र स्थाई संपत्ति से संबंधित बड़ा लाभ दिला सकता है। मंगल एवं बुधवार को भाइयों से सहयोग प्राप्त होगा। गुरु एवं शुक्रवार निराशाजनक दिन रह सकते हैं। शनिवार को पुनः सफलता की प्राप्ति संभव है।

**वृश्चिक**
सप्ताह की शुरुआत में आवश्यक यात्राएं हो सकती हैं। मंगलवार एवं बुधवार भी बेहतर दिन रहेंगे। गुरु एवं शुक्रवार को कुछ बाधाएं निर्मित हो सकती हैं। शनिवार को अनावश्यक परेशानियां आ सकती हैं।

**धनु**
आरंभ में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। आय कम रहेगी। सोमवार की शाम से स्थिति काबू में करने में सफल होंगे। मंगलवार एवं बुधवार को सफलताएं मिलेंगी। शनिवार को परिवार के साथ अच्छा वक्त बिताएंगे।

**मकर**
रवि एवं सोमवार को आय में वृद्धि होगी। मंगलवार एवं बुधवार को परेशानियां हो सकती हैं। गुरुवार को समय बेहतर रहेगा। शुक्र एवं शनिवार को धन लाभ होगा। मित्रों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**कुंभ**
रवि एवं सोमवार को कार्य की अधिकता होगी। मंगल को आय होगी। बुधवार को मित्रों का साथ मिलेगा। गुरु एवं शुक्रवार को संतान की चिंता रहेगी। कार्य में बाधाएं उत्पन्न होंगी। शनि को विवादों में विजय मिलेगी।

**मीन**
रविवार एवं सोमवार को किसी रुके हुए कार्य के होने की संभावना है। मंगलवार एवं बुधवार को भाग्य का साथ मिलेगा। गुरु एवं शुक्रवार को सहयोग की प्राप्ति होगी। शनिवार को धन की कमी हो सकती है।

# मेरा पैसा

सुझाव और प्रतिक्रिया इस पते पर भेज सकते हैं- business.bhaskar@dbcorp.in

## मैनेजमेंट गुरु



एन. रघुरामन

### मेरा जूता है जापानी, ये पतलून है पुश्तैनी...!

**अगर** आप शिक्षित हैं, नौकरीपेशा हैं और लंबी उम्र तक जीना चाहते हैं, तो बस जापानी जीवनशैली अपना लें। कम से कम गोवा के लोगों ने तो 2025 में जापानी तरीका अपनाना शुरू कर दिया है। पहले, गोवा में लोग मानसून के मौसम में मिलने वाले 'ओलमी' नाम के खास मशरूम को बहुत पसंद करते थे। यह बहुत महंगा होता है और लोग इसे खरीदने के लिए टूट पड़ते थे। यह कई पीढ़ियों से एक खास पकवान था। लेकिन अब लोग इसके पास से बिना खरीदे ही निकल जाते हैं। 50 मशरूम की कीमत 700 से घटकर 550 हो गई है। फिर भी महंगाई और कम होती आय के कारण गोवा के लोग अब इसमें ज्यादा रुचि नहीं ले रहे हैं।

जापानी लोग भी बिल्कुल ऐसा ही करते हैं। वे बाहर खाने, महंगी चीजें खाने या खरीदारी करने पर कम खर्च करते हैं और हेल्थकेयर में निवेश करते हैं। यही वजह है कि दुनिया की कुल आबादी का सिर्फ 1.9% होने के बावजूद, उनकी कुल वित्तीय संपत्ति 1,308 लाख करोड़ रुपए है और इसका आधा हिस्सा नकद या जमा (डिपॉजिट) के रूप में है।

विडंबना यह है कि दुनिया की आबादी का 19% हिस्सा होने के बावजूद, 80% भारतीयों के सामने जोखिम है कि उनकी रिटायरमेंट की बचत उनकी जिंदगी खत्म होने से पहले ही खत्म हो जाएगी। एक वित्तीय सर्वे के मुताबिक भारत का मध्यम वर्ग एक बड़े रिटायरमेंट संकट का सामना कर रहा है। ये वो वर्ग है जो ईएमआई और बिलों का बोझ उठा रहा है। जून में हुए एक सर्वे के मुताबिक, कम से कम पांच में से चार भारतीयों के पास कमाई बंद होने के बाद पैसे खत्म हो सकते हैं और वे इसी कमजोर मध्यम आय वर्ग से ताल्लुक रखते हैं।

हमारे माता-पिता वही करते थे जो जापानी दशकों से कर रहे हैं और गोवा के लोग करने की कोशिश कर रहे हैं। उन दिनों, हर पैसे की कीमत थी। हम किसी भी चीज को खरीदने से पहले उसकी कीमत की तुलना करते थे, चाहे वह एक ज्योमेट्री बॉक्स ही क्यों न हो। साइकिल किराए पर लेते समय भी हम मोलभाव करते थे। हम खरीदारी टालते थे, सस्ती चीजें खोजते थे, कई चीजों को दोबारा इस्तेमाल करते और ठीक करवाते थे, पुराने कपड़े पहनते थे, पुरानी किताबें पढ़कर एक-दूसरे को दे देते थे और नवविवाहितों को अलग-अलग परिवारों से घर का सामान मिलता था। इसका मकसद ये था कि हमारे पास जो भी थोड़ा-बहुत है, उसकी कीमत बढ़ाई जाए। आज अगर हम ऐसा करें, तो मुझे यकीन है कि हमारे बच्चे ही हमारा साथ नहीं देंगे और समाज हमें नीची नजर से देखेगा।

**मैनेजमेंट टिप:**

अपने पूर्वजों की जीवनशैली अपनाने में कुछ भी गलत नहीं है। अगर आपको उनके नक्शेकदम पर चलने में शर्म आती है, तो खुद को यह कहकर ब्रांड करें: "मेरा जूता है जापानी, ये पतलून है पुश्तैनी!" ये सीख अपनाकर आप दुनिया से जाने के बाद भी ढेर सारी बचत छोड़कर जा सकते हैं।

**पैसे ऐसे बचाएं** | प्रॉपर्टी बेचने जा रहे हैं तो कैपिटल गेन टैक्स से जुड़े इन नियमों को जान लें, आसानी होगी

# जानिए, प्रॉपर्टी बेचने पर कैसे बचाएं टैक्स...



सीए डॉ. अभय शर्मा
पार्टनर: एबीएमएस एंड एसोसिएट्स,
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स

जब आप कोई संपत्ति (जैसे शेयर, जमीन, सोना, या क्रिप्टोकरेंसी) उसकी खरीद कीमत से ज्यादा दाम पर बेचते हैं, तो आपको जो मुनाफा होता है, उसे कैपिटल गेन कहते हैं। इस मुनाफे पर लगने वाले टैक्स को कैपिटल गेन टैक्स (एलटीसीजी) कहा जाता है।

▪ **किन्हें कैपिटल एसेट नहीं मानते?**
इनकम टैक्स कानून के अनुसार, कुछ चीजों को कैपिटल एसेट नहीं माना जाता, इसलिए उनसे कमाए मुनाफे पर कैपिटल गेन टैक्स नहीं लगता। इनमें व्यापार के लिए रखा गया स्टॉक, व्यक्तिगत इस्तेमाल की चीजें और ग्रामीण कृषि भूमि शामिल हैं।

▪ **कैपिटल गेन कब लगता है?**
कैपिटल गेन टैक्स तभी लगता है, जब आप कोई संपत्ति बेचकर या ट्रांसफर करके लाभ कमाते हैं। विरासत या वसीयत में मिली संपत्ति को ट्रांसफर नहीं माना जाता और उस पर कोई टैक्स नहीं लगता। लेकिन अगर विरासत में मिली संपत्ति को बेचकर लाभ लेते हैं, तो उस पर कैपिटल गेन टैक्स लगेगा।

### कैपिटल गेन टैक्स की दरें: दो विकल्पों में से चुन सकते हैं



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूनियन बजट 2024-25 में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स प्रावधानों में संशोधन करके बड़ी राहत दी है। सरकार ने 23 जुलाई, 2024 से पहले प्रॉपर्टी खरीदने वाले घर मालिकों के लिए दो विकल्प पेश किए हैं। वे अब अपनी प्रॉपर्टी बेचते समय कम कर देयता सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से कोई एक चुन सकते हैं।

| विवरण | लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स रेट |
|---|---|
| ▪ 23 जुलाई 2024 से पहले की संपत्ति | इंडेक्सेशन के साथ 20% या बिना इंडेक्सेशन के 12.5% |
| ▪ 23 जुलाई 2024 के बाद की संपत्ति | बिना इंडेक्सेशन के 12.5% |

### कैपिटल एसेट के प्रकार: अवधि के आधार पर तय किए जाते हैं

▪ **शॉर्ट टर्म कैपिटल एसेट:** इस कैटेगरी में कम समय तक रखी गई संपत्ति आती है।
▪ **लॉन्ग टर्म कैपिटल एसेट:** इस कैटेगरी में लंबे समय तक रखी गई संपत्ति आती है।
▪ यह अवधि अलग-अलग संपत्तियों के लिए अलग-अलग होती है। जमीन या बिल्डिंग के मामले में 24 माह से कम की होल्डिंग शॉर्ट टर्म कैपिटल एसेट और इससे ऊपर की होल्डिंग लॉन्ग टर्म कैपिटल एसेट के दायरे में आएगी।
▪ अगर कोई संपत्ति उपहार या विरासत में मिली है, तो शॉर्ट टर्म या लॉन्ग टर्म तय करते समय पिछले मालिक का होल्डिंग पीरियड भी जोड़ा जाएगा।

### कैपिटल गेन टैक्स से जुड़े नियम

जिन निवासी व्यक्तियों या हिंदू अविभाजित परिवार ने 23 जुलाई 2024 से पहले मकान खरीदे हैं, वे अपनी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन व्यवस्था चुनने के क्राइटेरिया में आएंगे। यानी एनआरआई, पार्टनरशिप फर्म एलएलपी या कंपनी इस विकल्प की पात्र नहीं हैं।

### कृषि भूमि पर कैपिटल गेन टैक्स

▪ **ग्रामीण कृषि भूमि:** अगर आपकी जमीन आयकर नियमों के अनुसार ग्रामीण कृषि भूमि है, तो उसे बेचने पर 100% टैक्स छूट मिलती है।
▪ **शहरी कृषि भूमि:** अगर सरकार शहरीकरण के लिए आपकी शहरी कृषि भूमि का अधिग्रहण करती है, तो उस पर भी टैक्स छूट मिलती है।

बचत के कुछ तरीके

### टिप्स... कैपिटल गेन बॉन्ड से टैक्स बचाएं, ब्याज कमाएं

▪ **धारा 54:** अगर घर या उससे जुड़ी जमीन बेचने से मिले लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन का इस्तेमाल कोई नया घर खरीदने या बनाने में करते हैं, तो उस घर की लागत की छूट कैपिटल गेन में मिल जाएगी।
▪ **धारा 54F:** अगर घर के अलावा कोई भी लॉन्ग टर्म एसेट बेचकर मिली पूरी रकम का इस्तेमाल नया घर खरीदने/ बनाने में करते हैं, तो कुछ शर्तों के आधार पर पूरे कैपिटल गेन की टैक्स छूट मिल सकती है।
▪ **धारा 54EC:** प्रॉपर्टी बेचकर हुए लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन को अगर कैपिटल गेन बॉन्ड में लगाते हैं, तो टैक्स कम हो सकता है। कैपिटल बॉन्ड 5-6% वार्षिक ब्याज देते हैं। प्रॉपर्टी बेचने के छह माह के भीतर राशि का निवेश किया जाना चाहिए। लॉक-इन-पीरियड पांच साल है और बॉन्ड पांच साल के बाद स्वतः रिडीम हो जाता है।
▪ **यदि** भविष्य में नया मकान बनाना या खरीदना चाहते हैं तो बिक्री की राशि कैपिटल गेन्स अकाउंट स्कीम में बैंक में जमा करा सकते हैं। शर्त ये है कि इस राशि से 2 वर्ष में नया मकान खरीदना होगा या 3 वर्षों में नए मकान का निर्माण करना होगा।

### पर्सनल लोन: इस्तेमाल के आधार पर मिल सकती है टैक्स की छूट

**आम खर्च के लिए कोई छूट नहीं:** अगर आप पर्सनल लोन का इस्तेमाल घूमने, शादी या आम जरूरतों पर करते हैं, तो आपको कोई टैक्स छूट नहीं मिलेगी।
▪ **इन कामों पर मिलती है छूट:**
**बिजनेस:** अगर लोन का पैसा बिजनेस में यूज किया है, तो लोन पर दिए ब्याज को बिजनेस खर्च माना जाता है। इससे टैक्सेबल मुनाफा कम होता है और टैक्स में राहत मिलती है।
**घर:** खुद के रहने का घर खरीदने या मरम्मत के लिए पर्सनल लोन के ब्याज पर भी टैक्स छूट मिलती है। एक साल में 2 लाख रुपए तक की कटौती का दावा कर सकते हैं।
**संपत्ति:** प्रॉपर्टी खरीदने के लोन पर भी टैक्स छूट मिलती है।
**ध्यान दें:** टैक्स छूट का फायदा लेने के लिए, आपको यह साबित करना होगा कि आपने लोन का पैसा इन कामों पर खर्च किया है। इसलिए, सभी कागजात संभालकर रखें।

### कम्पाउंडिंग की ताकत: बिना काम किए, एक लाख सैलरी पाएं

▪ अगर आप 15-20 वर्षों तक लगातार निवेश करते हैं और 1 करोड़ रुपए का फंड बनाते हैं। इस जमा रकम पर हर साल 12-13% का रिटर्न मिलता है, तो...
▪ एसडब्ल्यूपी यानी सिस्टमेटिक विद्ड्रॉल प्लान के जरिये आप अपनी मूल राशि (कैपिटल) को बिना खत्म किए जीवन भर हर महीने 1 लाख रुपए की निकासी कर सकते हैं।
▪ अगर आप हर महीने 1 लाख की जगह 75 हजार रुपए निकालते हैं, तो निकासी के बावजूद आपका फंड 20 वर्षों में बढ़कर 3.5 करोड़ रुपए हो सकता है।
▪ आपकी मूल राशि सुरक्षित रहती है, हर महीने आय मिलती रहती है, और आपका धन बढ़ता रहता है। यह सबकुछ कंपाउंडिंग की ताकत से होता है।
▪ ये गणना म्यूचुअल फंड्स के ऐतिहासिक 12-13% सालाना रिटर्न के आधार पर है। वास्तविक आंकड़े भिन्न हो सकते हैं।

### आईटीआर भरने में गलती हो गई? ऐसे करें सुधार और जुर्माने से बचें

इस बार इनकम टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 15 सितंबर 2025 है। अगर आईटीआर भरते समय कोई गलती हो गई है। इनकम का सोर्स, बैंक अकाउंट डिटेल, या कोई टैक्स छूट (डिडक्शन) गलत भर दिया है, तो घबराएं नहीं। 31 दिसंबर 2025 तक बिना जुर्माने के रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं।

**रिवाइज्ड रिटर्न कैसे भरें?**
1. आयकर पोर्टल पर लॉग इन करें।
2. 'e-File' सेक्शन में जाकर 'File Income Tax Return' चुनें।
3. असेसमेंट ईयर 2025-26 चुनें और 'Revised Return under Section 139(5)' पर क्लिक करें।
4. पिछले रिटर्न का एक्नॉलेजमेंट नंबर तैयार रखें।
5. फॉर्म सबमिट करने के 30 दिनों के अंदर उसे ऑनलाइन वेरिफाई करें।

## भास्कर Q&A

### म्यूचुअल फंड से कमाई है तो आईटीआर-2 भरें

▪ **मैंने अभी बारहवीं पास की है। मुझे निवेश में रुचि है। क्या मैं 300 या 500 रुपए से निवेश शुरू कर सकती हूं?- आशिका राजभर, जबलपुर**
बिलकुल, आप 300 से 500 रुपए प्रति माह से निवेश शुरू कर सकती हैं। सबसे आसान तरीका है अपने बैंक में रिकरिंग से शुरुआत करना। ये सुरक्षित हैं, निश्चित रिटर्न देते हैं और नियमित बचत की आदत डालने में मदद करते हैं। कम्फर्टेबल होने पर आप एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड्स में निवेश कर सकती हैं। लिक्विड फंड या निफ्टी 50 इंडेक्स फंड जैसे कम जोखिम वाले फंड से शुरुआत करें।

▪ **मैं 23 साल का हूं। सुरक्षित रिटायरमेंट के लिए निवेश कैसे शुरू करूं?- धन्नाराम, पुणे**
स्थिर ग्रोथ के लिए इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम और निफ्टी 50 जैसे पैसिव इंडेक्स फंड से शुरुआत करें। रिटायरमेंट के लिए एक अलग एसआईपी पोर्टफोलियो खोलें। स्थिरता के लिए डेट म्यूचुअल फंड, ईपीएफ आदि को शामिल करें और महंगाई से सुरक्षा के लिए 5-10% निवेश गोल्ड ईटीएफ में करें। 2,000-5,000/माह से शुरुआत करें और जैसे-जैसे आपकी आय बढ़ती है, निवेश बढ़ाते जाएं।

▪ **पुराने टैक्स सिस्टम में कुछ दिक्कत आ रही है। इसका क्या समाधान है?- चंद्रकांत, जोधपुर**
आपकी समस्या तकनीकी है, जो रिटर्न फाइल करने से जुड़ी है। ऐसी तकनीकी समस्या के लिए, आपको किसी सीए या टैक्स एक्सपर्ट से संपर्क करना चाहिए।

▪ **2023-24 में म्यूचुअल फंड में 70,000 एक साथ निवेश किए थे और वित्त वर्ष 2024-25 में 40,000 निकाले। इस साल कौन सा आईटीआर फॉर्म भरना होगा?- दुष्यंत कुमार, नर्मदापुरम**
चूंकि इस साल आपको वेतन के साथ-साथ कैपिटल गेन (म्यूचुअल फंड से लाभ) भी हुआ है, इसलिए आपको आईटीआर-2 फॉर्म भरना होगा।

▪ **क्या मेडिकल रीइंबर्समेंट में मिले पैसे पर टैक्स लगता है? - कुमेंद्र चंद्राकर, रायपुर**
मेडिकल रीइंबर्समेंट पर टैक्स नहीं लगता, बशर्ते ये खर्च आप, आपके जीवनसाथी, बच्चों, या आप पर निर्भर भाई-बहन, माता-पिता के इलाज पर हुआ हो।

▪ **मैंने जीपीएफ से मिली रकम म्यूचुअल फंड में निवेश की है। क्या इस पर मिलने वाले लाभ पर टैक्स लगेगा?- ज्ञानाराम, नाहर**
हां, म्यूचुअल फंड से मिलने वाले लाभ पर टैक्स लगता है। यह टैक्स सिर्फ आपके निवेश से हुए लाभ पर लगता है, मूल रकम पर नहीं।

एक्सपर्ट पैनल: आदिल शेट्टी (सीईओ, बैंकबाजार)

आपके मन में बचत, निवेश और टैक्स जैसे पर्सनल फाइनेंस से जुड़े कोई भी सवाल हों, तो यह क्यूआर कोड स्कैन करके भेजें। एक्सपर्ट इनके जवाब देंगे।

**सोमवार को भास्कर बिजनेस गाइड में पढ़ें**
मार्केट इनसाइट- अमेरिकी टैरिफ के बाद कैसी रहेगी मार्केट की चाल, किस सेक्टर पर रखें नजर?
इक्विटी मास्टर क्लास- जानिए स्टॉक बास्केट या स्मार्ट कैश क्या होता है? इसे कैसे चुन सकते हैं?
प्राइमरी मार्केट- जानिए इस हफ्ते कौन सी कंपनियां लिस्ट हो रही हैं और किनमें बोली लगाने का मौका

## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** श्रावण, शुक्ल पक्ष नवमी, रविवार प्रातः 09:43 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सफर, तारीख 8, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 3 अगस्त।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** विशाखा नक्षत्र प्रातः 06:35 तक, इसके बाद अनुराधा नक्षत्र रहेगा। शुक्ल योग प्रातः 06:24 तक, इसके बाद ब्रह्म योग रहेगा। कौलव करण प्रातः 09:43 तक, इसके बाद तैतिल करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-वृश्चिक, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**दिशाशूल :** पश्चिम दिशा- यदि जरूरी हो तो छुआरा खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**राहुकाल :** सायं 04:30 से 06:00 तक रहेगा।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** श्री हरि जयंती, फ्रेंडशिप डे।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 07:35 से 09:14 तक चर का, प्रातः 09:14 से दोपहर 12:33 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 02:12 से 03:51 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** रविवार को प्रातः स्नानादि के बाद जलपूर्ण कलश में लाल पुष्प, लाल चंदन डालकर सूर्य भगवान को चढ़ाएं। इसके प्रभाव से ऐश्वर्य एवं आत्मबल बढ़ता है। आदित्यहृदय स्तोत्र का पाठ करें और दिन में एक बार बिना नमक का भोजन करें तो सूर्य जनित दोष दूर होते हैं। आज ब्रह्म योग में तांबे का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:56 | विशाखा | 4 | ताम्र | वृश्चिक | तो |
| 06:35 | अनुराधा | 1 | ताम्र | वृश्चिक | न |
| 13:16 | अनुराधा | 2 | ताम्र | वृश्चिक | नी |
| 19:57 | अनुराधा | 3 | ताम्र | वृश्चिक | नू |
| 02:35 | अनुराधा | 4 | ताम्र | वृश्चिक | ने |

एक कोर्ट में मजिस्ट्रेट के आदेश और दूसरे कोर्ट में प्राइवेसी को लेकर सुनवाई

# हाथ ऊपर कर खड़े रहने... कानून में यह कहीं सजा नहीं

एजेंसी | दिल्ली

दिल्ली के द्वारका कोर्ट के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज अंजू बजाज चांदना ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें जमानत बॉन्ड समय पर न देने पर आरोपियों को कोर्ट उठने तक हाथ ऊपर कर खड़े रहने की सजा दी गई थी। द्वारका कोर्ट की अदालत ने कहा, कानून में ऐसी सजा का कोई प्रावधान नहीं है और मजिस्ट्रेट का आदेश पूरी तरह से अवैध है। कोर्ट ने कहा, न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ गोयल ने इस तरह की सजा देकर कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया और अपने कर्तव्य में चूक की। जमानत बॉन्ड समय पर न देना आईपीसी की धारा 228 (न्यायिक कार्यवाही में बाधा या अपमान) के दायरे में नहीं आता और इसे जानबूझकर अपमान नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि हाथ ऊपर कर खड़े रहने जैसी सजा कानून में कहीं नहीं है। कुलदीप और राकेश की ओर से एडवोकेट काव्या, हिमानी वर्मा और अमन गहलोत पेश हुए। सरकार की ओर से एडिशनल पब्लिक प्रोसिक्यूटर रितेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। मूल शिकायतकर्ता की ओर से एडवोकेट संदीप शौकीन और हनीश बालयान पेश हुए।

सेशंस जज ने कहा कि मजिस्ट्रेट ने आरोपियों को यह बताने का मौका भी नहीं दिया कि उनके खिलाफ धारा 228 के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए। बिना सुनवाई के ही उन्हें कोर्ट उठने तक हाथ ऊपर कर खड़े रहने को कहा गया, जो कि कानून के खिलाफ है। सेशंस कोर्ट ने मजिस्ट्रेट गोयल को सलाह दी कि वे अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करने से पहले कानूनी प्रावधानों को ठीक से पढ़ें और समझें।

### सेशंस कोर्ट ने कहा- यह आदेश कानून के खिलाफ

सेशंस कोर्ट ने कहा कि यह आदेश न केवल प्रक्रियात्मक बल्कि मूल कानून के भी खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि हर व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने का अधिकार है, चाहे वह किसी अपराध में शामिल हो या नहीं। कोर्ट का कर्तव्य है कि वह बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के किसी को भी सजा न दे। इसलिए कोर्ट ने मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द कर दिया।

**15 जुलाई को दिया गया था आदेश**

यह मामला 15 जुलाई का है, जब एक शिकायत केस में मजिस्ट्रेट ने देखा कि दो बार बुलाने के बावजूद आरोपी समय पर जमानत बॉन्ड नहीं दे पाए। इसे कोर्ट की अवमानना मानते हुए उन्होंने आरोपियों को हाथ ऊपर कर खड़े रहने की सजा दी थी।

**आरोपियों ने फैसले को चुनौती दी**

आरोपी कुलदीप और राकेश ने इस आदेश को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी। उनका कहना था कि मजिस्ट्रेट ने अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया और कोर्ट की गरिमा बनाए रखने के नाम पर उनकी गरिमा का उल्लंघन किया।

# डिजिटल डिवाइस जांच प्राइवेसी का उल्लंघन है

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में राउज एवेन्यू की विशेष सीबीआई अदालत की जज दिग्विनय सिंह ने कहा कि बगैर ठोस वजह के डिजिटल डिवाइस की जांच की मांग प्राइवेसी के अधिकार का उल्लंघन है। इस तरह अदालत ने आरोपी अमनदीप सिंह ढल्ल की ओर से अन्य सह-आरोपियों और गवाहों के मोबाइल और डिजिटल डिवाइस की जांच की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी की यह मांग सिर्फ बिना किसी ठोस आधार के जांच करने की कोशिश है, जो किसी के प्राइवेसी के अधिकार का उल्लंघन कर सकती है। साथ ही कोर्ट ने मोबाइल और जब्त सामान 30 दिन बाद लौटाने का निर्देश दिया।

सह आरोपी समीर महेंद्रू व अरुण पिल्लई की आप आपत्ति स्वीकारः कोर्ट में सह आरोपी समीर महेन्द्रू की ओर से अधिवक्ता ध्रुव गुप्ता की ओर से यह आपत्ति दी गई थी कि उनके मोबाइल डिवाइस की जांच करना प्राइवेसी कानून का उल्लंघन है। उनके मोबाइल में घरेलू चैट के अलावा कई बिजनेस संवाद भी हैं। जिसका दुरुपयोग संभव है। इसी तरह की आपत्ति सह आरोपी अरुण पिल्लई समेत सनी मारवाह और अश्विनी भाटिया की ओर से कोर्ट में दी गई थी। इन आपत्तियों को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने यह भी कहा कि डिवाइस को क्लोन करने की मांग भी प्राइवेसी के उल्लंघन के कारण खारिज की जाती है। बता दें कि कोर्ट ने 4 जून को आरोपी अमनदीप सिंह ढल्ल को 20 डिजिटल डिवाइस देखने की सशर्त अनुमति दी थी, जिनका ट्रायल में इस्तेमाल नहीं हुआ था। कहा, यह बताना होगा कि वह डिवाइस का कौन-सा हिस्सा देखना चाहता है।

### राऊज एवेन्यू कोर्ट की सख्त टिप्पणी

कोर्ट ने कहा कि आरोपी अमनदीप सिंह ढल्ल ने यह नहीं बताया कि वह किस हिस्से की जांच करना चाहता है और उसका क्या मकसद है। उसने यह भी नहीं बताया कि वह सह-आरोपी समीर महेन्द्रू, अरुण पिल्लई के डिवाइस से किसी भी तरह से जुड़ा हुआ था या नहीं। ऐसे में यह मांग सिर्फ इस उम्मीद में की गई है कि शायद कुछ मिल जाए, जो कानूनन मंजूर नहीं है। यह भी कहा कि सीबीआई पहले ही इन डिवाइस की जांच कर चुकी है और कुछ नहीं मिला। ऐसे में दोबारा जांच की इजाजत देना एक समानांतर ट्रायल जैसा होगा, जो कि आपराधिक न्याय प्रक्रिया के लिए खतरनाक हो सकता है।

## क्विज 89 के 100 विजेताओं के नाम




| | | | |
|---|---|---|---|
| | | शंकर दयाल गर्ग | *****44745 |
| | | अशोक | *****00724 |
| | | नवीन लखेरा | *****82153 |
| | | प्रवीण कुमार | *****31005 |
| | | आराध्या योगी | *****38099 |
| | | रिवांश सिंह | *****16383 |
| | | अनीता रावल | *****03005 |
| | | प्रीत जाट | *****15853 |
| | | राजकुमारी जैन | *****02236 |
| | | विनोद कुमार | *****43705 |
| | | पुष्पेंद्र गुप्ता | *****61287 |
| | | मनोज सोनी | *****50841 |
| | | परी सेठी | *****33646 |
| | | रवि सैनी | *****54526 |
| ध्रुव तनवानी | *****18341 | कैलाशी मीणा | *****42190 |
| सुनील वर्मा | *****70227 | इंदर नरूका | *****01836 |
| शंकर गगराई | *****04558 | अनीता झा | *****30375 |
| गुरुचरण सिंह | *****03317 | सतीश रूंगटा | *****36100 |
| सुब्रता मंडल | *****41016 | भव्य बंसल | *****96564 |
| श्वेता कुमठेकर | *****02763 | पवन मीणा | *****31790 |
| अजय भरूका | *****85073 | श्वेता जैन | *****52953 |
| शुभप्रदा ढाके | *****59215 | प्रियंका कुमावत | *****21468 |
| सरोज सिंह | *****99060 | रमता अकोदिया | *****10103 |
| मनोज कुमार | *****00218 | गोविंद सेन | *****56014 |
| रुद्राक्ष रंजन | *****49605 | प्रेमचंद मोहिल | *****73400 |
| हातिम अंसारी | *****54012 | चौहान गिरीश भाई | *****17841 |
| अयोध्या प्रसाद | *****01414 | संकेत शाह | *****42588 |
| नमीश सिंगला | *****44488 | वसंतपुरी गोसाई | *****95799 |
| सुखविंदर सिंह | *****71700 | विकास अग्रवाल | *****88666 |
| अनुराज गोरा | *****81672 | प्रियंबदा शुक्ला | *****56841 |
| पूजा | *****60601 | श्रीपाल पटवा | *****20669 |
| जसविंदर कौर | *****49021 | प्रफुल भीमजियाणी | *****45746 |
| विनोद कुमार | *****07295 | बलवंतभाई वालंद | *****60865 |
| जसबीर सिंह | *****26381 | रूपेश सोलंकी | *****99345 |
| चिराग गर्ग | *****62424 | प्रद्युम्न जोशी | *****83006 |
| रीतू | *****65552 | सुनीता सुराना | *****66334 |
| किरण देवी | *****29272 | रेणुका सुखड़िया | *****55651 |
| निधि | *****24107 | आनंद सोनी | *****11165 |
| राजेश कुमार | *****00744 | लक्ष्मणभाई परमार | *****13975 |
| सुरेश रायचा | *****38853 | हर्षा सेठ | *****64809 |
| दिव्या मेश्राम | *****58958 | सपन पटेल | *****99349 |
| रेशमा बानो | *****02514 | गिरजेश अग्रवाल | *****07280 |
| चाँद | *****25506 | मांगीलाल माहेश्वरी | *****31597 |
| सरोज सोलंकी | *****01255 | संचिता गुप्ता | *****87562 |
| श्रद्धा सोनी | *****33939 | मेघा कर्णावत | *****77722 |
| विवेक वर्मा | *****19770 | रामहेत शर्मा | *****30174 |
| सायर सेपट | *****60566 | रविंदर मक्कड़ | *****24446 |
| अब्दुल आसिफ | *****93217 | अनीता चौरसिया | *****69629 |
| कुशल डालुका | *****37961 | रजनी रैकवार | *****92681 |
| श्रवण बेनीवाल | *****20021 | शशि गर्गव | *****62114 |
| भंवर प्रजापत | *****60108 | वेद मुन्यार | *****90900 |
| अभिषेक सोलंकी | *****04308 | रेणु जैन | *****87788 |
| भगीरथ नोखवाल | *****80032 | आशीष बोरकर | *****35078 |
| निर्मल जैन | *****71305 | सुषमा सिन्हा | *****04270 |
| त्रिलोक शर्मा | *****85168 | अनमोल मखीजा | *****09300 |
| शशि गौर | *****93497 | पारस जैन | *****42068 |
| संजय पाराशर | *****43038 | सचिन गुप्ता | *****91337 |

चांदी के सिक्के पर ₹1300/- का वाउचर प्रदान किया जाएगा। यह राशि दिनांक 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# वास्तविक प्रेम एक समय के बाद स्वयं को उद्घाटित करता है

जब मैंने अपना पहला घर खरीदा, तो मैंने शब्दकोश में 'स्वामित्व' शब्द के अर्थ ढूंढे। उसमें लोगों से खुद को अलग करने के अलावा नियंत्रण, अधिकार और बाजार-मूल्य के अर्थ बताए गए थे। जब मैंने उसमें रहना शुरू किया, तो पाया कि घर पर मां का प्रभाव स्थापित हो गया है। अलग-अलग राज्यों से लोग मेरे घर पर आते रहते थे और मेरा उन पर कोई अधिकार या नियंत्रण नहीं था और मैं उनमें से किसी को भी अपने से अलग नहीं कर सकता था। वो सेलफोन का जमाना नहीं था। काम से घर लौटने पर ही मुझे मेहमानों के आने का पता चलता था। मुझे लगता था मुंबई आने वाले सभी मेहमान मेरे घर में 'अतिक्रमण' करने लगे हैं और मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं उस घर का मालिक हूं। मां के निधन के कुछ दिनों बाद उन लोगों का आना-जाना बिल्कुल बंद हो गया।

तभी मैंने उनकी चारपाई के नीचे रखा उनका ब्रीफकेस खोला। उसमें उनके विटामिन और कैंसर-रोधी गोलियां, गुलाब जल और ग्लिसरीन की बंद शीशियां थीं। साथ ही उसमें मैसूर चंदन साबुन था जिसे खोला नहीं गया था, कुछ श्लोकों की किताबें थीं जिनका वो रोज पाठ करती थीं और कुछ ऐसे अंतर्देशीय पत्र, जिन्हें पोस्ट नहीं किया गया था। उनमें से कुछ आधे लिखे थे, जबकि कुछ डाक से भेजने के लिए तैयार थे। और सूटकेस के कोने में उनकी डायरी थी, जिसे वो रोज लिखती थीं। डायरी में मेरे लिए एक चिट्ठी थी, जिसमें मुझे बताया गया था कि उनके जाने के बाद मुझे क्या करना है। उस डायरी में वो तमाम बातें थीं, जिन पर वो दृढ़ता से

**संडे स्पेशल**

विश्वास करती थीं। उसमें उनके ईश्वर की ओर से उनके बेटे के लिए निर्देश थे, जिसे अब जिंदगी भर उनकी बेटी का ख्याल रखना था। उनसे मिलने के लिए आने-जाने वालों की भीड़ के लिए वो डायरी शायद कोई मायने न रखती हो, लेकिन मुझे उसमें उनकी झलक दिखती थी। उनकी पूरी जिंदगी उस डायरी में शुरू होकर खत्म हो जाती थी। मैं उसे उस तरह नहीं पढ़ता था, जैसे अखबारों के अपने लेख पढ़ता हूं। वो मेरे लिए किसी पवित्र-ग्रंथ की तरह थी। उसका हर पन्ना पढ़ने में वक्त लगता था, क्योंकि उसमें ऐसा कुछ होता था, जिसके मायनों को मुझे समझना होता था। उन्होंने अपने बच्चों से जो अपेक्षाएं की थीं, उनमें से बहुतों के लिए मैं तब तैयार नहीं था। कुछ हद तक अब भी तैयार नहीं हूं।

मैं उन लोगों में से हूं, जो हर चीज को साफ कर देते हैं। मैं उस स्कैंडिनेवियाई दर्शन में विश्वास करता हूं, जिसे 'डेथ क्लीनिंग' कहते हैं। यह फलसफा कहता है कि जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमें अपनी चीजें कम करनी शुरू कर देनी चाहिए। लंबे समय तक मेरा भी मानना था कि हमें अपने पीछे कुछ भी ऐसा बेतरतीब छोड़कर नहीं जाना चाहिए, जिसे बाद में दूसरों को साफ करना पड़े।

लेकिन बाद में मुझे लगा कि यह दर्शन सच नहीं था, क्योंकि मां के जाने के बाद वह डायरी मेरी सबसे बड़ी संपत्ति बन गई। उसमें ऐसे कई पेपर-नैपकिन थे, जिन पर उन्होंने कुछ लिख रखा था। उनमें से कोई भी करीने से फोल्ड किया हुआ नहीं है। पेपर-नैपकिन की क्रीजिंग मुलायम है और लिखावट कई जगहों पर धुंधली हो गई है। केवल मैं ही उन सिलवटों में उनकी उपस्थिति को महसूस कर सकता हूं और इसीलिए आज तीन दशक बाद भी मैं उन्हें समझ सकता हूं! मेरी बहन के जन्म के दस साल बाद, वर्ष 1978 में उन्होंने एक पन्ने पर लिखा था- 'मैं उसे गाना और नृत्य सिखाऊंगी।' किसी कारण से वो ऐसा नहीं कर पाईं। लेकिन आज मेरी बहन की बेटी कोरियोग्राफर है, वो अमेरिका तक में कार्यक्रम करती है और लगभग रोज यात्रा करती है।

हाल ही में मैंने मां की डायरी में एक पन्ना जोड़ा, जिसमें लिखा- 'अम्मा, आपने आखिरकार अपनी पोती को गाना और नाचना सिखा ही दिया।' ऐसे कई नोट्स हैं, जो आज हम भाई-बहन की जिंदगी में हकीकत बन गए हैं। शुरू में मुझे लगा था कि उनकी डायरी बेतरतीब विचारों से भरी है। लेकिन आज मुझे लगता है कि यह हम बच्चों के लिए सुव्यवस्थित तरह से तैयार किया गया एक ब्लूप्रिंट है, जिसे हम अमल में ला सकते हैं।

**फंडा यह है कि** शुरुआत में माता-पिता का प्यार एक अस्त-व्यस्त और अराजक दुनिया के कुछ टुकड़ों जैसा लगता है। लेकिन अगर आप उसे पढ़ने का समय दें, तो समय के साथ वह एक संगीतमयी सिम्फनी का रूप ले लेता है। उसे शांति से पढ़ें, वह आपको मंत्रमुग्ध कर देगा और आपको प्रकाश की ओर ले जाएगा।

## पेज एक का शेष...

### संकल्प लें, घर स्वदेशी सामान ही लाएंगेः मोदी....

स्थानीय उत्पादों का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय आंदोलन का आह्वान करते हुए पीएम ने कहा, यह केवल मोदी के कहने की बात नहीं है, हर भारतीय को यह कहना चाहिए। हम भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं, तो हर दल और हर नेता को, झिझक दरकिनार कर राष्ट्रहित में काम करना चाहिए और लोगों के बीच स्वदेशी की भावना को जागृत करना चाहिए। पीएम मोदी ने लोगों से जागरूक उपभोक्ता बनने का आग्रह करते हुए कहा, 'हम जो कुछ भी खरीदते हैं, हमें खुद से पूछना चाहिए- क्या इसे बनाने में किसी भारतीय ने मेहनत की है? यदि यह हमारे लोगों के पसीने और उनके कौशल से बना है, तो वह उत्पाद हमारे लिए स्वदेशी है। हमें 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अपनाना चाहिए।'

पीएम ने व्यापारियों और दुकानदारों से अपील करते हुए कहा, 'ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, हम अपनी दुकानों और बाजारों से केवल स्वदेशी सामान बेचने का संकल्प लें। त्योहारों और शादी का सीजन नजदीक आने पर प्रधानमंत्री ने लोगों को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया कि सभी नई खरीद भारत में बनी हो।

- मई में भी कहा था- विदेशी सामान न बेचें

पीएम मोदी ने 29 मई को गांधीनगर में भी विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील की थी। उन्होंने कहा था, 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए विदेशी सामान का बहिष्कार जरूरी है। गांव-गांव में व्यापारियों को शपथ दिलवानी होगी कि कितना भी मुनाफा क्यों न हो, विदेशी सामान नहीं बेचेंगे। चीन का नाम लिए बिना कहा था कि आज छोटी आंखों वाले गणेशजी भी विदेश से आ जाते हैं।

### प्रज्वल को उम्रकैद, तीन सजा बाकी....

- प्रज्वल को आईटी एक्ट की धारा 66ई के तहत भी दोषी पाया गया। यह निजता के उल्लंघन की सजा है। इसके तहत, 'सहमति के बिना किसी व्यक्ति के निजी हिस्से की तस्वीर खींचना, प्रसारित करना अपराध है।
- एसआईटी के मुताबिक, फोरेंसिक सबूत मजबूत थे, लेकिन दोषी साबित करने के लिए पीड़िता का बयान सबसे अहम था। अदालत में गवाही के दौरान वह कई बार रो पड़ी, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ी रही।

1632 पन्नों की चार्जशीट, 113 गवाह : प्रज्वल को जिस मामले में सजा हुई, वह 48 वर्षीय महिला से जुड़ा है। वह रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में घरेलू सहायिका थी। 2021 में हसन के फार्महाउस पर दो और बेंगलुरु स्थित घर पर एक बार उससे दुष्कर्म किया। प्रज्वल ने वीडियो भी बनाया था। एसआईटी ने सितंबर 2024 में 113 गवाहों के साथ 1,632 पन्नों की चार्जशीट पेश की थी। दुष्कर्म के दौरान पीड़िता ने जो साड़ी पहनी थी, वह उसने संभाल कर रख ली थी। पुलिस तीन साल बाद वह साड़ी जब्त करने में सफल रही। आरोपी का खुद का बनाया वीडियो अहम डिजिटल साक्ष्य बना।

### बिहारः चुनाव से तीन महीने पहले...

दरअसल, 'आबादी के मुताबिक हक' की मांग यहां बड़ी आबादी को अपील करती है।

- एनडीए लालू को परिवारवाद के मुद्दे पर घेरती रही है। राजद ने भी 'दामाद आयोग' का आरोप उछालकर पलटवार किया।

दरअसल, राज्य सरकार की राजनीतिक नियुक्तियों में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, स्व. रामविलास पासवान और मंत्री अशोक चौधरी के दामादों को आयोगों में पद मिले हैं। इन सबके बीच जुबानी जंग में दोनों खेमों के नेता शब्दों की मर्यादा खो चुके हैं।

- त्योहारों के बीच चढ़ेगा चुनावी रंग, लौटेंगे प्रवासी बिहारी

बिहार में चुनाव दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे पर्वों के दौरान होने हैं। इसका मतलब है कि अन्य राज्यों में काम कर रहे प्रवासी बिहारी इस दौरान अपने घर लौटेंगे और मतदान में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। संभावना है कि चुनाव के दौरान कुछ इलाके बाढ़ प्रभावित भी हों, जो सत्ता पक्ष को राहत बांटने के जरिए चुनावी लाभ दे सकते हैं।

5233 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश

# दो सड़क परियोजनाओं का गडकरी ने शिलान्यास किया




भास्कर न्यूज | मंगलगिरी

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के मंगलागिरी में 5,233 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से 272 किलोमीटर लंबी 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

राष्ट्रीय राजमार्ग-71 के मदनपल्ले से पिलेरू तक के खंड को 1,994 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 56 किलोमीटर लंबे आधुनिक 4-लेन कॉरिडोर में परिवर्तित किया गया है। इस महत्वपूर्ण उन्नयन में 9 फ्लाईओवर, एक रेल ओवरब्रिज, 19 प्रमुख पुल, 5 वाहन अंडरपास और 10 स्थानीय अंडरपास शामिल हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-340 सी के कुरनूल से मंडलेम खंड को 31 किमी लंबे पक्के शोल्डर वाली 4-लेन सड़क में अपग्रेड किया गया है। इसमें 1 फ्लाईओवर, 4 पुल, 3 स्थानीय अंडरपास और 1 छोटा अंडरपास शामिल है। इस पर 858 करोड़ रुपए की लागत आई है। साथ ही आंध्र प्रदेश में कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से 27 अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू, भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी, सांसद, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## दिल्ली में गैर-पारंपरिक हवाई यंत्रों पर प्रतिबंध

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस आयुक्त एस.बी. के. सिंह ने शनिवार को स्वतंत्रता दिवस को लेकर की जा रही सुरक्षा तैयारियों के मद्देनज़र 2 अगस्त से 16 अगस्त तक पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में "सब-कनवेंशनल एरियल प्लेटफॉर्म्स" (गैर-पारंपरिक हवाई यंत्रों) के उड़ान पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर, हैंग-ग्लाइडर, यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल्स), यूएएस (अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स), माइक्रोलाइट विमान, हॉट एयर बलून, छोटे आकार के पावर्ड एयरक्राफ्ट, क्वाडकॉप्टर और रिमोट से संचालित विमान आदि की उड़ान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधित कर दी गई है। आदेश में कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के आसपास की संवेदनशील अवधि में ये हवाई यंत्र जन सुरक्षा, वीआईपी और महत्वपूर्ण संस्थानों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। यह सिंह का दिल्ली पुलिस आयुक्त के रूप में पहला आदेश है।

## 4.30 लाख से अधिक की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद** | घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर 4.30 लाख से अधिक की ठगी में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन्हें अदालत में पेश कर 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-18 निवासी महिला ने शिकायत में कहा कि 26 नवंबर 2024 को व्हाट्सएप पर घर बैठे पैसे कमाने के बारे में मैसेज आया। फिर ठगों ने उनके पास एक लिंक भेजकर उन्हें टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ लिया। इसके बाद उन्हें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। इस दौरान झांसा देकर टास्क के नाम पर उनसे 4.30 लाख रुपए ऐंठ लिए गए।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को यूपी के हमीरपुर जिले से गिरफ्तार कर भेजा जेल

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को यूपी के हमीरपुर जिले से गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। महिला थाना एनआईटी में पीड़ित लड़की ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी शैलेन्द्र उसे शादी का झांसा देकर गांव से यहां फरीदाबाद ले आया। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ दिन बाद आरोपी लड़की को यहीं छोड़कर अपने गांव चला गया। इसके बाद पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना एनआईटी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार महिला थाना की टीम ने कार्रवाई करते हुए यूपी के हमीरपुर जिले के बड़ी भेड़ी गांव निवासी शैलेन्द्र को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लड़की को शादी का झांसा देकर अपने साथ फरीदाबाद लाया था। यहां उसे किराए के मकान पर रखा और शादी करने का लोभ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

**बाबा बर्फानी** • पिछले साल 42 दिन में 5.10 लाख पहुंचे थे

# अमरनाथ यात्रा 7 दिन पहले ही बंद, 31 दिन में 4.14 लाख श्रद्धालु पहुंचे

मुदस्सिर कुल्लू | श्रीनगर

कश्मीर की वादियों में समुद्र तल से 3800 मी. ऊपर बसे बाबा बर्फानी के दर्शन अब अगले साल ही होंगे। खराब मौसम और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अमरनाथ यात्रा फिलहाल बंद कर दी गई है। 3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन एक हफ्ते पहले ही इसे रोक दिया गया। डिविजनल कमिश्नर कश्मीर वीके भिदुड़ी ने बताया कि इस बार 4.14 लाख यात्रियों ने अमरनाथ गुफा के दर्शन किए। बालटाल और पहलगाम मार्ग से यात्रा सुचारू थी, लेकिन कई जगह भूस्खलन हुआ और रास्ते खराब हो गए। बता दें कि पिछले साल यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त तक यानी 52 दिन चलनी थी, लेकिन 10 दिन पहले ही बंद कर दी गई थी, क्योंकि पहलगाम रूट पर कई जगह यात्रा मार्ग बह गया था। उस दौरान रिकॉर्ड 5.10 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे।

### भंडारे वाले भी निराश, 38 दिन की तैयारी से पहुंचे थे...



पवित्र गुफा

श्री अमरनाथजी यात्रा भंडारा संगठन के सदस्य के सदस्यों ने कश्मीर प्रशासन के फैसले पर निराशा जताई है। संगठन के अध्यक्ष राजन कपूर ने बताया कि पिछले साल भी यात्रा तय समय से पहले बंद कर दी थी। इस बार भी यही हुआ। इस बार 122 लंगर लगे थे, सभी के पास 11 अगस्त तक तीर्थयात्रियों के लिए भंडारे का राशन था, लेकिन हमें 3 अगस्त तक सबकुछ समेटने के लिए कहा जा रहा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश से परिवार के साथ श्रीनगर पहुंचे रोहन शर्मा ने बताया कि उन्हें 4 अगस्त को यात्रा करनी थी, लेकिन प्रशासन ने बताया कि यात्रा बंद कर दी है।


# भास्कर CLASSIFIED

**प्रॉपर्टी**
PROPERTY

**जमीन**
5.5 Acre land Available for sale main Panchkula to Saha highway. Contact: 9779560004.

**मल्टी प्रॉपर्टी**







दैनिक भास्कर क्लासीफाइड में विज्ञापन बुकिंग का सबसे सरल माध्यम
BhaskarAd.com
बनाए विज्ञापन बुकिंग आसान
• घर बैठे ऐड बुकिंग
• आसान ऑनलाइन पेमेंट
9772019222
अब आप क्लासीफाइड, वैवाहिकी, शोक संदेश और जाहिर सूचना के विज्ञापन भी सीधे बुक कर सकते हैं

**आवश्यकता**
APPOINTMENT

**डॉक्टर**
Shri Krishan Hospital Dausa (Rajasthan) require Physician (up to 500000) Ophthalmologist, Gynaecologist, Dentist, Physiotherapist, MBBS, MBA, Contact: 9414708697/ 9460563903

**घरेलुकर्मी**
जयपुर में, उच्चशिक्षित, अविवाहित सीनियर सिटीजन को समस्त घरेलू/ ऑफिशल कार्य/पर्सनल केयर हेतु, स्ट्रिक्टली, अधिकतम 24 वर्षीय, स्मार्ट, अविवाहित, सेवाभावी, वफादार, ऑलराउंडर युवक चाहिये) अनुभव/शिक्षा जरूरी नहीं। नौकर नहीं, पारिवारिक सदस्य, परफेक्ट दोस्त जैसे डेडीकेटेड। (अनाथ / बेसहारा / पारिवारिक सामाजिक बंधनमुक्त को उत्तराधिकारिता मिलेगी), विवरण- फोटोग्राफ्स व्हाट्सएप्प करें 9587170122

**होटल स्टॉफ**
आवश्यकता है हेल्पर, वेटर, हाउस कीपिंग, माली की हिमाचल, चंडीगढ़ में, कम्पनी Guest House, EPF, ESI, bonus मिलेगा। 99151-59999.

**अन्य**
Job Vacancies available for Gas Line Project job role. Plumber/ ITI (PNG & CNG) Diploma /B- tech Engineers (PNG /CNG / Steel) Helpers. Job Location: Karnal & Kaithal (Haryana) Company Name: Rudra Gas Enterprises Ltd. Client- IGL Mobile-7888500163

रोड से माल भेजने के लिए ट्रक/ ट्रेलर ब्रोकर का Staff चाहिए. तनख्वा- 25 हज़ार + PF+ESI. Whatsapp 7045250282

ATM, Banks, MNC, Airport: भूतपूर्व सैनिक चाहिए मेजर,कैप्टन, सूबेदार 55000, ITBP, CRPF, BSF, गनमैन PSO 38000, हवलदार , सिपाही कांस्टेबल नायक 40000, 8699575503

**एजुकेशन**
EDUCATION

**एडमीशन ओपन**
MBBS B.TECH MD MS BAMS BPHARMA IN BEST COLLEGES SPECIAL GUIDANCE FOR JEE & NEET. SUNKRANT EDUCATION:- 82185-18638

**सर्विसेस**
SERVICES

**अन्य**




**ज्योतिष**
ASTROLOGY

**ज्योतिष**

सूफीजी खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे समाधान लव मैरिज, मनचाहा प्यार, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 90683-87770

फीस नहीं ईनाम लूंगा। पंडित रविशंकर (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी, गृहक्लेश, पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, प्रेमविवाह। घर बैठे सभी समाधान #7055429792

**बिजनेस**
BUSINESS

**होम बेस्ड बिजनेस**
घर बैठे पेन बनाये और रोजाना 400 से 600 कमाईये. कच्चा माल हम देंगे पक्का माल हम लेंगे. रेखराज वेंचर्स कोल्हापूर 8933464886, 9270574886

**एनाउंसमेंट**
ANNOUNCEMENTS

**नाम परिवर्तन**
I Thakur Ashish Shambhu (SSC certificate) S/o Shambhu Thakur residing at Jhanjharpur, Block Lakhnaur, Berma, Madhubani, Bihar-847410 has changed my name to Ashish Thakur and shall be known by this name in future.

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.



मेरा 100 प्रतिशत खेल अभी लोगों ने देखा ही नहीं है। मेरा मतलब उस खेल से है, जिसे मैं अंदर से महसूस करता हूं।

**इंस्पायरिंग** **शुभमन गिल,** भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान (इंग्लैंड में अपने टॉप फॉर्म के कारण चर्चा में हैं।)

# हालात पक्ष में ना रहें, तो भी बहुत जरूरी होता है आत्मविश्वास को बनाए रखना

मैं जब टीम से बाहर रहकर रिहैब टाइम काट रहा था तो काफी निराश था। मैं अंदर ही अंदर जल रहा था। बैठा-बैठा यही सोचता रहता था कि आखिर मैं कब बड़ी पारी खेलूंगा। जानता था कि मुझे सिर्फ एक अच्छी शुरुआत चाहिए। एक बार शुरुआत मिल जाए, तो मैं जानता हूं कि मैं 'ऑन' हो जाता हूं। उस समय मेरा सबसे बड़ा सपना था कि पहला इंटरनेशनल शतक लगा दूं। लेकिन शायद मैं उस लक्ष्य को लेकर जरूरत से ज्यादा कोशिश करने में लगा था। शतक की सोच मुझ पर इतना हावी हो गई थी कि वो बोझ बन गई। मैं खुद से कहता था- 'तुम पहले काफी पारियां खेल चुके हो, ऑस्ट्रेलिया में एक मौका गंवाया है, अब दोबारा नहीं गंवाना है।' तभी मुझे अहसास हुआ कि मैं खुद पर बहुत अधिक दबाव डाल रहा हूं।

फिर चोट लग गई, तो उसके बाद प्रेशर और भी ज्यादा बढ़ गया। इसके बाद आईपीएल आया। मुझे एक नई टीम मिली, टूर्नामेंट में टीम जीती और मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद मुझे वनडे टीम में और मौके मिले। मैंने 6 अच्छे वनडे खेले और तभी मुझे एहसास हुआ कि अब मुझे मेरी लय मिल गई है। जब मैंने जिम्बाब्वे में पहला शतक लगाया, तभी मुझे अंदर से लगा कि अब मैं रुकने वाला नहीं हूं।

ऐसा खेलने की क्षमता तो हमेशा से मेरे अंदर थी। मैं मानता हूं कि मेरा 100 प्रतिशत खेल और व्यक्तित्व अभी लोगों ने देखा ही नहीं है। 100 प्रतिशत से मेरा मतलब सिर्फ रन बनाने से नहीं है, बल्कि उस खेल से है जिसे मैं अंदर से महसूस करता हूं। मैं जब बड़ी पारी खेलता हूं, उसके बाद जो अगली पारी होती है, वो ज्यादा मायने रखती है। क्योंकि मैं जानता हूं कि एक बार फॉर्म मिल जाए, तो फिर मैं अपने असली खेल में लौट आता हूं। यह बहुत निजी अनुभव है। अगर मेरी तीन-चार पारियां खराब हो जाती हैं, तो मैं तुरंत नेट्स पर जाकर अपनी तकनीक नहीं बदलता। क्योंकि अगर आप ऐसा करते हैं, तो इसका मतलब है आप अपने खेल पर भरोसा नहीं करते। आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी है, भले चीजें आपके पक्ष में नहीं जा रही हों। अगर आपने तीन मैचों में रन नहीं बनाए, तो खुद से कहें कि अगले तीन में बड़ा स्कोर आएगा। अगर आप हर मैच में उसी मानसिकता से उतरते हैं, जैसी पहले में थी, तो सफल होंगे। अगर आप हर बार नजरिया बदलते रहते हैं क्योंकि पिछला मैच खराब था, तो बुरे मैच अच्छे मैचों से अधिक होंगे। आपको उसी सोच पर अडिग रहना होगा, जो सीरीज के पहले मैच में बनाई थी। ये मुश्किल होता है, लेकिन करना ही होगा। **(तमाम इंटरव्यूज में...)**

### मानसिक दृढ़ता बनाए रखेंगे, तो पछतावे कम होंगे

बहुत से लोग मानसिक दृढ़ता को नहीं समझ पाते हैं। यह बहुत आसान होता है कि आप खुद को यह कहकर गिरा लें कि मैं पिछले तीन मैचों में अच्छा नहीं खेला या मैं ऐसे आउट हुआ... वगैरह-वगैरह। लेकिन असली सवाल तो ये है कि क्या आप खराब प्रदर्शन के बाद भी स्थिर रह सकते हैं? क्या आप उसी सोच, उसी जोश के साथ अगली पारी में उतर सकते हैं? अगर हां, तो आपके पास हमेशा ज्यादा अच्छे दिन होंगे और आप खुद से ज्यादा संतुष्ट भी रहेंगे। आपके मन में पछतावा बहुत कम होगा।

**टिप्स** 'लोन वुल्फ' न बनें

# नेटवर्क बनाने के यह चार तरीके अपनाएं

**हार्वर्ड बिज़नेस रिव्यू**

Harvard Business Review

**यदि** आप खुद को 'लोन वुल्फ' यानी अकेला काम करने वाला मानते हैं और नेटवर्किंग से हमेशा बचने की कोशिश करते हैं, तो यह स्वाभाविक है कि दूसरों से जुड़ना आपको थोड़ा मुश्किल या गैर जरूरी लग सकता है। लेकिन पेशेवर दुनिया में नेटवर्किंग का महत्व बहुत बढ़ गया है। अच्छी खबर ये है कि इसे अपनी शर्तों पर भी किया जा सकता है। यहां दिए गए हैं चार ऐसे असरदार तरीके जो 'लोन-वुल्फ' जैसे प्रोफेशनल्स को भी नेटवर्किंग में सहज बना सकते हैं, भले उन्हें इसकी जरूरत महसूस न हो।

### 1) नेटवर्किंग को नए नजरिए से देखें, समझें

**बहुत** से लोग नेटवर्किंग का मतलब ही नहीं समझ पाते हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि नेटवर्किंग मतलब होता है अन्य लोगों से फायदा उठाना या उनसे औपचारिक बातचीत करना। लेकिन असल में ऐसा नहीं है। इसे इस तरह सोचें : नेटवर्किंग का मतलब होता है लंबे समय के लिए बेहद दिलचस्प और मूल्यवान दोस्त बनाना। जब आप इसे इस तरह देखना शुरू करते हैं, तो आपको यह जबरदस्ती का काम नहीं लगेगा। बल्कि धीरे-धीरे यह आपके लिए एक आसान व रचनात्मक प्रक्रिया बन जाती है।

### 2) ऐसे लोगों की सूची बनाएं जिन्हें मानते हैं

**अपने** क्षेत्र के उन सभी लोगों के नाम लिखें जिन्हें आप लंबे समय से पसंद करते आए हैं, जिनसे प्रेरणा लेते हैं और जिनसे जुड़ना चाहते हैं। जैसे कोई लेखक या वरिष्ठ सहयोगी, या कोई विचारशील लीडर। जब आप स्पष्ट रूप से यह जान लेते हैं कि आप किससे और क्यों जुड़ना चाहते हैं, तो फिर उनसे संपर्क करने के तरीके भी स्वाभाविक रूप से सामने आने लगते हैं। इस तरह नेटवर्किंग आपको उत्साहजनक लगने लगती है। एक बार आपको नेटवर्किंग में मजा आने लगता है तो आगे चीजें आसान होती जाती हैं।

### 3) नेटवर्किंग की कमी आपको रोक देती है

**कई** बार लोन-वुल्फ प्रोफेशनल्स को यह अंदाजा ही नहीं होता है कि कैसे एक बेहद सीमित नेटवर्क उनके करियर को भी लगातार सीमित कर सकता है। एक बार बेहद ईमानदारी के साथ अपना आत्म-मूल्यांकन करें। क्या आपके पास ऐसे लोग हैं, जो आपके बारे में अच्छे मौके बता सकते हैं? क्या आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति है जो आपकी सिफारिश कर सके? अगर ऐसा कोई नहीं है, तो यही संकेत है कि अब अपने नेटवर्क पर ध्यान देने का समय आ गया है। बाहर निकलें, लोगों से मुलाकात शुरू करें।

### 4) अपने लिए उपयुक्त नेटवर्किंग माध्यम चुनें

**हर** किसी के लिए नेटवर्किंग का तरीका अलग होता है। आप नेटवर्किंग डिनर आयोजित कर सकते हैं। कॉफी मीटअप रख सकते हैं जब कोई सहकर्मी शहर में हो। ब्लॉग या पॉडकास्ट के लिए साक्षात्कार कर सकते हैं, एलुमनाइ ग्रुप्स या प्रोफेशनल एसोसिएशन के जरिए संवाद शुरू कर सकते हैं, या साल में एक-दो प्रमुख कॉन्फ्रेंस चुनकर वहीं फोकस कर सकते हैं। इस तरह आप अपने लिए उपयुक्त नेटवर्किंग माध्यम चुन सकते हैं।

**सेल्फ-हेल्प : किताबों से**

# दुःख तोड़ता नहीं, मजबूत बनाता है

**मैन्स सर्च फॉर मीनिंग**

### आपके पास जीने की वजह जरूर होनी चाहिए

**जब** तक किसी के पास जीने का 'क्यों' है, वह किसी भी 'कैसे' को सह सकता है। जिसने उम्मीद नहीं छोड़ी, किसी उद्देश्य के लिए जीने की ठानी, वही सबसे लंबे समय तक टिक पाया। मनुष्य के पास अपनी परिस्थितियों को चुनने की शक्ति नहीं होती, लेकिन वह अपनी प्रतिक्रिया को चुन सकता है। दुःख जीवन का हिस्सा है, लेकिन यदि हम उस दुःख में कोई अर्थ खोज लें तो वह हमें तोड़ता नहीं, मजबूत बनाता है।

**कान्ट हर्ट मी**

### हर व्यक्ति के अंदर एक 'सेकंड वर्जन' छिपा है

**दर्द** को गले लगाएं। क्योंकि वहीं से असली ताकत निकलती है। आपका दिमाग आपको कमजोर बनाना चाहता है, लेकिन आप अपने दिमाग को प्रशिक्षित कर सकते हैं कि वह आपकी ताकत बने। परिस्थितियां चाहे जितनी कठिन हों, हार मानना विकल्प नहीं है। हममें से हर व्यक्ति के भीतर एक 'सेकंड वर्जन' छिपा होता है और वो तभी सामने आता है जब हम खुद को पुश करते हैं और डर से मुकाबला शुरू करते हैं।

**ग्रिट- द पावर ऑफ पैशन...**

### निरंतरता और धैर्य ही मंजिल तक पहुंचाते हैं

**जिन** लोगों ने अपने लक्ष्य को पाकर कामयाबी हासिल की है, वे केवल प्रतिभाशाली नहीं थे, बल्कि दृढ़ निश्चय और जुनून के साथ अपने काम में लगे रहे। शुरुआत में असफलताएं, निराशाएं और मुश्किलें आएंगी, लेकिन जो लोग हार नहीं मानते और लगातार मेहनत करते हैं, वे अंत में सफल होते हैं। प्रतिभा एक शुरुआत है, लेकिन निरंतरता और धैर्य ही आपको मंजिल तक पहुंचाते हैं। कोशिश जारी रखें।

**डीप वर्क- रूल्स फॉर फोकस्ड सक्सेस...**

### पूरी लगन और एकाग्रता के साथ काम करें

**कहते** हैं कि आज के समय में जहां हर तरफ ध्यान भटकाने वाले तत्व हैं, जैसे सोशल मीडिया, ईमेल और लगातार नोटिफिकेशन, वहां गहराई से एकाग्र होकर काम करना बेहद जरूरी हो गया है। जो लोग इस कला को सीख लेते हैं, वे बाकी लोगों से कहीं आगे निकल जाते हैं। डीप वर्क का मतलब है बिना किसी रुकावट के, पूरी लगन और एकाग्रता से काम करना। यह आपकी उत्पादकता और सीखने की क्षमता को दोगुना करता है। लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करना आपको सफल बनाता है।

**लेसन्स फ्रॉम ग्रेट थिंकर्स**

# अपने अतीत के कैदी नहीं, भविष्य के शिल्पकार बनें

**रॉबिन शर्मा**



• जन्म : 16 जून 1964

**कनाडाई लेखक हैं, जो 'द मॉन्क हू सोल्ड हिज फेरारी' बुक सीरीज के लिए सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं।**

- सभी महान विचारकों का प्रारंभ में उपहास किया जाता है, लेकिन अंततः उन्हें सराहा जाता है।
- हर चीज दो बार बनती है, पहले मन में और फिर वास्तविकता में।
- हम सभी यहां किसी विशेष उद्देश्य के लिए हैं। अपने अतीत के कैदी बनना बंद करें। अपने भविष्य के शिल्पकार बनें।
- **मन एक अद्भुत सेवक है, लेकिन एक भयानक स्वामी है।**
- जब तक आप खुद को अच्छा महसूस नहीं कराते, तब तक दूसरों को अच्छा महसूस नहीं करा सकते।
- अपने ऊपर किया गया निवेश सबसे अच्छा निवेश होता है। यह आपके जीवन को बेहतर बनाता है, आपके आसपास के लोगों के जीवन को भी।
- परिवर्तन की शुरुआत सबसे कठिन होती है, बीच में उलझन भरी हो जाती है और अंत में सबसे बेहतरीन।
- सादगी की शक्ति को कभी कम मत आंकिए।

# बाल भास्कर



**बच्चो! हेनरी फोर्ड ने कहा था कि सबसे अच्छा दोस्त वही है, जो आपमें से सर्वश्रेष्ठ बाहर निकाले।**



## Chachu Ke Chutkule

राजा को एटीएम में बल्ली मिलता है।
**बल्ली-** राजा भाई, तुम्हारा यहां कैसे आना हुआ?
**राजा-** कुछ नहीं एटीएम मशीन से पराठे निकलवाने आया था।

## STORYMAN

*गोलू, टीना और मोनू की कहानी*

### तीन दोस्त व जादुई जूते



एक दिन गोलू, मोनू और टीना जंगल में पिकनिक पर गए। गोलू खाने का शौकीन था तो मोनू हर बात में दिमाग लगाने वाला और टीना दिल की साफ लेकिन डरपोक किस्म की। जंगल में घूमते-घूमते तीनों को एक पेड़ के नीचे तीन जोड़ी चमकते हुए जूते मिले। हर जोड़ी पर एक पर्ची चिपकी थी। एक जोड़ी पर लिखा था, जो इसे पहनेगा, तेजी से दौड़ेगा। दूसरी जोड़ी पर लिखा था, जो इसे पहनेगा दीवारों पर चढ़ सकेगा। तीसरी पर लिखा था, जो इसे पहनेगा, अदृश्य हो जाएगा। तीनों बहुत खुश हो गए। तीनों ने जूते पहन लिए। अब गोलू जंगल में सबके खाने से पहले पहुंच जाता, मोनू दीवारों पर चढ़कर घोंसलों में झांकता और टीना छिपकर सबको डराती। लेकिन एक दिन टीना अदृश्य होकर भालू को छेड़ आई। भालू टीना को नहीं देख सका। टीना ने फिर से शरारत की और भालू के कान में भू-भू किया। भालू अब गुस्से से लाल हो गया। टीना हंसते हुए भागी, लेकिन भालू ने उसकी गंध पकड़ ली और तीनों दोस्तों के पीछे दौड़ पड़ा। गोलू ने जादुई रफ्तार से दौड़ लगाई, मोनू पेड़ों पर चढ़कर रास्ता तलाशने लगा और टीना अदृश्य होकर छिपने की कोशिश करने लगी। लेकिन भालू की नाक तेज थी। वह तीनों के पीछे-पीछे तालाब की ओर बढ़ता गया। डर के मारे तीनों ने अपने जादुई जूते उतार फेंके और तालाब में छलांग लगा दी। भालू पानी से डरता था, इसलिए वह किनारे पर रुक गया और गुस्से में गुर्राता रहा। गोलू बोला कि ये जूते हमें यह सिखाने आए थे कि भले जादू आपके पास हो किसी को बेवजह परेशान मत करो।

***मोरल ऑफ द स्टोरी : सीख यही है कि चाहे आपके पास कितनी भी ताकत हो, किसी को परेशान नहीं करें।***

## Play Station — खेल-खेल में बढ़ाइए नॉलेज




पहेली का हल देखने के लिए QR स्कैन करें।

## Knowledge Shorts — जानिए टर्टल्स व टॉरटोइज में अंतर

**बच्चो!** कछुओं के बारे में तो आपने सुना ही होगा। आज जानते हैं टॉरटोइज व टर्टल्स से जुड़ी कुछ रोचक बातें...

- **धरती** पर मुख्य तौर पर दो तरह के कछुए पाए जाते हैं टॉरटोइज और टर्टल्स।
- **टर्टल्स** जमीन और पानी दोनों जगह रह सकते हैं, टॉरटोइज जमीन पर रहते हैं।




- **टॉरटोइज** फल, फूल-पत्तियां खाते हैं, टर्टल्स जेलीफिश, कीड़े-मकोड़े आदि खा सकते हैं।
- **टॉरटोइज** 100-150 साल तक जीते हैं, टर्टल्स 50-80 साल तक जी सकते हैं।
- **गैलपगोस** प्रजाति का टॉरटोइज 400 किग्रा का हो सकता है। कछुओं की 350 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं।
- **ओडिशा** के समुद्र तट पर हर साल ओलिव रिडले प्रजाति के लाखों कछुए फरवरी-मार्च में अंडे देने आते हैं।

# इस टास्क से पता लगाएं कौन-कौनसी वस्तुएं सोखती हैं पानी




**बच्चो,** इस हफ्ते भास्कर सर का आपके लिए टास्क है कि आप देखें कि कौनसी चीजें पानी सोख लेती हैं और क्यों? पता लगाएं।

**ये वस्तुएं जुटा लें-**
पानी, फोम या स्पंज, टिशू पेपर, कपड़ा, प्लास्टिक चम्मच, रबर का टुकड़ा, स्टील चम्मच, एक ट्रे, कागज और पेन।

**बस ऐसा करते जाएं**

1. ट्रे में थोड़ा पानी डालें और हर वस्तु को एक-एक करके उसमें 10 सेकंड के लिए डाल दें।
2. फिर निकालकर देखें, कौन सी वस्तु गीली हुई, किसने पानी सोखा? कागज पर लिख लें।

आप पाएंगे कि प्लास्टिक, रबर, स्टील आदि चीजों ने पानी नहीं सोखा, वहीं स्पंज, कपड़ा व टिश्यू पेपर पानी अच्छे से सोख लेता है।

**इसके पीछे का विज्ञान**

वस्तुओं के पानी सोखने की प्रक्रिया अवशोषण या एब्जॉर्ब्शन कहलाती है। कपड़ा, स्पंज में छोटे-छोटे छेद होते हैं यानी कुछ गैप रहती है। इसी में पानी भर जाता है। वहीं स्टील, प्लास्टिक के अणु पास में होते हैं, इसलिए पानी को अंदर जाने की जगह नहीं मिलती और ये पानी नहीं सोख पाते हैं।

## Bhaskar Sir Practical Gyan

# दोस्तो! ये है अच्छी फ्रेंडशिप का फॉर्मूला

**दोस्तो,** आज फ्रेंडशिप डे है। भास्कर सर आज प्रैक्टिकल ज्ञान में आपको बता रहे हैं पक्की दोस्ती का खास फॉर्मूला।

**पक्की और अच्छी दोस्ती = (ईमानदारी + भरोसा + माफी + हंसी) × साथ**

1. **ईमानदारी** — अपने दोस्त के साथ सदा ईमानदार रहें। कभी भी उससे झूठ न बोलें।
2. **भरोसा** — अपने दोस्त की बातों को राज ही रखें। इससे दोस्ती में विश्वास बढ़ता है।
3. **माफी** — दोस्त से कोई गलती हो जाए तो उसे माफ कर देना चाहिए। गुस्सा नहीं करें।
4. **हंसी** — दोस्त के साथ में हंसी-खुशी खेलें, मस्ती करें पर किसी की भावनाएं आहत न करें।
5. **साथ** — दोस्ती की परीक्षा बुरे समय में होती है। बुरे समय में अपने दोस्त के साथ खड़े रहें।

## बच्चो! मैं बताता हूं क्या है

# नेशनल फिल्म अवॉर्ड






**न्यूज की दादागिरी**

शाहरुख खान व रानी मुखर्जी को करियर का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिलने की खबरों को सुनकर नैमिष के मन में कई सवाल उठते हैं। अब दादाजी उनके जवाब दे रहे हैं...

**नैमिष- दादाजी, ये नेशनल फिल्म अवॉर्ड क्या होता है?**

दादाजी- बच्चे, ये अवॉर्ड देश के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म अवॉर्ड में से एक है।

**नैमिष- क्या इसमें किसी एक ही फिल्म को अवॉर्ड दिया जाता है, दादाजी?**

दादाजी- नहीं बेटा, इसमें कई कैटेगरी होती हैं। जैसे सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म, सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, पंजाबी, तमिल, ओडिशी जैसी भाषाओं की सर्वश्रेष्ठ फिल्म आदि। साथ ही इसमें सर्वश्रेष्ठ एक्टर, सर्वश्रेष्ठ एक्ट्रेस, सर्वश्रेष्ठ को-एक्टर, डायरेक्टर, सिनेमैटोग्रॉफर आदि के लिए भी अवॉर्ड होते हैं। खास बात ये है कि इसमें सर्वश्रेष्ठ चाइल्ड कलाकारों व फिल्मों को भी अवॉर्ड मिलता है।

**नैमिष- दादाजी, इसमें अवॉर्ड के साथ क्या-क्या दिया जाता है?**

दादाजी- इस दौरान गोल्डन लोटस व सिल्वर लोटस अवॉर्ड मिलते हैं। इस साल गोल्डन लोटस वाले अवॉर्डी को 3 लाख रुपए और सिल्वर लोटस वाले अवॉर्डी को 2 लाख रुपए भी दिए गए।

**नैमिष- ये अवॉर्ड कैसे चुने जाते हैं, दादाजी?**

दादाजी- इसके लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म फेडरेशन द्वारा प्रमाणित फिल्मों के नॉमिनेशन हर साल मंगाए जाते हैं। इसके बाद जूरी इनका अध्ययन कर अवॉर्ड की घोषणा करती हैं।

**नैमिष- जूरी में कौन-कौन रहता है?**

दादाजी- हर साल एक जूरी बनती है। इसमें अनुभवी फिल्म निर्माता, समीक्षक, इतिहासकार, संगीतज्ञ आदि शामिल होते हैं। डायरेक्टोरेट ऑफ फिल्म फेस्टिवल्स के पास अवॉर्ड के आयोजन की जिम्मेदारी रहती है।

**दादाजी के व्यूज**

**बच्चो!** इन अवॉर्ड्स की शुरुआत साल 1954 में हुई थी। बंगाली फिल्म 'श्यामची आई' को पहला अवॉर्ड मिला था। इस बार मराठी में आई नाल-2 मूवी को बच्चों की कैटेगरी में नेशनल अवॉर्ड मिला है। इस साल फीचर फिल्म कैटेगरी में 332, नॉन-फीचर में 115, किताबों में 27 और क्रिटिक कैटेगरी में 17 एंट्रीज आई थीं। शबाना आजमी सर्वाधिक बार (5) नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली अभिनेत्री हैं। वहीं अमिताभ बच्चन ने इसे 4 बार जीता है। इस बार फीचर कैटेगरी में 25, नॉन फीचर में 15, भाषा आधारित 15 और एक क्रिटिक अवॉर्ड दिया गया है।

**पांचवां टेस्ट** • भारत ने दिया 374 रन का लक्ष्य, तीसरे दिन स्टंप्स तक इंग्लैंड का स्कोर 50/1

# हमारी सबसे ज्यादा शतकों वाली सीरीज

## ओवल में शतकवीर यशस्वी (118); दौरे पर भारतीयों के रिकॉर्ड 12 शतक

भास्कर न्यूज़ | लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल में चल रहे पांचवें टेस्ट में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 374 रन का लक्ष्य दिया है। तीसरे दिन टीम इंडिया की दूसरी पारी 396 रन पर समाप्त हुई। युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल (118) ने शतक लगाया। नाइटवॉचमैन तेज गेंदबाज आकाश दीप (66), ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (53) और वॉशिंगटन सुंदर (53) ने अर्धशतक जमाए। जवाब में इंग्लैंड ने स्टंप्स तक 50/1 का स्कोर बना लिया था। जैक क्रॉली (14) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड किया। बेन डकेट (34*) क्रीज पर थे। इंग्लैंड को अभी 324 रन और बनाने हैं जबकि दो दिन का खेल शेष है। 1-2 से पिछड़ रही भारतीय टीम को सीरीज ड्रॉ कराने के लिए इंग्लैंड को लक्ष्य पाने से रोकना होगा। वहीं, इंग्लैंड अगर यह लक्ष्य हासिल करता है तो उसका दूसरा सबसे बड़ा चेज होगा। इंग्लैंड ने इससे पहले भारत के खिलाफ 2022 में 378 रन चेज किए थे। भारत ने तीसरे दिन 75/2 के स्कोर से शुरुआत की। यशस्वी ने करियर का छठा शतक जमाया। दो जीवनदानों के दम पर उन्होंने दौरे का शानदार समापन सुनिश्चित किया। यह इस सीरीज में भारत की ओर से लगाया गया कुल 12वां शतक रहा, जो टीम इंडिया के लिए किसी सीरीज में सर्वाधिक है। इससे पहले, 1978-79 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 11 शतक लगाए थे।

- **भारत की ओर से मौजूदा सीरीज में सर्वाधिक 4 शतक शुभमन गिल के नाम रहे। वहीं, राहुल, पंत व यशस्वी ने दो-दो शतक लगाए। सुंदर व जडेजा ने 1-1 बार शतकीय पारी खेली।**

**भारत के एक सीरीज में सर्वाधिक शतक**

| बनाम | शतक | साल | मेजबान |
|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 12 | 2025 | इंग्लैंड |
| विंडीज | 11 | 1978-79 | भारत |
| न्यूजीलैंड | 9 | 1955-56 | भारत |
| श्रीलंका | 9 | 2009-10 | भारत |
| इंग्लैंड | 9 | 2016-17 | भारत |




**82** रन विकेट के पीछे बनाए यशस्वी ने शतक तक पहुंचने में। यह किसी सेंचुरी में सबसे ज्यादा।

### 14 साल बाद भारतीय नाइटवॉचमैन की फिफ्टी

भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप (66) दूसरे दिन चौथे नंबर पर नाइटवॉचमैन के रूप में उतरे थे और तीसरे दिन उन्होंने अर्धशतक जमा दिया। वे 21वीं सदी में अर्धशतक लगाने वाले केवल दूसरे भारतीय नाइटवॉचमैन हैं। इससे पहले, अमित मिश्रा ने यह कारनामा दो बार किया था। उन्होंने 2010 में बांग्लादेश के खिलाफ नंबर 3 पर खेलते हुए 50 रन बनाए थे और 2011 में ओवल में नंबर 5 पर 84 रन की पारी खेली थी।

### चूके: सनी की बराबरी नहीं कर सके गिल

कप्तान शुभमन गिल 11 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें लंच के बाद पहली गेंद पर अटकिंसन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। गिल ने सीरीज 754 रनों के साथ समाप्त की, जो किसी भारतीय बल्लेबाज के एक सीरीज में दूसरे सर्वाधिक रन हैं। हालांकि, वे सुनील गावस्कर (774 रन, बनाम वेस्टइंडीज 1971) का रिकॉर्ड तोड़ने से 21 रन दूर रह गए।

### निराशा: करुण का दौरे पर सिर्फ एक अर्धशतक

करुण नायर दूसरी पारी में 17 रन बनाकर आउट हुए। एक ओवर पहले स्लिप में उनका कैच छूटा और अगले ओवर में ही वे विकेटकीपर जेमी स्मिथ को कैच थमा बैठे। इस दौरे पर 8 साल बाद टीम में चुने गए करुण ने चार मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक (ओवल में पहली पारी में) लगाया। अन्य किसी पारी में वे 40 रन के पार नहीं पहुंचे।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड ने टॉस जीता** (गेंदबाजी)

**भारत पहली पारी** 224/10.
**इंग्लैंड पहली पारी** 247/10.
**भारत दूसरी पारी** (75/2 से आगे)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| **यशस्वी** कै ओवर्टन बो टंग | 118 | 164 | 14/2 |
| **आकाश** कै अटकिंसन बो ओवर्टन | 66 | 94 | 12/0 |
| **शुभमन** LBW बो अटकिंसन | 11 | 9 | 2/0 |
| **करुण** कै स्मिथ बो अटकिंसन | 17 | 32 | 3/0 |
| **जडेजा** कै ब्रूक बो टंग | 53 | 77 | 5/0 |
| **जुरेल** LBW बो ओवर्टन | 35 | 46 | 4/0 |
| **वॉशिंगटन** कै क्रॉली बो टंग | 53 | 46 | 4/4 |
| **सिराज** LBW बो टंग | 0 | 3 | 0/0 |
| **प्रसिद्ध** नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 26, **कुल:** 396/10. **विकेट:** 3-177, 4-189, 5-229, 6-273, 7-323, 8-357, 9-357, 10-396. **गेंदबाजी:** अटकिंसन 27-3-127-3, जोश टंग 30-4-125-5, ओवर्टन 22-2-98-2, बेथल 4-0-13-0, रूट 5-1-15-0.

| **इंग्लैंड दूसरी पारी** | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| **क्रॉली** बो सिराज | 14 | 36 | 2/0 |
| **डकेट** नाबाद | 34 | 48 | 4/0 |

**अतिरिक्त:** 2, **कुल:** 50/1. **विकेट:** 1-50. **गेंदबाजी:** आकाश दीप 5-1-15-0, प्रसिद्ध 5-1-23-0, सिराज 3.5-0-11-1.

## सीरीज से कई खिलाड़ी स्टार बने; सिराज अब सपोर्टिंग गेंदबाज नहीं, बल्कि अटैक के अगुआ



भास्कर एक्सपर्ट
अयाज मेमन

ओवल टेस्ट का नतीजा चाहे जो भी रहे, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत का प्रदर्शन इस पूरी पांच टेस्ट की सीरीज में बेहद दमदार और प्रभावशाली रहा। कई खिलाड़ियों ने खुद को एक नए स्तर पर स्थापित किया और स्टार बन गए। इस सीरीज का सबसे बड़ा सरप्राइज और गेम चेंजर रहे सिराज। सिराज ने अपने प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि वे अब सिर्फ एक सपोर्टिंग गेंदबाज नहीं, बल्कि अटैक के अगुआ हैं। ओवल टेस्ट में उनके चार विकेटों ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर (रूट, ब्रूक, पोप, बेथल) को ध्वस्त कर दिया। न सिर्फ गति और स्विंग, बल्कि चतुराई से उन्होंने बल्लेबाजों को मात दी। उनकी मेहनत, जुझारूपन और कप्तान के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय रही है। उन्होंने भारत के लिए सीरीज में सबसे ज्यादा 155 ओवर फेंके और 18 विकेट लिए। जब टीम को उनकी जरूरत पड़ी, वे हर बार सामने आए। सिराज ने साबित कर दिया कि आंकड़ों से ज्यादा मायने रखते हैं जज्बा, कमिटमेंट और मैच बदलने की क्षमता। अब वे सिर्फ एक गेंदबाज नहीं, भारत के लिए एक जिम्मेदार योद्धा बन चुके हैं।



सभी लोन्स टाटा कैपिटल लिमिटेड (TCL) के पूर्ण विवेक पर निर्भर हैं. नियम और शर्तें लागू.

**स्पोर्ट्स चैलेंज** क्विज की 42वीं कड़ी के विजेताओं के नाम पढ़ें सोमवार के अंक में...

### भारत डोप टेस्ट में फेल होने वालों में अव्वल

## भारतीय खिलाड़ियों के रिकॉर्ड 3.8% सैंपल पॉजिटिव पाए गए

यश कुमार सिंघल | नई दिल्ली. भारत में डोपिंग का आंकड़ा चिंताजनक है। साल 2023 में जिन प्रमुख देशों ने 1000 से अधिक सैंपल टेस्ट किए, उनमें भारत में सबसे अधिक (3.8%) सैंपल पॉजिटिव पाए गए। 10 वर्षों में यह दर 5.6% (2019) तक पहुंच चुकी है। आईओसी ने चेतावनी दी है कि डोपिंग के बढ़ते मामले भारत की 2036 ओलिंपिक मेजबानी की उम्मीदों पर पानी फेर सकते हैं।

Business Standard
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**भारत में डोपिंग दर प्रमुख देशों में सबसे ज्यादा**




**एथलेटिक्स सबसे ज्यादा डोपिंग प्रभावित खेल**

2023 में सबसे ज्यादा डोपिंग के मामले एथलेटिक्स में दर्ज किए गए, जहां 61 खिलाड़ियों के सैंपल पॉजिटिव पाए गए। इसके बाद वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग जैसे ताकत-आधारित खेलों में डोपिंग के मामले सामने आए, जिनमें क्रमशः 38 और 28 मामलों की पुष्टि हुई।



**ताकत वाले खेलों में ज्यादा मामले आ रहे**

| | |
|---|---|
| एथलेटिक्स | 61 |
| वेटलिफ्टिंग | 38 |
| पावरलिफ्टिंग | 28 |
| रेसलिंग | 10 |
| बॉक्सिंग | 9 |
| जूडो | 6 |
| पैरा एथलेटिक्स | 5 |
| साइक्लिंग | 5 |

**कोविड के बाद ओलिंपिक खेलों में बढ़ रही डोपिंग**

कोविड के बाद ओलिंपिक स्पोर्ट्स में डोपिंग बढ़ रही है। इसके विपरीत गैर-ओलिंपिक खेलों में डोपिंग के मामले घटकर 1.88% रह गए हैं।



| साल | ओलिंपिक | नॉन-ओलिंपिक | ओवरऑल |
|---|---|---|---|
| 2019 | 0.67 | 2.32 | 0.97 |
| 2020 | 0.48 | 1.78 | 0.67 |
| 2021 | 0.49 | 1.59 | 0.65 |
| 2022 | 0.56 | 2.01 | 0.77 |
| 2023 | 0.57 | 1.88 | 0.8 |

### माइंड गेम # 166

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | | | 7 | | 1 | | 4 |
| | | 2 | | | 4 | | | 6 |
| | | | 8 | | | | | |
| 2 | 6 | | 7 | | 8 | | 1 | |
| | | | | | 2 | | | |
| | 5 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | | 5 | 3 | 7 | |
| 6 | | | | | | 8 | | |
| | 8 | | 1 | 4 | 7 | 2 | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

**माइंड गेम 165 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 9 |

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
- हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

### वर्ड-लूप # 166




मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 165 का जवाब: WATERSKI

### क्रॉसवर्ड # 956



**बायें से दायें:**

1. गुलूबंद, स्कार्फ (4)। 5. जूट, पाट (4)। 8. ऋषिकपूर, जयाप्रदा, शक्ति कपूर की 1979 की फिल्म (4)। 9. गिरावट, कमी (2)। 10. शव वस्त्र (3)। 11. अपने देश का बना हुआ (4)। 13. तुर्की की मुद्रा (2)। 14. महर्षि वशिष्ट के पौत्र (4)। 16. जो जायज नहीं (4)। 18. भोजन, आहार (3)। 21. गला, कंठ, गाल (2)। 22. ताप, गरमाहट (4)। 23. मना, मर्यादा (3)। 25. भांग की जाति का पौदा (2)। 26. चकवा पक्षी (2)। 27. महाराष्ट्र का भक्ति आंदोलन, वारकरी सम्प्रदाय (4)। 28. उजला, सफेद (3)। 30. घूमता-फिरता (3)। 31. तैराकी तालाब (5)।

**ऊपर से नीचे:**

1. लक्का कबूतर (4)। 2. फड़फड़ाना (5)। 3. लगने का भाव (3)। 4. विलायती दारू (2)। 5. विदेश (4)। 6. काल, दौर (3)। 7. शिव का वाहन (2)। 11. सुषमा '...' एक राजनेता थी (4)। 12. शीर खोरमा, सेवई का हलवा (4)। 14. पाजेब, नूपुर (3)। 15. निर्निमेष, अपलक (4)। 17. चेतना, समझ, संज्ञान (5)। 19. अपरिचित व्यक्ति, राह चलने वाला (2,3)। 20. जबलपुर का जलप्रपात (4)। 22. गदाधर, हाथियों का स्वामी (4)। 24. कवच, शरीरत्राण (3)। 29. जंगल (2)।

**क्रॉसवर्ड 955 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आं | 2 धी | ■ | 3 च | 4 मा | च | 5 म | ■ | 6 रा |
| 7 दो | र | 8 जी | खा | न्ड़ | ■ | 9 क | 10 स | म |
| 11 ल | ज | वा | ना | ■ | 12 ही | रा | म | न |
| न | ■ | णु | ■ | 13 ति | न | का | ■ | रे |
| ■ | 14 दे | वि | का | ■ | ■ | 15 र | 16 वि | श |
| 17 अ | व | ज्ञा | ■ | 18 पा | 19 पा | ■ | नि | ■ |
| ■ | 20 आ | न | 21 न | ■ | 22 व | 23 नी | य | 24 क |
| 25 ऊ | न | ■ | 26 रे | 27 व | ती | र | म | न |
| 28 ब | न्द | र | गा | ह | ■ | 29 स | न | क |

चार अलग-अलग शहरों के इवेंट्स में हिस्सा लेंगे मेसी

## 12 दिसंबर को भारत आएंगे मेसी; कोई भी क्रिकेट मैच नहीं खेलेंगे

एजेंसी | नई दिल्ली

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी 14 साल बाद एक बार फिर से भारत दौरे पर आएंगे। मेसी साल के अंत में 12 दिसंबर को भारत पहुंचेंगे। वह चार दिन तक भारत में रुकेंगे। वे चार अलग-अलग शहरों में होने वाले कई इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। लेकिन आयोजकों ने यह साफ कर दिया है कि अपने पूरे दौरे पर वे एक भी क्रिकेट मैच नहीं खेलेंगे, जैसा कि पिछले दिनों सामने आई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, लेकिन मेसी की आधिकारिक पुष्टि का अभी इंतजार है। जल्द ही उनकी टीम इस दौरे की आधिकारिक घोषणा करेगी।



### पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

- 13 दिसंबर को मेसी कोलकाता के वीआईपी रोड स्थित लेक टाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद ईडन में गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम, बाईचुंग भूटिया आदि के साथ प्रदर्शनी मैच खेलेंगे। इसी दिन मेसी अदानी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम के लिए अहमदाबाद जाएंगे।
- 14 को मेसी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद उनके भारतीय फुटबॉल टीम से भी मिलने की योजना है।
- 15 दिसंबर को मेसी दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। फिर अरुण जेटली स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। दौरे पर मेसी हर सेंटर में बच्चों के साथ मास्टरक्लास करेंगे।

## आगामी एशिया कप से बाहर हो सकते हैं बुमराह

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप से बाहर हो सकते हैं।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, वर्कलोड मैनेज करने के लिए उन्हें आराम दिए जाने की उम्मीद है। यह फैसला बुमराह को वेस्ट इंडीज के खिलाफ 2 अक्टूबर से होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में उपलब्ध रखने के लिए लिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि यह मुश्किल फैसला होगा, लेकिन बुमराह को टेस्ट पसंद है और वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के अंक दांव पर हैं। जहां तक टी20 की बात है, तो बुमराह वर्ल्ड कप से पहले तैयारियों के लिए जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेल सकते हैं। एशिया कप का फाइनल विंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट से सिर्फ चार दिन पहले 28 सितंबर को है। इस बीच, शनिवार को एशिया कप के मैचों के वेन्यू घोषित हुए। दुबई में 11 और अबु धाबी में 8 मैच खेले जाएंगे। भारत-पाक मुकाबला सहित फाइनल दुबई में होगा।

### टॉटेनहम के सोन एक दशक बाद क्लब छोड़ेंगे

भास्कर न्यूज़ | लंदन

दक्षिण कोरियाई फुटबॉल स्टार सोन ह्युंग-मिन ने शनिवार को घोषणा की कि वे इस गर्मी में टॉटेनहम हॉट्सपर क्लब छोड़ रहे हैं। 33 वर्षीय सोन ने कहा कि यह उनके फुटबॉल करियर का सबसे कठिन फैसला रहा। सोन 2015 में जर्मन क्लब बायर लेवेरकुसेन से टॉटेनहम आए थे। उन्होंने 10 वर्षों में क्लब के लिए 454 मैचों में 173 गोल किए। उन्होंने 2021-22 में प्रीमियर लीग गोल्डन बूट भी जीता। वे अमेरिका की मेजर लीग सॉकर के क्लब लॉस एंजिलिस एफसी से जुड़ सकते हैं।



### स्विमिंग: वर्ल्ड चैम्पियनशिप में कैटी लेडेकी का रिकॉर्ड 7वां गोल्ड

भास्कर न्यूज़ | सिंगापुर

अमेरिका की कैटी लेडेकी ने वर्ल्ड स्विमिंग चैम्पियनशिप के 800 मीटर फ्रीस्टाइल इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 8:05.62 मिनट के चैम्पियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ इस इवेंट में अपना सातवां वर्ल्ड टाइटल जीता। यह किसी भी एक इवेंट में अब तक सबसे अधिक खिताब का रिकॉर्ड है। लेडेकी ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में अपना अजेय अभियान बरकरार रखते हुए 11वीं जीत दर्ज की। वह 2012 लंदन ओलिंपिक में 15 साल की उम्र से इस इवेंट में कोई फाइनल नहीं हारी हैं। यह लेडेकी का 23वां वर्ल्ड खिताब और कुल 30वां वर्ल्ड मेडल है। ऑस्ट्रेलिया की 23 वर्षीय लानी पैलिस्टर को सिल्वर और कनाडा की 17 वर्षीय समर मैकिन्टॉश को ब्रॉन्ज मिला।



### बैडमिंटन: लक्ष्य-तरुण हारे, अभियान खत्म


लक्ष्य सेन

भास्कर न्यूज़ | मकाऊ

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन और तरुण मण्णेपल्ली मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गए। इसी के साथ इस सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। लक्ष्य को इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21-16, 21-9 से हरा दिया। वहीं, तरुण ने मलेशिया के जस्टिन होह के खिलाफ कड़ा मुकाबला किया, लेकिन तीन गेम के संघर्ष में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए।

**टेनिस** • दूसरी बार कनाडा ओपन के प्री क्वार्टर में

## स्वातेक की इस साल 44वीं जीत

### स्वितोलिना और अनिसिमोवा भी अंतिम-16 में पहुंच गईं

भास्कर न्यूज़ | मॉन्ट्रियल

पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वातेक ने कनाडा ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दूसरी सीड स्वातेक ने जर्मनी की इवा लिस को लगातार सेट में 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। वे दूसरी बार टूर्नामेंट के अंतिम-16 में पहुंची हैं। स्वातेक ने इस साल 44वां मुकाबला जीता। इस बीच, पांचवीं सीड अमांडा अनिसिमोवा और 10वीं सीड एलिना स्वितोलिना ने भी राउंड ऑफ-16 में प्रवेश कर लिया है। अमेरिका की अनिसिमोवा ने ब्रिटेन की एमा राडुकानू को 6-2, 6-1 और यूक्रेन की स्वितोलिना ने एना केलिंसकाया को 6-1, 6-1 से शिकस्त दी।



**भास्कर खास** इंग्लैंड की कैंब्रिज सिटी टीम में खिलाड़ी और मैनेजर दोनों की भूमिका निभा रहे हैं जेमी

## जेमी क्यूरेटन: 50 साल की उम्र में भी फुटबॉल खेल रहे, लगातार 32वें सीजन में उतरेंगे; साथी खिलाड़ियों के पिता से भी उम्रदराज

भास्कर न्यूज़ | लंदन

इंग्लैंड के जेमी क्यूरेटन एक ऐसा नाम है, जो फुटबॉल की दुनिया में 50 साल की उम्र में भी चमक रहा है। आगामी 28 अगस्त को अपना 50वां जन्मदिन मनाने वाले जेमी ने 2025-26 सीजन के लिए कैंब्रिज सिटी क्लब के साथ खुद को खिलाड़ी के रूप में रजिस्टर किया है। वे कहते हैं, 'मैं अपने जन्मदिन के बाद कम से कम एक मैच खेलना चाहता हूं।' अगर उन्हें इस सीजन में खेलने का मौका मिलता है, तो यह उनका लगातार 32वां सीजन होगा, जिसमें वे नौ अलग-अलग स्तर के टूर्नामेंट में कोई न कोई ऑफिशियल मैच खेलेंगे।

जेमी का फुटबॉल सफर 1994 में शुरू हुआ, जब उन्होंने 19 साल की उम्र में नॉर्विच सिटी के लिए प्रीमियर लीग में डेब्यू किया था। तब से उन्होंने 22 क्लबों के लिए खेला, जिनमें नॉर्विच, रीडिंग, क्यूपीआर और साउथ कोरिया के बुसान आई'कॉन्स शामिल हैं। उन्होंने तीन प्रमोशन और तीन रेलीगेशन देखे हैं। 31 साल के करियर में उन्होंने 1,075 से ज्यादा मैच खेले और 400 गोल के करीब पहुंच चुके हैं। वे दुनिया में सर्वाधिक ऑफिशियल मैचों की सूची में 25वें स्थान पर हैं। जेमी कहते हैं, 'मुझे ठीक-ठीक याद नहीं कि कितने गोल किए, लेकिन मैं 400 तक पहुंचना चाहता हूं।'



जेमी का कहना है, 'फुटबॉल मेरी जिंदगी है। मुझे यही आता है। मैं जहां पला-बढ़ा, वहां का माहौल ठीक नहीं था। फुटबॉल के बिना मैं भटक गया होता। फुटबॉल ने मुझे खुश और संतुलित रखा है।' जेमी ने अपना आखिरी ऑफिशियल मैच 26 अप्रैल को खेला था, जब वे 68वें मिनट में बतौर सब्स्टीट्यूट मैदान पर उतरे थे। उस मुकाबले में कैंब्रिज सिटी के जूनियर मुबिआई ने विजयी गोल किया था, जिनकी उम्र जेमी से 24 साल कम है।

जेमी कैंब्रिज सिटी के सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि मैनेजर भी हैं। इससे पहले वे बिशप्स स्टोर्टफोर्ड और एनफील्ड में भी मैनेजर रह चुके हैं। 2017-19 तक उन्होंने आर्सनल की अकादमी में कोचिंग की, जहां उन्होंने इंग्लैंड के स्टार बुकायो साका को ट्रेनिंग दी। जेमी की उम्र उनकी टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों के पिता से भी अधिक है। पिछले सीजन में साथी खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण वे मैदान पर उतरे और 49 साल की उम्र में गोल भी किया। वे कहते हैं, 'मैं खुद को तब तक मैदान पर नहीं उतारूंगा, जब तक टीम को जरूरत न हो। मैं चाहता हूं कि मेरे खिलाड़ी न सिर्फ फुटबॉल में, बल्कि जिंदगी में भी बेहतर करें।'

कैंब्रिज सिटी टीम 3,000 दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में खेलती है। जेमी की नजर इस सीजन में टॉप-5 में जगह बनाने और प्ले-ऑफ तक पहुंचने पर है। वे कहते हैं, 'कभी नहीं सोचा था कि इतनी उम्र तक खेलूंगा। फुटबॉल ने मुझे बहुत कुछ दिया है।' भविष्य में जेमी कोचिंग या मैनेजमेंट में 10-15 साल और देना चाहते हैं।

### सीएसके की एकेडमी में ट्रेनिंग कर रहे नटराजन

भास्कर न्यूज़ | चेन्नई

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज टी. नटराजन आगामी आईपीएल सीजन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में ट्रेड हो सकते हैं। दरअसल, नटराजन इन दिनों सीएसके की एकेडमी में ट्रेनिंग कर रहे हैं। सीएसके की जर्सी पहने नटराजन की फोटो वायरल हो रही है। इसके चलते उनके चेन्नई फ्रेंचाइजी में ट्रेड होने की खबरें हैं। हालांकि, अब तक ट्रांसफर को लेकर दोनों टीमों की ओर से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। दिल्ली ने पिछले साल नटराजन को 10.75 करोड़ में खरीदा था, लेकिन उन्हें सिर्फ 2 मैच खेलने का मौका मिला था।





## चीन: स्नो माउंटेन पर पहली बार लाइट शो, 40 हजार लोग उमड़े

**बीजिंग** | चीन के गुइझो प्रांत में जिनहाई स्नो माउंटेन स्केनिक एरिया में पहली बार लाइट शो आयोजित किया गया। यहां शुरू हुए 'नाइट टूर' कार्यक्रम के पहले दिन 40,000 पर्यटक जुटे, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। पहाड़ों पर बनाए गए बहुरंगी लाइट, चमकती आकृतियां और पारंपरिक चीनी संस्कृति की झलक दिखाते दृश्य पर्यटकों के लिए एक अनोखा अनुभव लेकर आए हैं। जिनहाई स्नो माउंटेन पहले से ही अपने प्राकृतिक सौंदर्य, जंगलों और पर्वतीय रास्तों के लिए प्रसिद्ध है। हर साल 10 लाख से अधिक पर्यटक इस क्षेत्र का दौरा करते हैं।

दोहरी चाल: मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नाम पर फैसले, पर टिकते नहीं ट्रम्प

# ट्रम्प=यू टर्न...194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे; टैरिफ पर ऐलान कर 28 बार पीछे हटे

**भास्कर न्यूज़** | न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सत्ता में आए 200 दिन भी नही हुए हैं लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल अस्थिर, उथल-पुथल और यू-टर्न से भरा नजर आ रहा है। सत्ता संभाले महज 194 दिन हुए हैं और ट्रम्प प्रशासन ने अब तक 178 एग्जीक्यूटिव ऑर्डर साइन कर दिए हैं, यानी हर एक दिन लगभग एक नया आदेश। इनमें से 34 ऐसे हैं जो खुद ट्रम्प ने पलटे हैं। उदाहरण के तौर पर, रिसर्च फंडिंग पर रोक के आदेश को महज 3 दिन में ही पलटा गया। गैस और ऊर्जा क्षेत्र में दी गई राहतों को वापस लेने के फैसले पर भी दो सप्ताह बाद यू-टर्न ले लिया गया। माइग्रेशन पॉलिसी से लेकर, टैरिफ व एलजीबीटीक्यू+ अधिकारों तक, ट्रम्प ने अपने आदेशों से यू-टर्न लिया है।

इन फैसलों की तेजी और विरोधाभास का नतीजा यह है कि अदालतों में ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ केस की बाढ़ है। अमेरिका की संघीय अदालतों पर अचानक फैसला-पलटने और कानूनी विरोध का दबाव बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नाम पर जो फैसले लिए, उन पर खुद ही यू-टर्न लेकर उन्होंने प्रशासन को उलझन और जनता को भ्रम की स्थिति में डाल दिया है।

### डिपोर्टेशन, यूक्रेन और गाजा युद्ध जैसे मुद्दों पर भी बार-बार अपने दावों से पलटे



- दूसरी पारी में सबसे ज्यादा अस्थिरता टैरिफ नीतियों में दिखी है। अब तक ट्रम्प टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर यू-टर्न ले चुके हैं।
- कनाडा और चीन जैसे व्यापारिक साझेदारों पर भी टैरिफ की घोषणा के बाद, बाजार अस्थिरता और कूटनीतिक दबाव ने ट्रम्प को कई बार पीछे हटने को मजबूर किया।
- टैरिफ डेडलाइन पर 3 बार पलटे। पहली बार डेडलाइन 9 जुलाई फिर उसे 1 अगस्त की। शुक्रवार को उसे एक हफ्ते के लिए टाल दिया। फार्मास्युटिकल्स व कॉपर पर दी गई छूट भी ट्रम्प कई बार पलट चुके हैं।
- **यूक्रेन को सैन्य सहायता:** 9 जुलाई को ट्रम्प ने यूक्रेन को दी जा रही सैन्य सहायता रोकी। लेकिन फिर 10 पैट्रियट मिसाइलें और अन्य सैन्य सहायता यूक्रेन भेजने का आदेश दिया।
- **गाजा युद्ध:** 24 घंटे में खत्म करने का वादा किया पर राष्ट्रपति बनने के 6 माह बाद भी रोक नहीं पाए। चार फरवरी को गाजा के नागरिकों के पुनर्वास की बात कही। 21 फरवरी को कहा, मैंने ऐसा नहीं कहा। 12 मार्च को फिर पलटे।
- **डिपोर्टेशन:** 22 जनवरी को अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन का आदेश दिया। कोर्ट के डर से आदेश रद्द किया, फिर नए आदेश दिए।

### याचिका: ट्रम्प के खिलाफ 329 मामले दर्ज, सबसे ज्यादा 78 फंडिंग कटौती के

ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ अब तक 329 याचिकाएं दर्ज हुई हैं। इनमें फंडिंग कटौती पर सबसे ज्यादा 78 दर्ज हुई हैं। प्रवासी व डिपोर्टेशन पर 67, डोजी (27), बर्खास्तगी (47), पर्यावरण (17), ट्रांस अधिकार (17), टैरिफ (12) और अन्य (47) शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले 100 दिनों में 220 याचिकाएं दायर हुई थीं। सबसे प्रमुख मामलों में किल्मर अब्रेगो गार्सिया की डिपोर्टेशन पर मैरीलैंड की अदालत ने प्रशासन को अवमानना का दोषी ठहराया। कोर्ट से टकराव के चलते संवैधानिक संकट की भी समस्या देखने को मिली।

### सख्ती: ट्रम्प प्रशासन के 200 से ज्यादा आदेशों पर अब तक स्टे लगा चुका कोर्ट

ट्रम्प द्वारा बिना सोचे-समझे लिए फैसलों पर कोर्ट भी सख्त है। कोर्ट अब तक ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ दायर याचिकाओं में 200 से ज्यादा मामलों पर स्टे लगा चुका है। इनमें से अधिकांश केस में संघीय अदालतों ने हस्तक्षेप कर नीतियों को असंवैधानिक या जल्दबाजी में लिया गया पाया। उदाहरण के तौर पर बर्थराइट सिटिजनशिप को समाप्त करने की कोशिश पर कई फेडरल जजों ने तत्काल रोक लगा दी। इसे 14वें संशोधन के उल्लंघन के रूप में रोका। एक जज ने इक्विटी से जुड़े कॉन्ट्रैक्ट्स के रद्द करने पर रोक लगाई। ट्रम्प द्वारा नियुक्त जजों ने भी कई मामलों में रोक लगाई।

एसआईआर • 'वोट चोरी' पर घमासान जारी

# सबूत है तो बम फोड़ें: राजनाथ
# चुनाव प्रणाली खत्म हुई: राहुल





**भास्कर न्यूज़** | पटना/नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के एटम बम वाले बयान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल के पास मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सबूतों का एटम बम है, तो उसे फोड़ें। सभी सबूत सामने रखें। पर सच्चाई यह है कि उनके पास कोई तथ्य या सबूत नहीं है। सनसनी फैलाने की उनकी पुरानी आदत है।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने पटना में एक कार्यक्रम में कहा, नोटबंदी मामले में राहुल गांधी ने कहा था कि जिस दिन संसद में बोलूंगा भूकंप आ जाएगा। पर वे बोले तो खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहानी सामने आई। मैं तो कहूंगा कि वे एटम बम फोड़ने में देर मत करें। पर खुद को संतुलित और सुरक्षित रखें।

दूसरी ओर, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को भी निर्वाचन आयोग पर बड़ा हमला बोला। राहुल ने कहा, भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है। प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत से सत्ता में हैं।' राहुल गांधी दिल्ली में 'संवैधानिक चुनौतियां: दृष्टिकोण और रास्ते' विषय पर एक कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'अगर 10-15 सीटों पर भी धांधली हुई हो, और हमें शक है कि यह संख्या 70-80 या 100 तक हो सकती है, तो वे प्रधानमंत्री नहीं होते।'

### तेजस्वी बोले- मेरा नाम वोटर लिस्ट में नहीं; तो प्रशासन-आयोग ने तुरंत पेश किया सबूत



**पटना** | राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपना एपिक नंबर बता विशेष गहन की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं होने का आरोप लगाया। तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने अपना एपिक सर्च किया तो 'नो रिकॉर्ड्स' दिखा। तेजस्वी के इस दावे को जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग ने खारिज कर दिया। दोनों ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें उनका फोटो और विवरण साफ दिख रहा है।

## न्यूज़ विंडो

### पुणे में आपत्तिजनक पोस्ट पर हिंसा, 500 पर केस दर्ज, 18 लोग गिरफ्तार

**पुणे** | महाराष्ट्र के पुणे में सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट के बाद शुक्रवार को तनाव फैल गया। लोगों ने दो कार, बाइक, एक धार्मिक स्थल और बेकरी में आगजनी और तोड़फोड़ की। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज व आंसू गैस का इस्तेमाल किया। 500 से ज्यादा लोगों पर चार एफआईआर दर्ज हुईं। 18 को गिरफ्तार किया गया है।

### गुजरात में भूमि नहीं ले सकते बाहरी, महाराष्ट्र में ऐसा क्यों नहीं: राज ठाकरे

**मुंबई** | मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति और बीमारियों दोनों ही अब समझ से बाहर हो गई हैं। ठाकरे ने सवाल उठाया कि अगर गुजरात में गैर-निवासी कृषि भूमि नहीं खरीद सकते, तो महाराष्ट्र में ऐसा क्यों नहीं हो सकता? उन्होंने कहा कि सीएम फडणवीस को महाराष्ट्र आने वाले लोगों को मराठी सिखाने की कोई चिंता नहीं है।

### अर्जेंटीना: गैस संयंत्र के पास जंगल की आग फैली, इलाका खाली कराया



**ब्यूनस आयर्स** | अर्जेंटीना के साल्टा में गैस संयंत्र के पास के जंगल में आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसे के बाद प्रशासन ने एक हजार लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग से 500 हेक्टेयर क्षेत्र के जंगल खाक हो गए हैं। इस साल अर्जेंटीना में 1.5 लाख हेक्टेयर जंगल जंगल खाक हो चुके हैं।

हादसा टला • मजदूरों ने भागकर बचाई जान

## उत्तराखंड: निर्माणाधीन हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट साइट पर भूस्खलन, 12 घायल

**भास्कर न्यूज़** | चमोली



उत्तराखंड के चमोली में टीएचडीसी की विष्णुगढ़ जलविद्युत परियोजना पर शनिवार को भूस्खलन हो गया। हादसे में 12 मजदूर घायल हो गए। प्रशासन ने बताया कि हादसे के वक्त लगभग 300 मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से करीब 70 मजदूर उस स्थान पर मौजूद थे जहां भूस्खलन हुआ। सभी ने भागकर जान बचाई, लेकिन आठ को मामूली और चार को गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल परियोजना स्थल पर कार्य स्थगित कर दिया गया है।

## चेन्नई: सीबीएसई रीजनल डायरेक्टर मृत पाए गए

**एजेंसी** | चेन्नई

सीबीएसई के रीजनल डायरेक्टर महेश डी धर्माधिकारी शुक्रवार को चेन्नई के अन्ना नगर स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए। प्रशासन के अनुसार 57 वर्षीय धर्माधिकारी अकेले रह रहे थे। प्रशासन ने बताया कि शुरुआती जांच में डॉक्टरों ने उनकी मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया है। धर्माधिकारी के परिवार को, जो पुणे में रहता है, सूचित कर दिया गया है। प्रशासन ने कहा कि उनका पार्थिव शरीर परिजनों के चेन्नई पहुंचने के बाद सौंपा जाएगा। घटना की पुष्टि शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने की। फिलहाल किसी आपराधिक एंगल की आशंका नहीं जताई गई है।

## मानव तस्करी केस में केरल की नन रिहा, जेल के बाहर भाजपा-लेफ्ट के नेता जुटे



**भास्कर न्यूज़, दुर्ग** | छत्तीसगढ़ की दुर्ग सेंट्रल जेल में बंद केरल की दो कैथोलिक नन प्रीथी मैरी और वंदना फ्रांसिस को सह-आरोपी सुखमन मंडावी के साथ शनिवार को रिहा कर दिया गया। तीनों पर मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप हैं। रिहाई के समय जेल के बाहर भाजपा के केरल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर, सीपीआईएम सांसद डॉ. जॉन ब्रिटास और अन्य नेता मौजूद थे। विशेष एनआईए कोर्ट ने 50-50 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत दी, शर्तों में पासपोर्ट सरेंडर, देश न छोड़ना और दो जमानती शामिल हैं।

## ₹220 करोड़ फंडिंग में केरल के ट्रस्ट पर केस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के कुन्हा अहमद मुसलियार मेमोरियल ट्रस्ट और उसके चेयरमैन इब्राहिम अहमद अली के खिलाफ एफसीआरए उल्लंघन का केस दर्ज किया है। आरोप है कि ट्रस्ट को यूएई की यूनिवर्सल लुब्रिकेंट्स एलएलसी से 220 करोड़ रु. विदेशी फंड के रूप में मिले। इसे ट्रस्ट ने 'अनसिक्योर्ड लोन' के रूप में दिखाया और इससे खेती की जमीन खरीदी। ईडी का कहना है कि ट्रस्ट के पास कोई लोन एग्रीमेंट या चुकौती शेड्यूल मौजूद नहीं है। ट्रस्ट एफसीआरए के तहत पंजीकृत भी नहीं है। छापों में ट्रस्ट से जुड़ी लेन-देन संबंधी फाइलें और 2.49 करोड़ कैश मिले।

परिजन डीएनए की पुष्टि का इंतजार कर रहे

## एअर इंडिया हादसा: ब्रिटिश परिवारों को 40 शवों की पहचान पर संदेह

**भास्कर न्यूज़** | लंदन

अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया फ्लाइट 171 के जून 12 को क्रैश में मारे गए 52 ब्रिटिश नागरिकों के परिजन अब शवों की पहचान को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन की लीगल फर्म की स्टोन लॉ के मुताबिक, भारत से भेजे गए 12 शवों में से दो की पहचान गलत पाई गई, जिससे 15% की गलती की दर मानी जा रही है। इस हिसाब से 40 शवों की पहचान पर संदेह जताया जा रहा है, जबकि कई शवों का अंतिम संस्कार भी हो चुका है। वहीं, टाटा समूह द्वारा 500 करोड़ के मुआवजे की योजना पर भी परिजन स्पष्टता की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने जांच में पारदर्शिता की भी मांग की है। ब्रिटिश वकील जेम्स हीली-प्रैट ने भारत की जांच एजेंसी एएआईबी से अपील की है कि वे कॉकपिट रिकॉर्डिंग और फ्यूल-कटऑफ जैसे अहम सबूत परिवारों को दें।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच इस मुद्दे पर हाल में हुई चर्चा के बाद डिएनए मिलान की प्रक्रिया में तेजी आई है। कुछ शवों के डीएनए से मेल खाने की पुष्टि जल्द होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पेज-1 से जारी... शब्दों से परे है दोस्ती... जावेद अख्तर

# अच्छे दोस्त हमेशा एक-दूसरे की तारीफ नहीं करते, वफादार होते हैं

**कुछ** दोस्त थे जिनके साथ मैं सिर्फ आवारगी करता था। कुछ शायरी में रुचि वाले थे, मैं उनसे शायरी-कविता की बातें करता था। कुछ राजनीति के लोग थे- डिबेटर्स थे। उनके साथ डिबेट की बातें, राजनीति और विदेश नीति की बातें कॉलेज के जमाने में होती थीं। इन सारे दोस्तों ने मुझे बहुत मांजा है। दोस्तों ने मुझे अपने-अपने तरीके से बहुत कुछ दिया है। कुछ दोस्त थे जो अच्छी पोजिशन में थे। उनका घर था, गाड़ी थी। उन्होंने मुझे हर तरह से मदद दी है। उन्होंने मेरे कपड़े भी सिलवाए, सर्दी में गरम कपड़े दिए। खाना भी खिलाया है, फिल्म भी दिखाई। बड़ी बात ये है कि उन्होंने मेरा माइंड बनाया ताकि लाइट-हार्टेड भी हम रह सकें, गंभीर भी सोच सकें, गहराई से भी सोच सकें। साहित्य से भी राब्ता रहे और गपशप से भी रहे। इंसान उसके पास जाता है जहां उसे लगता है कि ये आदमी मुझे पसंद करता है। अगर आप एक-दूसरे की इज्जत करते हैं, एक-दूसरे से मुहब्बत है तो दोस्ती रहेगी। मेरी दोस्ती इस वजह से थी कि वो लोग कमाल के थे। आपके दिल में दोस्त की इज्जत रहनी चाहिए। बेतकल्लुफ हैं आप, मजाक करते हैं वो अलग बात है। लेकिन अगर आपको उसमें कोई खराबी लग रही है तो अकेले में कभी दोस्तों की तरह ही बताइए। उसे आप सभी के बीच में मत बोलिए। हर चीज बातचीत और शब्दों में 'कन्वे' नहीं होती।

हिंदी फिल्मों में पहले दोस्त ऐसे लगते थे जैसे आशिक-माशूक हैं। गले लग जाते थे। 'मेरी जान, मेरे दोस्त, तूने जान भी मांगी तो क्या मांगी' जैसे डायलॉग होते थे। असल दोस्त एक-दूसरे से ऐसा कभी नहीं बोलते। हमारी ही कई फिल्मों में दोस्त हैं, जैसे 'शोले' के जय-वीरू, वो कभी एक-दूसरे की तारीफ नहीं करते। बल्कि वो एक-दूसरे की टांग खींचते रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे से वफादार हैं।

आपका अपने दोस्त पर भरोसा हो कि आपका दुख, गम, तकलीफ, जिन्दगी से शिकवा आप उससे कह सकते हैं। और वो बात उसी तक रहेगी। आप अपनी गलतियां भी उसके सामने मान लेंगे कि मुझसे बहुत बुरा काम हो गया। वो सुन लेगा, आपको समझाएगा, लेकिन आपको तुच्छ नहीं समझने लगेगा। उसका रवैया होगा ठीक है, बुरा हुआ, तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। चलो अब हो गया। वो आपकी बहुत सारी बातें बिन कहे समझ जाता है। आपके दुख की वजह भी। वो आपको बहला भी लेगा। चलो बाहर घूमते हैं, बात करते हैं। वो आपके सुख-दुख का साथी है।

मेरे एक बड़े-बुजुर्ग ने कहा था कि तुम अभी स्कूल-कॉलेज में हो, अभी दोस्त बना लो। जितने भी दोस्त बना सकते हो, अभी बना लो। बाद में दोस्त नहीं मिलते। बाद में बिजनेस एक्वेंटेंस मिलेंगे। साथ काम करने वाले मिलेंगे। कारोबारी लोग मिलेंगे। या तुम उनसे मतलब से मिलोगे, या वो तुमसे मतलब से मिलेंगे। दोस्ती अभी इस उमर में जितनी कर लोगे न, वही रहेगी असली दोस्ती। वैसे ये कोई फुलप्रूफ नहीं है। लेकिन ज्यादातर मामलों में ये बात सच्ची है। जब आप स्कूल-कॉलेज में दोस्ती करते हैं, यंग एज में दोस्ती करते हैं तो उस समय कोई मतलब नहीं होता। उससे बात करने में, उसके साथ रहने में मजा आता है। वो भी आपसे इसीलिए दोस्ती करता है। इसलिए दोस्ती तो दोतरफा चीज है!

मेरा एक दोस्त था फरहान मुजीब, जिसकी वजह से मैंने अपने बेटे का नाम फरहान रखा था। वो याद आता है। वो अब दुनिया में नहीं है। मुश्ताक सिंह याद आता है जिसका कड़ा मैं पहने हुए हूं और मरते दम तक पहने रहूंगा। उसने मेरी कितनी मदद की है! मुझे दिनेश रॉय याद आता है। दिनेश रॉय के साथ कितनी बैठकें की हैं। हर बात पर बहस। ऐसा लगता था कि आज हमारी बहस से ही तय होगा कि हिंदुस्तान आगे कैसे चलेगा। फतेउल्ला एक दोस्त था- बहुत जिंदादिल, बहुत अच्छा आदमी। वो भी चला गया दुनिया से। मुश्ताक सिंह तो है, इंग्लैंड में है।

सच्ची दोस्ती की पहचान... सलीम खान

# सच्ची दोस्ती समय के साथ गहरी होती जाती है, बासी नहीं होती

**हालांकि,** जावेद अख्तर के साथ अपनी लंबे समय तक चली पार्टनरशिप को दोस्ती से अलग मानता हूं। बहुत अंडरस्टैंडिंग थी, सब कुछ था। वह एक व्यावसायिक साझेदारी थी, जिसमें गहरी समझ और सम्मान था, लेकिन व्यक्तिगत दोस्ती उतनी नहीं थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब पार्टनरशिप खत्म हुई, तो हमने कभी एक-दूसरे के बारे में सार्वजनिक रूप से नकारात्मक बात नहीं की। यह रिश्ते में आपसी गरिमा और व्यावसायिकता के लिए जरूरी होता है। मेरे अनुसार, एक अच्छे इंसान की निशानी यह है कि उसके घर में दोस्त कभी 'पुराना' नहीं होता। इसका मतलब यह है कि सच्ची दोस्ती समय के साथ और गहरी होती जाती है, कभी बासी नहीं होती। सामने वाला सच्चा दोस्त है कि नहीं, यह उस बात से पता चल जाता है कि उसके जज्बात आपको लेकर कैसे हैं, वह उसके इमोशन से पता चल जाएगा, क्योंकि इमोशन छुपा नहीं होता। सच्चा दोस्त वही है जो आपके दुख में शामिल हो, आपके साथ हमेशा खड़ा रहे, और जरूरत पड़ने पर अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तैयार हो जाए। सच्ची दोस्ती में सिर्फ साथ होना ही नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में पूरी तरह शरीक होना भी शामिल है।

जहां कुछ रिश्ते आजीवन साथ चलते हैं, वहीं कुछ पेशेवर संबंध आपसी सम्मान और समझ के साथ अपनी राह बदल लेते हैं।

दैनिक भास्कर समूह • 3 भाषाएं • 12 राज्य • 61 संस्करण

दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर • मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | राजस्थान | नई दिल्ली पंजाब | चंडीगढ़ | हरियाणा | हिमाचल प्रदेश | झारखंड | बिहार
दिव्य भास्कर • गुजरात | महाराष्ट्र
दिव्य मराठी • महाराष्ट्र



## न्यूज ब्रीफ

### डॉग सर्फिंग चैम्पियनशिप में बने तीन गिनीज रिकॉर्ड



**लंदन।** यूके डॉग सर्फिंग चैम्पियनशिप-2025 इंग्लैंड के 'ब्रैंक्सम डेन चाइना' में आयोजित हुई। इस दौरान डॉग के साथ पैडलबोर्डिंग के तीन अलग-अलग गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बने। हर साल होने वाली इस चैम्पियनशिप में इंसान और डॉग्स की जोड़ियां समुद्र में सर्फिंग करती हैं। इसमें एक ही पैडलबोर्ड पर ज्यादा से ज्यादा डॉग्स को खड़ा करने की चुनौती रहती है। पहला रिकॉर्ड 50 मीटर (164 फीट) पैडलबोर्ड रेस में बना। वहीं एक अन्य रिकॉर्ड एक ही पैडलबोर्ड पर 12 डॉग्स को साथ खड़े कर बनाया गया।

### पेरूः खुदाई के दौरान मिला 1 हजार साल पुराना मकबरा



**लीमा।** पेरू की राजधानी लीमा यूटिलिटी वर्कर्स को खुदाई के दौरान दो प्री-इंका युग के मकबरे मिले। इनमें से एक खाली था, लेकिन दूसरे में एक व्यक्ति के 1 हजार साल पुराने अवशेष मिले, जिनके साथ चार मिट्टी के बर्तन और तीन कद्दू की खोल से बने हस्तशिल्प भी पाए गए। गैस वितरण कंपनी कालिदा के लिए खुदाई कर रहे इन कर्मचारियों को पहले भी इस तरह के अवशेष मिल चुके हैं। बीते दो दशकों में भूमिगत नेटवर्क के विस्तार के दौरान 2200 से अधिक पुरातात्विक खोजें हो चुकी हैं।

### 829 किमी लंबी आकाशीय बिजली चमकने का रिकॉर्ड

**टेक्सास।** विश्व मौसम संगठन ने 829 किमी (515 मील) लंबी आकाशीय बिजली की चमक को नया विश्व रिकॉर्ड घोषित किया। यह बिजली 22 अक्टूबर 2017 को टेक्सास से कैन्सस सिटी तक चमकी थी। इसकी पुष्टि अब वैज्ञानिकों ने की है। यह क्षेत्र अक्सर गंभीर तूफानों का केंद्र रहता है। इससे पहले का 29 अप्रैल 2020 को इसी क्षेत्र में 768 किलोमीटर लंबी बिजली का रिकॉर्ड था। बिजली चमकने की घटना एनवायर्नमेंटल सैटेलाइट मॉडल की मदद से दर्ज की गई।

### हैदराबाद एयरपोर्ट पर शुरू हुआ 'थेरेपी डॉग प्रोग्राम'

**हैदराबाद** | राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आरजीआईए) पर अब यात्रियों का स्वागत प्यारे 'पपी' कर रहे हैं। एयरपोर्ट को मैनेज करने वाले जीएमआर ग्रुप ने 'थेरेपी डॉग प्रोग्राम' शुरू किया है, जिसका मकसद यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है। इस पहल के तहत यात्रियों को 'टॉय पूडल्स' नस्ल के डॉग्स से मिलने और उन्हें प्यार करने का मौका मिलता है। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, इन डॉग्स की मौजूदगी से सफर से जुड़ा तनाव कम होता है, मूड बेहतर होता है और एयरपोर्ट का माहौल ज्यादा सुकूनभरा बनता है। फिलहाल इस प्रोग्राम में चार प्रशिक्षित टॉय पूडल्स शामिल हैं।

### 9 करोड़ साल पहले टमाटर जैसे पौधे से बना था आलूः स्टडी

**लंदन** | आधुनिक आलू जिसे इंसानों ने करीब 10 हजार साल पहले अपनाया था, असल में 9 करोड़ साल पहले टमाटर जैसे एक पौधे और एक आलू जैसे पौधे के मेल से बना था। यह खुलासा ब्रिटेन और चीन के वैज्ञानिकों की एक टीम ने किया है। उन्होंने 450 जंगली और पालतू आलू प्रजातियों के जीनोम का विश्लेषण कर यह पता लगाया कि टमाटर और एट्यूबेरोसुम नाम के पौधे के बीच प्राकृतिक रूप से क्रॉस-ब्रीडिंग हुई थी। इसी से पहला ऐसा पौधा बना, जिसमें ट्यूबर यानी कंद बनने की क्षमता थी। यही कंद आगे चलकर इंसानों का मुख्य भोजन स्रोत बना। आज 100 से ज्यादा जंगली आलू प्रजातियां हैं।

---

**भास्कर एक्सक्लूसिव** आयुर्वेद व AI के संगम से पहला प्रयोग जोधपुर में

# स्मार्ट डिवाइस के सामने खड़े होते ही बीमारी-इलाज दोनों पता चलेंगे

डॉ. विनोद के दवे | जोधपुर

हॉलीवुड की साइंस फिक्शन मूवीज में देखा होगा कि व्यक्ति की पूरी बॉडी स्केन कर सेकंड्स में बीमारी पता लगा लेते हैं। इस फिक्शन को फैक्ट में बदलकर दिखाया है आईआईटी जोधपुर, आयुर्वेद विश्वविद्यालय व अन्य संस्थानों ने। आयुर्वेद के पुरातन ज्ञान व सिद्धांतों के साथ आधुनिक आर्टिफिशियल (एआई), डिजिटल हेल्थ और बायो साइंसेज को जोड़ा गया। इससे ऐसी अनूठी डिवाइस बनाई जा रही है, जिससे रोगी के मर्ज का पता लगेगा। इसके लिए महज एक स्मार्ट डिवाइस के सामने खड़ा होना होगा। यह डिवाइस बीमारी की जड़ का पता लगाएगी। इससे उपचार भी मिल सकता है।

आईआईटी जोधपुर, आयुर्वेद विश्वविद्यालय और स्वास्थ्य क्षेत्र के कई नामचीन संस्थानों के साझा नवाचारों से स्थापित विश्व के पहले आयुर्टेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयुर्वेद में एआई के समावेश से स्वास्थ्य क्षेत्र में स्मार्ट डिवाइस निर्मित किए जा रहे हैं। आयुर्टेक की स्थापना के बाद से अब तक नवाचारों से कई पेटेंट दायर किए जा रहे हैं।

### आयुर्वेद, चिकित्सा और स्वास्थ्य संस्थान रच रहे इतिहास



स्मार्ट डिवाइस का डेमोंस्ट्रेशन करते स्टूडेंट।

आईआईटी जोधपुर के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड डेटा साइंस (एआईडीई) के तहत संचालित आयुर्टेक सेंटर का नेतृत्व प्रो. मिताली मुखर्जी और प्रो. अजय अग्रवाल कर रहे हैं। इनके साथ वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की एक बहु-विषयक टीम कार्यरत है। जिसमें आयुर्टेक और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के साथ ही देशभर के शैक्षणिक, चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान मिलकर नया इतिहास रच रहे हैं।



*आयुर्टेक ने हाल ही में एनसीआईएसएम और सीसीआरएएस के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 90 से अधिक आयुर्वेद स्नातकोत्तर विद्वानों को एआई और डिजिटल टूल्स का प्रशिक्षण दिया। आयुथिंकथॉन जैसे आयोजनों में छात्रों ने एआई आधारित आयुर्वेदिक समाधानों की नवीन अवधारणाएं प्रस्तुत की गई। आयुर्टेक आयुर्वेद और तकनीक के संगम का प्रतीक है। यह आयुर्वेद को आधुनिक युग में प्रासंगिक और प्रभावी बनाकर स्वास्थ्य क्षेत्र के भविष्य को आकार दे रहा है। इस पहल से भारत की समृद्ध आयुर्वेद विरासत संरक्षित हो रही है।*

**-प्रो. अविनाश अग्रवाल,** निदेशक, आईआईटी जोधपुर

---

### शतरंज चैम्पियन दिव्या से मिले सीजेआई गवई



भास्कर न्यूज | नागपुर

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने शनिवार को शतरंज वर्ल्ड कप विजेता दिव्या देशमुख से नागपुर में उनके निवास पर मुलाकात की और इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। सीजेआई गवई अमरावती से हैं और दिव्या देशमुख के दादा डॉ. केजी देशमुख संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के कुलपति रहे थे। सीजेआई ने बताया कि उनके पिता और दिव्या के दिवंगत दादा डॉ. देशमुख बहुत अच्छे मित्र थे। हम एक ही परिवार की तरह बड़े हुए हैं। यहां आना मेरे लिए बहुत भावुक पल था। बता दें कि 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने हाल ही में भारत की ही कोनेरू हम्पी को हराकर खिताब अपने नाम किया। वह यह खिताब जीतने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं।

---

**फ्रेंडशिप-डे** • स्कूली दोस्ती 60 साल बाद भी कायम

# दोस्ती ने दी हिम्मत, कैंसर जैसी बीमारी को हराया

**दीपक श्रीवास्तव . ग्वालियर** | दोस्ती ऐसा रिश्ता है जो हर मुश्किल में साथ बना रहता है। ग्वालियर में कुछ ऐसी ही मिसालें हैं, जिन्होंने वक्त, हालात और बीमारी को मात दी। किसी ने दोस्त को हवाई यात्रा कराई, किसी ने कैंसर जैसी बीमारी में हौसला बनकर साथ दिया। अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडशिप डे पर दैनिक भास्कर ने ऐसी ही दोस्तियों की कहानियां जुटाई हैं।

**मीरा-साधना श्रीवास्तव**

### दोस्ती बनी ताकत, कैंसर को हराया



मीरा और साधना की दोस्ती 1974 में स्कूल से शुरू हुई। 1980 में यह रिश्ता और गहरा हो गया। 1988 में मीरा को कैंसर हुआ। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, इलाज मुश्किल था। साधना ने हिम्मत दी और कहा- बाकी सब मुझ पर छोड़ दो। मीरा ने साधना के साथ और विश्वास से कैंसर को हराया। बाद में जब साधना को भी कैंसर हुआ, तो मीरा ने उन्हें उसी तरह संबल दिया। आज भी दोनों हर मोड़ पर एक-दूसरे के साथ हैं।

**जगबीर दास-केके अग्रवाल**

### 60 साल की दोस्ती, हर फैसले में साथ



ग्वालियर की श्रमिक बस्ती में पले-बढ़े केके अग्रवाल और जगबीर दास की दोस्ती बचपन से है। स्कूल और कॉलेज साथ पढ़े। केके ने सोने-चांदी का व्यापार शुरू किया, जगबीर ने स्कूल खोला। एक बार केके ने जगबीर को हवाई यात्रा कराई, जब उनके पास साइकिल भी नहीं थी। आज भी दोनों हर त्योहार, कथा और पारिवारिक फैसले साथ लेते हैं। जगबीर कहते हैं- बेटी की शादी में केके ने सारी जिम्मेदारी संभाली।

---

## रोज अनियमित नींद लेने से 172 बीमारियों का खतरा

भास्कर न्यूज | बीजिंग

नींद की मात्रा नहीं, बल्कि उसका समय और नियमितता हमारी सेहत पर ज्यादा असर डालती है। चीन की पेकिंग यूनिवर्सिटी और आर्मी मेडिकल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने 88 हजार से ज्यादा लोगों की नींद से जुड़े डेटा का विश्लेषण किया। इसमें पाया गया कि नींद से 172 बीमारियों का संबंध है। सोने और जागने का तय समय न होने से 172 बीमारियों का खतरा बना रहता है।

इनमें पार्किंसन रोग का खतरा 2.8 गुना और टाइप-2 डायबिटीज का खतरा 1.6 गुना ज्यादा है। शोधकर्ताओं ने नींद से जुड़ी छह आदतों का अध्ययन किया-नींद की अवधि, नींद आने का समय, नींद का रिदम (यानी सोने-जागने का चक्र), नींद की गहराई, नींद की गुणवत्ता और रात में बार-बार जागने की आदत।

**देर रात सोने वालों में लिवर सिरोसिस का खतराः** रात 12:30 बजे बाद सोने वालों में लिवर सिरोसिस का खतरा उन लोगों से 2.6 गुना ज्यादा था, जो रात 11:30 बजे से पहले सो जाते हैं।

---

**पंजाब** • मुक्तसर के गांव कटोरेवाला पंचायत की अनूठी पहल

# नशे के खिलाफ पंचायत ने की मोर्चाबंदी ड्रग तस्करों की सूचना पर देगी 5 हजार

भास्कर न्यूज | मलोट (मुक्तसर)

पंजाब के जिला मुक्तसर के गांव कटोरेवाला पंचायत ने गांववासियों के सहयोग से नशे के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया है। पंचायत ने गांवों में तम्बाकू, जर्दा, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, हेरोइन, स्मैक, नशे की गोलियों की बिक्री पर रोक लगाने का फैसला किया है। पंचायत ने बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया और 1 अगस्त से नियम लागू कर दिए। गांव सरपंच हरप्रीत कौर और उनके पति इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गांव में 15 दुकानें हैं। पंचायत ने 27 जुलाई को दुकानदारों और पंचायत मेंबरों के साथ बैठक की। फैसला लिया गया कि कोई भी दुकानदार नशे से संबंधित सामान नहीं रखेगा। अगर कोई किसी बच्चे को नशा बेचता पकड़ा गया तो दुकानदार पर जुर्माना लगाया जाएगा। अब से कोई भी दुकानदार स्टिंग या अन्य एनर्जी ड्रिंक नहीं बेचेगा। अगर कोई व्यक्ति श्मशानघाट, स्कूल या वाटर वर्क्स आदि जगहों पर चिट्टा पीते या बेचते पकड़ा गया तो पंचायत खुद कार्रवाई करवाएगी। यदि गांव में कोई दुकानदार नियमों का उल्लंघन करता है तो उस पर 11 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। इसमें से 6 हजार रुपए गुरुद्वारा साहिब में जमा कराने होंगे। पंचायत ने यह फैसला किया कि तस्करों और नशेड़ियों की सूचना देने वाले व्यक्ति को ₹5 हजार मिलेंगे, उसकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। यह निर्णय पूरी पंचायत और गांववासियों की सहमति से लिया गया है। नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा।

---

## रोज सोडा पीने से डायबिटीज का खतरा 38 फीसदी ज्यादा

एजेंसी | कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में हुए एक बड़े अध्ययन में यह बात सामने आई है कि प्रतिदिन सिर्फ सोडा पीने से टाइप 2 डायबिटीज का खतरा 38% तक बढ़ सकता है। इस अध्ययन में 36,608 ऑस्ट्रेलियाई वयस्कों की खाने-पीने की आदतों का विश्लेषण किया गया। इसमें पाया गया कि कृत्रिम रूप से मीठे पेय पदार्थों से होने वाला जोखिम सामान्य शर्करा युक्त पेयों से भी अधिक है, जिनसे डायबिटीज का खतरा 23% अधिक पाया गया। यह शोध मोनाश यूनिवर्सिटी, आरएमआईटी यूनिवर्सिटी व कैंसर काउंसिल विक्टोरियो के वैज्ञानिकों ने किया। यह शोध 'डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म' जर्नल में प्रकाशित हुआ है। शोध की वरिष्ठ लेखिका प्रोफेसर डी. कोर्टेन ने कहा कि यह निष्कर्ष उस आम धारणा को चुनौती देते हैं कि कृत्रिम मीठे पेय चीनी वाले पेयों की तुलना में सुरक्षित होते हैं। अध्ययन में यह भी देखा गया कि मीठे पेय का सीधा असर मेटाबॉलिज्म पर हो सकता है। इस शोध में 40-69 वर्ष की आयु के प्रतिभागियों के आहार, शिक्षा, स्वास्थ्य इतिहास को ध्यान में रखकर विश्लेषण हुआ।

---

## भाजपा में शामिल होते ही रणजीत के ठिकानों पर रेड

### 7 घंटे चला सर्च ऑपरेशन, लैपटॉप और कई दस्तावेज जब्त

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब की प्रसिद्ध रियल एस्टेट कंपनी गिल्लको के मालिक और भाजपा नेता रणजीत सिंह गिल के आवास और ऑफिस पर शनिवार को विजिलेंस ने रेड की।



विजिलेंस ने उनके चंडीगढ़ के सेक्टर-2 स्थित आवास, मोहाली के फेज 7 स्थित आवास, उनके ऑफिस और सेक्टर 70 स्थित उनके पार्टनर के घर पर एक साथ छापा मारा। विजिलेंस की 6 टीमों ने 7 घंटे तक गिल के घर, कंपनी ऑफिस व उनके पार्टनरों के घरों से मिले लैपटॉप, डायरियां व अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। जांच टीम ने गिल की कंपनी व उनके परिवारिक सदस्यों के बैंक खातों से संबंधित दस्तावेजों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई गिल के महज 12 घंटे पहले ही भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के बाद की गई।

**सीएम नायब सैनी ने जताया था भरोसा**

गिल की पार्टी में एंट्री के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंजाब की जनता ने इस बार घर-घर कमल खिलाने का मन बना लिया है। जनता का भाजपा पर बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि इस बार पंजाब सकारात्मक बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है।'

गिल ने कहा कि विजिलेंस की कार्रवाई के पीछे एक राजनीतिक रंजिश है। गिल ने शुक्रवार शाम ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जॉइन की थी। वहीं बताया जाता है कि पूर्व मंत्री मजीठिया से इनके संबंध रहे हैं और उनके साथ पैसे का लेन-देन भी रहा है। हालांकि, अब तक विजिलेंस विभाग ने छापे को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

---

## नवंबर में तीन शहरों के टूर पर भारत आएंगे पॉप सिंगर एकॉन

भास्कर न्यूज | मुंबई



पॉप सिंगर एकॉन नवंबर में भारत के तीन शहरों में लाइव परफॉर्म करेंगे। 'स्मैक दैट' और 'लोन्ली' जैसे हिट गानों के लिए मशहूर एकॉन दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई में अपने फैंस के लिए परफॉर्म करेंगे। इस टूर के तहत एकॉन 9 नवंबर को दिल्ली, 14 नवंबर को बेंगलुरु और 16 नवंबर को मुंबई में परफॉर्म करेंगे।

एकॉन ने कहा, भारत ने हमेशा मुझे बहुत प्यार दिया है। यह मेरे लिए दूसरे घर जैसा है। यहां की एनर्जी, कल्चर और फैंस का लेवल ही अलग है। मैं बेहद एक्साइटेड हूं कि एक बार फिर भारत आ रहा हूं।

---

## सूरतः पति ने बेटों को मारकर की खुदकुशी, पत्नी-प्रेमी गिरफ्तार; उकसाने का भी आरोप

भास्कर न्यूज | सूरत

सूरत में एक शख्स ने अपनी पत्नी के अफेयर से परेशान होकर दो मासूम बेटों को जहर देकर मार डाला। फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी। इस मामले में पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान 41 साल के अल्पेश सोलंकी के रूप में हुई है। वह जिला पंचायत क्वार्टर्स में रहता था।

पुलिस के मुताबिक, अल्पेश ने गुरुवार को अपने 2 और 8 साल के बेटों को चूहे मारने की दवा मिलाकर सॉफ्ट ड्रिंक पिलाई और फिर खुद फांसी लगा ली। जांच के दौरान पुलिस को अल्पेश का सुसाइड नोट, मोबाइल में वीडियो मैसेज और दो डायरी मिलीं, जिनमें उसने पत्नी के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर को अपनी मौत की वजह बताया है।

---

**From the pages of TIME**

### संडे प्रोफाइल : एर्लिंग हालैंड



नार्वे के युवा फुटबॉल खिलाड़ी एर्लिंग हालैंड ने बहुत जल्द खास पहचान बनाई है। महज 25 साल के हालैंड के नाम इंग्लिश प्रीमियर लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड है। उन्होंने लगातार दो साल तक सबसे ज्यादा गोल करके गोल्डन बूट जीता है।

## 25 साल के हालैंड अब मेसी रोनाल्डो की श्रेणी में शामिल

सीन ग्रेगरी

**किसी** ने नहीं सोचा होगा कि अर्जेंटीना, ब्राजील, इंग्लैंड, स्पेन जैसी फुटबॉल की महाशक्तियों के बजाय नार्वे में किसानों के एक गांव से निकला युवा दुनियाभर में हलचल मचा देगा। बात हो रही है फुटबॉल के नए सुपरस्टार एर्लिंग हालैंड की। लोग उन्हें गोल करने वाली मशीन कहते हैं। वे गोल करने के बाद मैदान में कमल (लोटस) का पोज बनाने के लिए चर्चित हैं। हालैंड इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर सिटी के लिए खेलते हैं। उन्होंने इंग्लिश प्रीमियर लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा गोल दागने का रिकॉर्ड बनाया है। वे अपने प्रोफेशनल करियर के 370 वें मैच में 300 वां गोल स्कोर करने का करिश्मा दिखा चुके हैं। किलियन एमबापे 409 मैच, लियोनेल मेसी 418 और क्रिस्टियानो रोनाल्डो 554 मैचों में ऐसा कर सके थे।

21 जुलाई को 25 साल के हो चुके हालैंड को फुटबॉल अपने पिता से विरासत में मिली है। उनके पिता एल्फी मैनचेस्टर सिटी और प्रीमियर लीग के दो अन्य क्लबों से खेलते थे। दरअसल, हालैंड का जन्म इंग्लैंड में हुआ था। प्रोफेशनल फुटबॉल से रिटायर होने के बाद एल्फी परिवार के साथ नार्वे शिफ्ट हो गए। हालैंड की मां ग्राई मैरिट ब्राउट टीचर थीं। वे नार्वे की यूथ हेप्टाथलॉन (पांच खेल) चैम्पियन रहीं। 15 साल की आयु में हालैंड ब्रायन एफके से नार्वे प्रो लीग में खेलने लगे थे।

हालैंड 16 साल की आयु में मोल्डे एफके क्लब से जुड़ गए। वहां उन्होंने योग की शुरुआत की। हालैंड ने मोल्डे से खेलते हुए गोल करने के बाद लोटस पोज बनाना शुरू किया है। हालैंड ने अभी हाल में मैनचेस्टर सिटी से साढ़े नौ साल का करार किया है। वे ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अपने सिर के बाल बढ़ाने और उसे गुच्छे (बन) के रूप में बांधने की शुरुआत की थी। अब यह उनकी पहचान है। हालैंड स्वयं को दुनिया का सबसे अच्छा फुटबॉल खिलाड़ी नहीं मानते हैं। वे कहते हैं हां मैं उनमें से एक हूं। मेसी और रोनाल्डो लगभग बीस साल से फुटबॉल के शिखर पर हैं। हालैंड कहते हैं, उन दोनों के रिकॉर्ड कोई नहीं तोड़ सकता है। मैं भी नहीं।

(© 2018 Time Inc.) सर्वाधिकार सुरक्षित। टाइम मैगज़ीन से अनुवादित और Time Inc. की अनुमति से प्रकाशित। पूर्व अनुमति के बिना किसी भी भाषा में पूरा या आंशिक रूप में प्रकाशित करना प्रतिबंधित। टाइम मैगज़ीन और टाइम मैगज़ीन लोगो Time Inc. के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क हैं। इनका उपयोग अनुमति लेकर किया गया है।

---

## रूसः सेंट पीटर्सबर्ग की फोंटांका नदी पर पैडल बोर्डिंग का उत्सव, बड़ी संख्या में जुटते हैं पर्यटक



**मॉस्को।** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में फोंटांका नदी पर स्टैंडअप पैडल बोर्डिंग फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। हर साल अगस्त में होने वाले इस फेस्टिवल में इस बार भी प्रतिभागियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस फेस्टिवल को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक जुटते हैं। वहीं प्रतिभागी पैडल बोर्ड पर सवार होकर फोंटांका नदी के शांत पानी में आगे बढ़ते हैं और अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए विभिन्न प्रकार की वेशभूषा पहनते हैं, जिससे यह आयोजन और भी आकर्षक बन जाता है। नदी पर पैडल बोर्डर्स की कतारें एक सुंदर दृश्य प्रस्तुत करती हैं, जो अनूठा अनुभव प्रदान करती हैं।




प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001